




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 326

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 11 सितंबर, 2023


## क्या बोले पीएम मोदी...?

लूला डा सिल्वा को अध्यक्षता सौंपते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दो दिनों में, आप सभी ने अनेक बातें यहां रखी हैं, सुझाव दिए हैं, बहुत सारे प्रस्ताव रखे हैं। हमारी ये ज़िम्मेदारी है कि जो सुझाव आए हैं, उनको भी एक बार फिर देखा जाए कि उनकी प्रगति में गति कैसे लाई जा सकती है। मेरा प्रस्ताव है कि हम नवंबर के अंत में जी20 समिट का एक वर्चुअल सेशन और रखें। उस सेशन में हम इस समिट के दौरान तय विषयों की समीक्षा कर सकते हैं। इससे पहले तीसरे सेशन के दौरान घोषणा पत्र पर औपचारिक मुहर लगाई गई। शिखर सम्मेलन शुरू होने से ठीक पहले ब्राजील और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को पौधे भेंट किए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन वियतनाम दौरे के लिए रवाना हो गए।

### अफ्रीकन यूनियन को जी20 की परमानेंट मेंबरशिप

समिट के पहले सेशन में भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का परमानेंट मेंबर बनाने का प्रस्ताव रखा था। बतौर अध्यक्ष सभी देशों की सहमति से पीएम मोदी ने जैसे ही इसे पारित किया, अफ्रीकन यूनियन के हेड अजाली असोमानी जाकर पीएम मोदी के गले लग गए। भारत के प्रस्ताव का चीन और यूरोपियन यूनियन ने भी समर्थन किया। यूनियन को मेंबरशिप मिलने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा होगा।

### मैक्रों के साथ लंच करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ लंच पर बातचीत करेंगे। पीएम मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से भी बातचीत करेंगे। इसके अलावा वो कोमोरोस, तुर्किये, यूएई, साउथ कोरिया, ब्राजील, नाइजीरिया और ईयू के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

### जी20 लीडर्स ने राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि दी...

जी20 समिट के दूसरे और आखिरी दिन जी20 और मेहमान देश के नेताओं ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। राजघाट पर प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नेताओं का खादी के शॉल के साथ स्वागत किया। सभी नेताओं को राजघाट के बारे में जानकारी भी दी।

### 37 पेज का घोषणा पत्र, इसमें 83 पैराग्राफ

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। जी20 का साझा घोषणा पत्र 37 पेज का है। इसमें 83 पैराग्राफ हैं। यहां मुख्य प्रस्तावों पर एक नजर...
- सभी देश सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर काम करेंगे। भारत की पहल पर वन फ्यूचर अलायंस बनाया जाएगा।
- सभी देशों को यूएन चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।
- बायो फ्यूल अलायंस बनाया जाएगा। इसके फाउंडिंग मेंबर भारत, अमेरिका और ब्राजील होंगे।
- एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जाएगा।
- मल्टीलैट्रल डेवलपमेंट बैंकिंग को मजबूती दी जाएगी।
- ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर फोकस किया जाएगा।
- क्रिप्टोकरेंसी पर ग्लोबल पॉलिसी बनाई जाएगी।
- कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर भारत ने कॉमन फ्रेमवर्क बनवाने की बात पर जोर दिया है।
- ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।
- सभी देशों ने आतंकवाद के हर रूप की आलोचना की है।

### बहुत खूब अमिताभ कांत, भारत के लिए गर्व का पल

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी इसके लिए शेरपा कांत की तारीफ की। थरूर ने कहा, बहुत खूब अमिताभ कांत। ऐसा लगता है कि जब आपने आईएएस का ऑप्शन चुना तब आईएफएस एक बेहतरीन डिप्लोमैट को दिया। रूस-चीन के साथ नेगोसिएशन के बाद एक रात पहले ही आपने फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया। ये भारत के लिए गर्व का पल है।

## पीएम मोदी ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता सौंपीः प्रधानमंत्री ने यूएनएससी के विस्तार की मांग की, ब्राजील के राष्ट्रपति बोले, भुखमरी के खिलाफ लड़ेंगे

# दुनिया में बजा भारत का डंका

**200** घंटे की बातचीत में तय हुआ जी20 घोषणा पत्र, भारतीय शेरपा बोले- 300 बैठकों, 15 ड्राफ्ट के बाद बनी सहमति, थरूर ने की तारीफ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जी20 समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को सौंप दी। इसके साथ ही पीएम ने समिट के समापन का ऐलान किया। ब्राजील अगले साल होने वाली जी20 समिट का आयोजन करेगा। पीएम ने संस्कृत भाषा में कहा, स्वस्ति अस्तु विश्वस्य! यानी संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो। समिट के आखिरी सेशन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है इसके साथ दुनिया के संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यूएनएससी में अभी तक उतने ही सदस्य हैं जितने इसकी स्थापना के वक्त थे। स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी। अध्यक्षता मिलने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा, आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते वक्त मैं काफी भावुक हो गया था। सब जानते हैं कि मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का कितना महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्राजील की प्रेसिडेंसी की 3 प्राथमिकताएं होंगी।



**01** पीएम मोदी ने की नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा

**02** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को सौंपी अध्यक्षता

**03** भारत में हुआ जी20 शिखर सम्मेलन बेहद सफल रहा, सब कर रहे तारीफ

### समिट से जुड़े अहम अपडेट्स

- तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने मिस्र के राष्ट्रपति अल सीसी से प्राइवेट मीटिंग की। दोनों ने द्विपक्षीय और ग्लोबल मुद्दों पर चर्चा की।
- ऋषि सुनक ने चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से ब्रिटेन के लोकतंत्र में चीन की दखलंदाजी का मुद्दा उठाया।
- साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल ने कहा है कि वो यूक्रेन को 2 बिलियन डॉलर की मदद देंगे।
- रूस और अमेरिका ने भारत की जी20 अध्यक्षता की तारीफ की है।
- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि मीटिंग के दौरान हमने यूक्रेन से रूसी सैनिकों के पूरी तरह से निकलने की मांग की है। हमने रूस के परमाणु खतरे को लेकर अपनी पोजिशन रखी है।

### जी20 सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता हैः बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस साल के जी20 शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि यह समूह अपने सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है। महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बाइडन रविवार सुबह वियतनाम रवाना हो गए। बाइडन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, नाजुक स्थिति और संघर्ष से जूझ रही है, ऐसे समय में इस साल के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया।

### साझा घोषणा पत्र पर सहमति

- दूसरे सेशन की शुरुआत में पीएम मोदी ने बतौर अध्यक्ष सभी सदस्य देशों की सहमति से नई दिल्ली डिक्लेरेशन पारित किया। डिक्लेरेशन पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया है। सभी लीडर्स ने माना है कि जी20 राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का 4 बार जिक्र हुआ है।
- जयशंकर से टेररिज्म और अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल किए जाने पर भी सवाल हुए। इस पर विदेश मंत्री ने कहा- आप इस समिट का बाली समिट से कंपैरिजन न करें। बाली एक साल पहले था, अब नई दिल्ली है। यूक्रेन मुद्दे और फूड सिक्योरिटी जैसे मसलों का 7 पैराग्राफ में जिक्र किया गया है। मोदी ने जकार्ता और इसके पहले भी अपने सहयोगी नेताओं से बातचीत (यूक्रेन का नाम नहीं लिया) की थी। अफ्रीकी यूनियन के प्रेसिडेंट (सेनेगल के राष्ट्रपति) पिछले साल बाली में मोदी के पास आए थे। तब उन्होंने मोदी से कहा था कि हमें जी20 में जगह क्यों नहीं मिलती? मुझे याद है तब प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था- मैं आपको नई दिल्ली में जी20 की सदस्यता दिलाने की गारंटी देता हूं।
- जयशंकर से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के न आने पर भी सवाल किया गया। इस पर जयशंकर ने कहा, हमें लगता है कि हर देश को ये हक है कि वो किस लेवल पर शिरकत करना चाहता है। इसके मायने इससे ज्यादा नहीं होने चाहिए। चीन ने काफी सपोर्ट किया है।

## टीचर के टॉर्चर से परेशान छात्र ने दी जान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में एक 24 साल के छात्र ने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज के टीचर वाइबा और अतिरिक्त फाइल बनाने का दवाब बना रहे थे। इसकी वजह से बेटे ने यह कदम उठाया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद शिवपुरी इलाके का है।

### नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, शिवपुरी इलाक में मो. जफर इकबाल का बेटा शाहरुख (24) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घर का गेट काटकर शव को बाहर निकाला



**लखनऊ में बीटीसी कर रहा था, घर वाले बोले, वाइबा में एक्स्ट्रा फाइल बनाने का दवाब था**

गया। शाहरुख काकोरी स्थित राम प्रसाद बिस्मिल कॉलेज में बीटीसी फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों का आरोप है कि कई महीनों से कॉलेज के टीचर गौतम चंद्र प्रजापति बेटे पर वाइबा और अतिरिक्त फाइल बनाने का दबाव डाल रहा था। इसके चलते बेटा सदमे में चल रहा था। वह गुमशुम रहता था। वह अकेले में रहना पसंद करता था। शिकायत नहीं मिली है। हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कॉलेज में प्रबंध समिति से जुड़े इरफान ने बताया कि कॉलेज में शिक्षक गौतम चंद्र प्रजापति को लेकर पहले किसी भी छात्र की तरफ से कोई शिकायत नहीं दर्ज की गई है। शाहरुख की भी कोई शिकायत नहीं आई है। ऐसे में शिक्षक के प्रताड़ना की बात सही नहीं है। इस समय सभी छात्रों की टीचर ट्रेनिंग चल रही है। फिर भी इस मामले में शिक्षक से पूछताछ की जाएगी। अगर कोई जांच होगी तो पूरा सहयोग किया जाएगा। एसीपी चौक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आज परिषदीय स्कूलों में आयोजित होगी निपुण आकलन परीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार सोमवार से निपुण आंकलन परीक्षा का आयोजन करने जा रही है। 11 से 16 सितम्बर 2023 तक चलने वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आंकलन किया जाएगा। पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देंगे। निपुण एसेसमेंट टेस्ट का पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन कराने के लिए सभी जनपदों के बीएसए व डायट प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं।

## पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंतीः सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि, बोले

# उत्तर प्रदेश के विकास की आधारशिला रखी थी

**उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत**

**पंडित गोविंद बल्लभ ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया थाः सीएम योगी**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सीएम योगी ने रविवार को यूपी के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर लोक भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। प्रदेश की तरक्की और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया था। सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। उनकी कर्मठता, उनकी राष्ट्र निष्ठा व संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। वह स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने फिर उन्होंने गृहमंत्री के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की। मुख्यमंत्री ने कह कि वर्तमान में उत्तराखंड जो कि तब उत्तर प्रदेश का ही भाग हुआ करता था, उसके कुमायूं मंडल में जन्मे पंडित गोविंद बल्लभ पंत को समाज और राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान के लिए मैं प्रदेशवासियों की तरफ से स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को महानगर के हनुमान सेतु मंदिर में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलेगा

# प्रभु हनुमान के सामने अपने संगीत को निखारेंगे भातखंडे के विद्यार्थी

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के संगीत के छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन संगीत में निपुण प्रभु हनुमान जी के सामने भी करेंगे। बनारस के संकट मोचन मंदिर में संगीत समारोह की समृद्ध परंपरा है। वहां वर्ष में एक बार देश-विदेश के चोटी के संगीतकार अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को महानगर के हनुमान सेतु मंदिर में अपने संगीत को निखारने का मौका मिलेगा। लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में भक्ति पाठ की परंपरा फिर से शुरू होने जा रही है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के संगीत

**पहले, भातखंडे में शास्त्रीय संगीत के छात्र हर पखवाड़े दो बार मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते थे**

**बनारस के संकट मोचन मंदिर में भी संगीत समारोह की समृद्ध परंपरा है**

**वहां वर्ष में एक बार देश-विदेश के चोटी के संगीतकार अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं**



विभाग और मंदिर अधिकारियों के सहयोग से इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। भातखंडे संगीत संकाय के सदस्य कमलेश दुबे के अनुसार यह भक्ति पाठ न केवल भक्तों के लिए है, बल्कि छात्रों के लिए भी एक संगीत सत्र का अवसर है। पहले, भातखंडे में शास्त्रीय संगीत के छात्र हर पखवाड़े दो बार मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते थे। उनको यहां पर अपनी कला को दर्शाने का मौका मिलता है।

### पहले अलीगंज के हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी प्रस्तुति देते थे विद्यार्थी

छात्रों ने पहले अलीगंज के हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी प्रदर्शन किया था। साथ ही, विश्वविद्यालय प्रशासन और मंदिर समिति के द्वारा यह भी विचार किया जा रहा है कि इस परंपरा को लखनऊ के अन्य मंदिरों में भी फिर से शुरू किया जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और मंदिर समिति के बीच चर्चा की जा रही है। यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। वर्तमान में, विश्वविद्यालय की प्राथमिकता छात्रों के एडमिशन प्रक्रिया पर है। सितंबर के अंत तक प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया जाएगा।

### हुनर को निखारने के लिए विशेष है हनुमान सेतु मंदिर

भातखंडे संगीत संकाय के सदस्य कमलेश दुबे ने कहा कि हालांकि, हमने अन्य मंदिरों पर थोड़ा बहुत प्रदर्शन किया। हमारे छात्र हनुमान सेतु मंदिर में नियमित कलाकार थे। यहां प्रदर्शन कर के उन कलाकारों को मौका मिलता है। जो अपने हुनर को दर्शाना चाहते हैं।

## श्री बांके बिहारी मंदिर के पास फिर हादसा, धराशायी हो गई जर्जर भवन की दीवार

जन एक्सप्रेस | मथुरा

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर के समीप रविवार की तड़के एक बार फिर एक जर्जर भवन की दीवार धराशाई हो गई। यह भवन श्रावण कुमार खेमका का बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि जिस समय दीवार गिरी उस समय बांके बिहारी मंदिर के पट बंद थे, इससे आसपास भीड़भाड़ नहीं थी। इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गली नंबर एक जुगलघाट से होकर बांके बिहारी मंदिर से दर्शन कर श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। जहां दीवार भरभरा कर गिर गई। स्थानीय लोग दीवार गिराने कारण लगातार हो रही बारिश को बता रहे हैं। जिस भवन की दीवार गिरी है वह भवन लंबे समय से खाली है।

# रैपुरा पुलिस ने ट्रक चोरी की घटना का किया सफल अनावरण

## चोरी का ट्रक बरामद करते हुये 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस ने ट्रक चोरी की घटना का अनावरण करते हुए चोरी का ट्रक बरामद कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीते 8 सितम्बर को रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भौरी गांव के निवासी हरिमोहन त्रिपाठी पुत्र स्व अनुसूइया ने थाना रैपुरा में सूचना दी थी कि उनका ट्रक भौरी गांव में राजनारायण मिश्रा के डंप की दुकान में खड़ा था। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना में रैपुरा मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने




घटना को संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष रैपुरा को घटना के अनावरण के लिए निर्देशित किया। थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने मुकदमें की विवेचना उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव को सौंपी। उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव व आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा बीते शनिवार को तिसेनतुलापुर रोड के किनारे स्थित बाग थाना मांडा जनपद प्रयागराज से चोरी किए गए ट्रक को बरामद किया। साथ ही आरोपी पंकज कुमार पुत्र छोटेलाल ग्राम डिघिया थाना मांडा जनपद प्रयागराज को सुरवा दालापुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि उसके जीजा मिथलेश कुमार पुत्र स्व कुलदीप कुमार निवासी अरैल मोड़ थाना नैनी जनपद प्रयागराज ने यह ट्रक चोरी करवाकर 2 लोगों के माध्यम से उसके पास पहुँचाया था। ट्र को उसने तिसेनतुलापुर रोड के किनारे बागीचे में खड़ा करवा दिया था। ग्राहक मिलने पर ट्रक को बेच देते। चोरी के ट्रक की बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढ़ोत्तरी की गयी। मिथलेश कुमार एवं उसके अन्य 2 साथियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे।

## अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 24 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

सरैया चौकी प्रभारी हारुन रशीद खां तथा आरक्षी रोहित कुमार, चन्द्रभूषण राय द्वारा सुशील पुत्र कोदू कोल निवासी रम्पुरिया को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार राय तथा आरक्षी ललित सोनी, धर्मेन्द्र द्वारा कुन्ती रैदास पुत्र भैरव प्रसाद निवासी भदेदू को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कामदगिरि स्वच्छता समिति का यह स्वच्छता अभियान जन जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष नगर पालिका ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि कामतानाथ परिक्रमा में सेवा भाव के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। निरंतर स्वच्छता अभियान चलने से कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता का प्रभाव अब दिखने लगा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ जीवन मंत्र जैसे सुबह दांतों को साफ करने की आदत होती है, इसी तरह अपने आस-पास कहीं भी कचरा दिखे तो उसको स्वयं साफ करें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता के प्रति हमें स्वयं जागरूक होना चाहिए। जब हम स्वयं जागरूक होंगे तभी समाज में स्वच्छता का प्रभाव दिखेगा।

इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, अंजू वर्मा, सभासद शुभम केशरवानी, अंकुर केशरवानी, सुमित केशरवानी, विनोद कुमार, मोनू, मनोज कुमार, संतोष गुप्ता, जानकी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# भाद्रपद मास की अमावस्या के दृष्टिगत नो एंट्री एवं मार्ग परिवर्तन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भाद्रपद मास की अमावस्या के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किये जाने वाले प्रयासों के क्रम में शहर क्षेत्र में एवं निम्नांकित मार्गो पर भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) का प्रवेश एवं परिवहन 13 सितम्बर सुबह 05.30 बजे से 15 सितम्बर की रात्रि 09.30 तक पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। जिसमें रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड, पुलिस लाईन तिराहा मानिकपुर रोड, बेड़ी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा मार्ग), लोढ़वारा मोड राजापुर मार्ग, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर सतना मार्ग, बेड़ी पुलिया तिराहा से निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर तक, शिवरामपुर तिराहा से यूपीटी तिराहा, भरतकूप तिराहा से खोही तिराहा व खोही तिराहा से यूपी एमपी बार्डर पीली कोठी तक भारी एवं मध्यम माल वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

आदेश के प्रभावी रहने तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों के परिवहन के लिये मार्ग परिवर्तित किया गया है। जिसमें प्रयागराज से बांदा व सतना जाने वाले वाहन बोड़ी पोखरी चौराहा से राजापुर होते हुये बांदा की तरफ जायेगें, बोड़ी पोखरी चौराहा से सरैंया मारकुण्डी होते हुये सतना की तरफ जायेगें, राजापुर से आने वाले बड़े वाहन, पहाड़ी से अतर्रा बांदा की तरफ जायेगें, बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा, बिसन्डा, पहाडी से राजापुर होकर प्रयागराज की तरफ जायेगे, सतना से प्रयागराज व कौशाम्बी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चौराहा से प्रयागराज की तरफ जायेगें, बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चौराहा से राजापुर होते हुये कौशाम्बी की तरफ जायेगें।

## 8 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने जनता में भय आतंक फैलाने वाले रोहित पुत्र मुन्ना निवासी बाल्मीकी नगर, सोनू तिवारी, राजबहादुर, मोनू तिवारी पुत्रगण यदुराज निवासीगण इन्द्रानगर, सत्येन्द्र पुत्र धीरू, गुड्डू कोल पुत्र राजन कोल, छोटू पुत्र हुबलाल निवासीगण गोविन्द नगर व समीर पुत्र मनोज निवासी रामपुर कल्याणगढ़ के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# अनुशासन ही व्यक्ति का वास्तविक संस्कार है: डॉ. बी के जैन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागार में सहकारिता भारती की उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के समापन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ. बी के जैन ने कहा कि अनुशासन ही व्यक्ति का सबसे बड़ा संस्कार है। व्यक्ति को अनुशासित रहते हुए अपने कार्य के प्रति ईमानदार होना चाहिए और कठिन परिश्रम करना चाहिए तभी व्यक्ति वास्तविक संस्कारी हो सकता है। अनुशासन ही व्यक्ति का वास्तविक संस्कार है। उन्होंने कहा कि हर इंसान को दूसरे के बारे में ये नही सोचना चाहिए कि उसने क्या किया, बल्कि ये सोचना चाहिए कि हमने क्या किया। इस सोच के साथ काम करने वाले लोग जीवन में कभी असफल नहीं हो सकते।

## चकबंदी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का आदेश के बाद भी नहीं हुआ तबादला

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कालूपुर स्थित चकबंदी कार्यालय में शासन के आदेश के बाद भी सालों से जमे हुए विनोद तिवारी पेशकार व अजय श्रीवास्तव जो भ्रष्टाचार का केन्द्र बने हुए हैं और उत्तर प्रदेश सरकार के 13 मई 2022 के आदेश के बावजूद 3 साल के ऊपर होने के बाद भी अभी वही पर जमे हुए हैं, जब की शासन का स्पष्ट आदेश है कि 3 साल के ऊपर हो चुके सभी कर्मचारियों का स्थानांतरण हो, लेकिन उनको वहां से अभी तक स्थानांतरण नहीं किया गया। शिकायतकर्ता संदीप मिश्रा और हरिशंकर ने बताया कि शासन के आदेश की अनदेखी की जा रही है। जिसके कारण पूरे क्षेत्र की जनता उनसे त्रस्त है और आज भी नए सीओ की पोस्टिंग के बाद भी पुराने तारीखों में कामता प्रसाद लगातार फैसले कर दिए गए हैं। जनता को लगा की नए सीओ के आने के बाद राहत मिलेगी, लेकिन वह भी विनोद तिवारी के निर्देशन में काम कर रहे हैं। विनोद तिवारी के बारे जब उनके उच्च अधिकारीयों से बात की गई तो बताया गया कि विनोद तिवारी सर्वेयर है। जब विनोद तिवारी सर्वेयर है तो पेशकारी कैसे कर रहे। अपने मन के मुताबिक तारीख देना, कुल मिलाकर रुपयों के अनुसार तारीखें देना, साथ विनोद तिवारी द्वारा कई फाइल गायब की गयी जो न तो तारीख में लगी और न ही मिल रही। ऐसे में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की मंशा पर अंगद की तरह पैर जमाये विनोद तिवारी को तत्काल प्रभाव से हटा कर कही और सम्बद्ध किया जाना चाहिए। साथ ही दूसरा पेशकार स्थापित किया जाना चाहिए। जिससे जनता को न्याय मिल सके और भ्रष्टाचार खत्म हो सके।

## बारिश के कारण गिरा छज्जा

**जन एक्सप्रेस/खण्डेहा, चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खण्डेहा में बीती रात भारी बारिश के चलते वरिष्ठ पत्रकार रामबहोरी केशरवानी के घर की लगभग 25 फिट चौड़ी रेलिंग अचानक गिर गई। जिससे घर के सदस्य और वहां से गुजरने वाले राहगीर बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश होने के चलते दीवारे और छत में नमी के प्रभाव से अचानक रेलिंग छत से जमीन में गिर गई। जिससे लगभग 50 हजार रूपए की क्षति हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

## करोड़ों के बजट खर्च के बाद भी जलभराव की समस्या से जूझ रहे शहरवासी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

कई दिनो से रुक-रुक कर हो रही बरसात से सड़के लबालब भरने से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गयी है। बारिश के बाद भी सड़कों के दोनों ओर बनी नालियों से बहने वाला पानी सड़को के ऊपर आने से सड़क व नालों के बीच कोई अंतर नहीं दिखाई दे रहा। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने की वजह से निचले इलाके जलभराव की चपेट में दिखाई दे रहे हैं।

बरसात के आगमन से पूर्व सदर नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतो द्वारा साफ सफाई व जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी की तमाम व्यवस्थाएं किया जाता हैं। नाला सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट खर्च किया जाता है। उसके बाद भी मामूली बरसात में ही जल निकासी के तमाम दावों की पोल खुल जाती है। पानी निकलने की समुचित व्यवस्था न होने से रानी कालोनी, आवास विकास, खलील नगर, सैयदवाड़ा, पुराना जीटी रोड स्थित लक्ष्मी टाकीज के निकट व शिवशंकर पैलेस, आर्य समाज वाली रोड समेत अनेक मोहल्लों की सकरी गलियों में भीषण जलभराव है। बरसात बंद होने के घन्टों बाद तक जलभराव की स्थिति बनी रहती है। घरो में पानी भरने के अलावा राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बनती है। सड़क से गुजरने के लिये महिलाओं व बच्चों को गंदे पानी के अंदर से होकर जाने को मजबूर होना पड़ता है। वही जलभराव की वजह से दो पहिया वाहन चालकों को भी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। वही जलभराव की वजह से दो पहिया वाहन चालकों को भी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है।

# शहीद हुए किसानों की शहादत में 31वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**जन एक्सप्रेस । रामकोला/कुशीनगर**

बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर 1992हुए किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों की शहादत में रविवार को 31वी पूर्णतिथि मनाई गई,जिसमे क्षेत्र के हजारों की संख्या में किसान व सपा कार्यकर्ता शिरकत किए। 10 सितम्बर 1992 में गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर किसान नेता राधेश्याम सिंह के नेतृत्व आन्दोलन कर रहे किसानों पर हुए पुलिसिया कार्यवाही में चली गोली में शहीद हुए किसानों पडोही हरिजन एवं जमीदार मिया के शहीद स्थल पर पहुच कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी एवं कार्यक्रम केआयोजक पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राधेश्याम सिंह ने उनके स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत शहीद दिवस कार्यक्रम में



आए किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व कबीना मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने कहा कि 2024 लोकतंत्र व संविधान बचानेके लिए अंतिम चुनाव है अगर भाजपा की सरकार केंद्र में पुनः बनती है तो भाजपा सरकार संबिधान बदल देगी और आप गुलाम बना दिए जाएंगे इस लिए 2024 में संबिधान और देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को मतदान करे तथा भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए शपथ लेकर जाए। कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश सरकार पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि जबसे भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है देश मे मंहगाई चरम सीमा पर पहुच गई है लेकिन किसान विरोधी यह भाजपा सरकार पिछले साल एक भी रुपये गन्ना का मूल्य नही बढ़ाई मै प्रदेश सरकार से मांग करता हु की मंहगाई को देखते हुए गन्ना मूल्य चार सौ रुपए प्रति कुंतल निर्धारित करे। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि 1992 में रामकोला चीनी मिल पर गन्ना किसानों का 10 करोड़ भुगतान बाकी था तब भी भाजपा की सरकार थी और अपने मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे निहत्थे किसानों पर यह जुल्मी सरकार गोली चलवा दी थी और आज कप्तानगंज बन्द चीनी मिल पर किसानों का 42 करोड़ और मजदूरों का 9 करोड़ बकाया है लेकिन सरकार बहरी बानी हुई है, अगर कप्तानगंज चीनी मिल क्षेत्र के किसान साथ दे तो जिलाधिकारी का घेराव कर 72 घण्टे में भुगतान करा दुंगा।उन्होंने आगे कहा कि सरकार से ज्यादा ताकतवर जानता होती है,जनता को अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।श्री राधेश्याम सिंह ने शहीद किसान दिवस पर कहा कि जब तक मैं जीवित रहूंगा शहीद दिवस कार्यक्रम आयेजित होता रहेगा, आप से मेरी गुजारिस है कि आप चरित्र देख कर अपना मत दे साथ ही आगामी 32वां किसान शहीद दिवस आप खुद मनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्यारे कुशवाहा एवं संचालन राजेश्वर गोविन्द राव उर्फ मुन्ना ने की। किसान सहीद दिवस कार्यक्रम को मुख्य रुप से एमएलसी राम अवध यादव, पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती, नथुनी कुशवाहा, रणविजय सिंह उर्फ मोहन, ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह, ए.के. बादल, सतीश चकन्द, अवनीश यादव, परवेज आलम, निठुरी राजभर, सुग्रीव सन्त, रामसूरत शर्मा, कैलाश यादव, जनार्दन यादव, देवेंद्र यादव, राजेंद्र यादव उर्फ मुन्ना यादव, अजीमुल्लाह राही, विजय यादव, बाबूलाल यादव आदि ने संबोधित किया।

# ब्राह्मण विरोध में निकाला जुलूस ब्राह्मणों को बताया विदेशी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

अभी हाल ही सपा नेता द्वारा ब्राह्मणों विरोध मे दिये गये बयान का असर सडको तक पहुॅच रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण ब्राह्मण विरोध जुलूस देखने को मिला। जुलूस मे नारे बाजी हुई कि ब्राह्मण विदेशी है। इनको यहॉ पर शासन करने का काई अधिकार नही है। अनादि काल से स्थापित प्रसिद्ध मंदिर मंदिरो को अबैध कब्जा करार दिया गया और उनको बौद्ध मठो की संज्ञा दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं बुद्धिष्ट इंटरनेशनल ने बुद्ध विरासत पर नाजायज तरीके से विदेशी ब्राह्मणों द्वारा कब्जा किए जाने से नाराज होकर जुलूस निकाला। हाथों में तख्तियां व तिरंगा लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बुद्ध की विरासत पर किये गये अवैध कब्जों को हटवाये जाने की मांग किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष मुन्ना लोधी की अगुवाई में लोधीगंज से जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष शामिल रहे। सभी लोग हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा गया कि ब्राह्मण डीएनए के आधार पर विदेशी हैं। इनका भारत देश के किसी भी भूभाग पर कब्जा करना अवैध है। ब्राह्मण संविधान के आधार पर इस देश में रह सकता है लेकिन यूएनओ की गाइडलाइन के अनुसार कोई भी विदेशी किसी दूसरे देश के शासन सत्ता पर कब्जा नहीं कर सकता। बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के जिलाध्यक्ष राजू गौतम ने कहा कि भारत में जितने भी प्राचीन मंदिर हैं वो सब बौद्ध विहार व बौद्ध स्थल हैं। सोमनाथ मंदिर के नीचे तीन मंजिला बौद्ध विहार है। काशी मथुरा यह सब बौद्ध स्थल हैं। इन पर ब्राह्मणों ने नाजायज कब्जा कर रखा है। उसके विरोध में हम लोग देशव्यापी भारत बंद कर रहे हैं। इस मौके पर दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# प्रशासनिक न्यायाधीश ने स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद उच्च नयायालय के न्यायमूर्ति व जनपद के प्रशासनिक न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जौहरी ने शिरकत किया। उन्होने जनपद न्यायालय में स्थापित स्वास्थ्य केंद्र के शिलापट्ट से पर्दा हटाकर उद्घाटन किया। उधर राष्ट्रीय लोक अदालत में तमाम वादों का निस्तारण किया गया। शनिवार प्रातः लगभग साढ़े नौ बजे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति व जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जौहरी, जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा के अलावा कई न्यायाधीश ने स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह भी समारोह में पहुंचे। जनपद न्यायाधीश ने बुके भेंटकर प्रशासनिक न्यायमूर्ति का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने स्वास्थ्य केंद्र के शिलापट्ट का पर्दा हटाकर उद्घाटन किया। इसके बाद राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रशासनिक न्यायाधीश व जनपद न्यायाधीश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर तमाम वादों का निस्तारण किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने आहवान् किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो0 अहमद खान, अपर जिला जज-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नित्या पाण्डेय के अलावा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानीलाल के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।

## कुलपति प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामोदय विश्वविद्यालय कार्यशाला में हुआ शामिल

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दूसरी वर्षगांठ पर कार्यशाला आयोजित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रदेश में क्रियान्वयन की दूसरी वर्षगांठ और शिक्षक दिवस समारोह में कुलपति प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय शामिल हुआ। इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में संपन्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कौशल संवर्धन एवं कैरियर निर्माण योजना विषयक समानांतर तकनीकी सत्र की अध्यक्षता ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। समारोह के शुभारंभ अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बी वॉक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययन कर रहे सत्यजीत सिंह के मसाला और मिलेट्स स्टार्टअप की स्वीकृति के साथ पचास हजार रुपए की राशि



सीड मनी के रूप में प्रदान की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो एस के त्रिपाठी के अनुसार विद्यार्थी सत्यजीत सिंह अपने स्टार्टअप में मसाले और मल्टी ग्रेन आटा का उद्यम स्थापित करेगा।

कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के परिकल्पक एवं संस्थापक कुलाधिपति प्रख्यात समाजसेवी भारतरत्न नाना जी देशमुख के विचारों का उदाहरण देते हुए बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने स्थापना काल से कौशल शिक्षा को प्राथमिकता दे रहा है। कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण ग्रामोदय के पाठ्यक्रमों की विषय वस्तु भी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने से ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कौशल संवर्धन की दिशा में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दीनदयाल कौशल शिक्षा केन्द्र, सामुदायिक महाविद्यालय योजना, उद्यमिता पार्क, एमएसएमई मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार की एससीएसटी रोजगार हब योजना के माध्यम से संचालित कौशल शिक्षा के कार्यक्रमों को विस्तार से बताया। दीन दयाल कौशल केन्द्र के प्राचार्य इंजी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बी वॉक के अंतिम वर्ष मे अध्ययन कर रहे सत्यजीत सिंह को प्रारंभिक चरण में दीन दयाल कौशल केन्द्र के संसाधन को उपयोग की नियमानुसार अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 10-15 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.2 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 94 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 9.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 3.4
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए सचिव सो रहे मौत की इमारतों के अवैध निर्माण हो रहे

* केडीए से पूछेगा अग्निशमन विभाग कैसे दे डाली बिना उनके विभाग से एनओसी लिए निर्माण की अनुमति

जन एक्सप्रेस फॉलो अप
जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर




मौत की इमारतों को हरी झंडी दिखाने वाले केडीए सचिव की सीएम से शिकायत
केडीए के जिम्मेदारों की अनदेखी लेवाना जैसे बड़े अग्निकांड को दे रही दावत
केडीए सचिव के भ्रष्टाचार से तैयार हो रहीं मौत की इमारतें

**कानपुर नगर।** शहर कोपरगंज स्थित बांस मंडी में बीती 30 और 31 मार्च 2023 को जो अग्नि कांड हुआ उसने सैकड़ों घरों को उजाड़ दिया था। बांस मंडी स्थित रेडीमेड मार्केट पूरे एशिया में प्रसिद्ध थी लेकिन ए आर टावर से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते आसपास की कई इमारतों को भी अपनी जद में ले लिया था। किसी से भी नहीं छुपा है कि यहां पर कितने करोड़ रुपए का रेडीमेड गारमेण्ट का कपड़ा जलकर खाक हो गया था। अग्निकांड की जद में आए व्यापारी रोते बिलखते हुए अपने परिवार के साथ देखे जा रहे थे। शहर के कोपरगंज बांस मंडी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश समेत एशिया की सबसे बड़ी माने जाने वाली रेडीमेड मार्केट में पांच माह पूर्व हुए अग्निकांड हो जाने के बाद भी केडीए सचिव जो जोन एक के प्रवर्तन प्रभारी है उन्हें इसी जगह जहां पर अग्निकांड हुआ था। उसी से सटी हुई दर्जनों इमारतें नहीं दिखाई दे रही हैं। इन इमारतों में जो निर्माण चल रहा है उसे हम मौत की ईमारते इसीलिए कहते हैं क्योंकि यहां पर कोई भी बिल्डिंग अग्निशमन विभाग से एनओसी लेकर मानकों के अनुरूप नहीं बन रही है। एक दो इमारतें बन रही होती तो कोई बात नहीं इसी मार्केट के पीछे पूरा का पूरा नगर बस रहा है।

**मुआवजे की भी फाइलें चल रही लंबित**

आपको बताते चलें कि बीते पांच माह पूर्व हुए अग्निकांड मामले में जिन व्यापारियों की दुकानें जल गई थी और उनका जो नुकसान हुआ था जिसका आकलन लगभग 200 से 300 करोड़ किया जा रहा था। हुए नुकसान का मुआवजा पाने के लिए सैकड़ों व्यापारियों की फाइलें जिलाधिकारी के द्वारा बनाई गई कमेटी के सामने अभी भी विचारण के लिए पड़ी हुई हैं। एक बार कांड हो जाने के बाद भी लोगों में जागरूकता नहीं आई है फिर से वैसी ही इमारतों को तैयार होने दे रहे हैं।

**अग्निशमन विभाग ले सकता है बड़ा एक्शन**

जहां एक ओर कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी गांधारी रूपी पट्टी बांधकर अपनी आंखों पर पर्दा किए हुए हैं। वहीं दूसरी और अग्निशमन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि उनके द्वारा सभी निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी करने का काम आरंभ किया जा चुका है। इसके साथ-साथ वह केडीए को भी पत्राचार करके पूछेंगे कि बिना अग्नि शमन विभाग से एनओसी लिए हुए इन्हें नक्शा पास कैसे कर दिया गया और निर्माण करने की अनुमति किसी प्रकार दी गई है।




## शोधरत छात्रा अनुशी ने किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों को किया प्रदर्शित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय के फल विज्ञान में रविवार को शोधरत छात्रा अनुशी ने किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम एवं लाभकारी बताते हुए, कहा कि इससे महंगाई के दौर में सस्ती सब्जियां आसानी से उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने लोगों को घर के पास खाली बड़े स्थान पर मौसमी सब्जियां जैसे टमाटर,बैंगन,मूली व कद्दू वर्गी सब्जियां उगाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वह 10 वर्षो से अपने घर में ही किचन गार्डनिंग कर रही है। यह सब्जियां बाजार की तुलना में सस्ती,पेस्टिसाइड रहित होती हैं। तथा इसमें कार्य करने वाले लोग तनाव मुक्त रहते हैं।

## इरफान सोलंकी के फेसबुक पेज को हैक कर हैकर परोस रहा मनोरंजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



जनता के साथ खेल करने वाले सपा विधायक इरफान सोलंकी के ऑफिसियल पेज को हैक करके हैकर भी उस आईडी पर गजब खेल खेल रहा है। कहीं किसी फिल्म का वीडियो तो कहीं अन्य वीडियो डालकर थोड़ी-थोड़ी देर में अलग-अलग पोस्ट डाल रहा है। जानकारी मिलने के बाद विधायक की पत्नी ने पुलिस अधिकारियों को पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की है। मिली जानकारी के अनुसार महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी का फेसबुक अकाउंट हैक हो जाने के मामले की शिकायत विधायक की पत्नी नसीम ने रविवार को पुलिस उपायुक्त क्राइम को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही साथ साइबर सेल के माध्यम से विधायक का फेसबुक पेज अकाउंट फिर से चालू करने की मांग की है। ज्ञातव्य हो कि महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी जाजमऊ में प्लॉट पर कब्जे को लेकर आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा, गैंगस्टर एक्ट व अन्य कई मुकदमों में बीते लगभग 10 माह से जेल में बंद हैं। विधायक के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने रविवार को बताया कि इरफान की पत्नी नसीम ने पुलिस उपायुक्त क्राइम मनीष चन्द्र सोनकर को एक शिकायती पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि जेल में बंद उनके पति इरफान सोलंकी का फेसबुक अकाउंट किसी ने हैक कर लिया है। इतना ही नहीं उनके अकाउंट से अवांछनीय गतिविधियां पोस्ट की जा रही है। उन्होंने मामले की जांच करने एवं दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और साइबर सेल के माध्यम से विधायक का फेसबुक पेज अकाउंट फिर से चालू करने की मांग की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 36वीं जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में स्थित मल्टीपर्पस हॉल में रविवार को 36वीं जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.आर.पी.सिंह एवं कमाल किशोर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में संजीव पाठक ने ओपन कैटेगरी के विजेताओं को कैश प्राइज देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने चार वर्गों में प्रतिभाग किया। मिनी सब जूनियर वर्ग में 10 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें एस.ए.एफ. उपविजेता एवं टी.स.एच. स्पोर्ट्स क्लब विजेता रही। वही ओवर ऑल चैंपियनशिप में सीएसजेएमयू उपविजेता एवं निर्मल मोती जुडो एकडमी विजेता टीम रही। प्रतियोगिता का समापन विधायिका निलिमा कटियार एवं सीएसजेएमयू के सेक्रेटरी स्पोर्ट्स काउंसल डॉ.आशीष कुमार कटियार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कानपुर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव दिलशाद सिद्दीकी, राजेश भारद्वाज, रवि कुमार मौर्य, धर्मेंद्र कुमार चौहान, संदीप निषाद आदि मौजूद रहे।




### भुखमरी की कगार पर पहुंच रहे कल्याणपुर के व्यापारी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पनकी रोड में व्यापारियों ने वनवे व जी टी रोड पर इंद्रा नगर कट बंद होने के कारण व्यापारियों की समस्यायों को लेकर बैठक की। व्यापारियों का कहना है कि सुबह से शाम तक सभी की दुकानदारी चौपट हो गई है। दुकानदार अपने कर्मचारियों को तनख्वाह भी नही दे पा रहा है अगर ये समस्या हल नहीं हुई तो कल्यानपुर की 50 वर्ष पुरानी बाजार चौपट हो जायेगी ।इसको लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने और व्यपारियो ने इन समस्यायों को हल करने के लिए आगामी 13 सितम्बर बुधवार को जनप्रतिनिधि और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देने का फैसला लिया है। बैठक में प्रमुख रूप से राहुल शुक्ला, राजेश चंदेल ,अतुल भाटिया, अनुज राजावत, अतुल शुक्ला, विपिन मिश्रा, अभिषेक रोहरा ,शील कुमार मिश्रा, अनिरुद्ध तिवारी, एनडी तिवारी, अर्पण शुक्ला, पंकज अवस्थी, राकेश शर्मा, पंकज मिश्रा, निर्भय रेजा, छोटू शुक्ला, प्रभाकर तिवारी, मोनी सिंह, रवि तिवारी व अनुज पटेल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



### विजय कुमार बने कराटे रेफरी कमिशन बोर्ड के हेड

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में चल रही उत्तर प्रदेश कराटे प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश कराटे रेफरी कमिशन बोर्ड का गठन हुआ है। इस दौरान विजय कुमार को उत्तर प्रदेश कराटे रेफरी कमिशन बोर्ड का हेड चुना गया है। सचिव जसपाल सिंह ने घोषणा कर कहा है कि उत्तर प्रदेश कराटे रेफरी कमिशन बोर्ड अब बन चुका है ,जिसमें 5 मेंबर है। सदस्यों में वसीम अलीगढ़, पुष्पेंद्र आगरा,राजेश कुशवाहा प्रयागराज एवं कुर्बान खान सदस्य रहेंगे। कराटे एसोसिएशन के कानपुर अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार और सचिव सुनील शुक्ला ने विजय कुमार को बधाई दी है।



**गणपति बप्पा आ रहे हैं**

## 19 सितंबर से कानपुर में जगह-जगह विराजेंगे गणपति

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे



**कानपुर नगर।** गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष शहर के हर चौराहा, हर मोहल्ले, हर गली में होने जा रहा है। 19 सितंबर से हर गली हर मोहल्ले हर चौराहे पर गणेश बप्पा की बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं विराजमान होगी। क्योंकि गणेश बप्पा आ रहे हैं और अपने साथ रिद्धि सिद्धि को भी ला रहे हैं। भारतवर्ष में हर देवी देवता का एक अलग ही महत्व है जिसमें गणपति बप्पा को प्रथम पूज्य के रूप में पूजा जाता है। इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की गणेश चतुर्थी 19 सितंबर 2023 को है। इसी दिन से गणेश चतुर्थी की शुरुआत हो रही है। वहीं इसका समापन 28 सितंबर 2023 को अनंत चतुर्थी वाले दिन होगा। इसी दिन बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस समय कानपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गणेश बप्पा की मूर्तियों का निर्माण कार्य बहुत तेजी से शुरू हो चुका है। शहर के जाने-माने मूर्तिकार गणेश बप्पा की आकर्षक प्रतिमाओं को बनाने में जुड़ गए हैं। गणेश बप्पा की प्रतिमाओं को आकर्षक रंगों से सज रहे हैं। पूरे गणेश महोत्सव के दिनों में चारों ओर बप्पा के नाम का उद्घोष सुनाई पड़ता है। गणेश उत्सव का पर्व हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। गणपति बप्पा बुद्धि और शुभता के प्रतीक देवता माने जाते हैं। उन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है, उनका हर नाम बहुत चमत्कारी माना जाता है। सदैव से ऐसी मान्यता चली आ रही है कि जहां पर गणपति बप्पा विराजते हैं वहां हर समय सुख-समृद्धि, और शांति रहती है। ऐसे में आइए जानते हैं। गणेश महोत्सव के मनाए जाने की शुरुआत महाराष्ट्र से हुई थी। महाराष्ट्र के हर घर में गणेश बप्पा की प्रतिमा देखने को मिलती है। लेकिन अब तो पूरे भारतवर्ष में गणेश बप्पा के महोत्सव की धूम नजर आती है। जिसे देखो वही गणेश बप्पा की भक्ति में झूमता हुआ नजर आता है। कानपुर शहर की बात करें तो खासकर महाराष्ट्र मंडल में विशेष तौर पर गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाता है। गणेश महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। गणेश महोत्सव की तैयारी को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन, समितियां ने अपने-अपने कार्यालय में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार कर ली है।

## विनोद गुप्ता संभालेंगे अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन साकेत नगर स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। जिसमें देश और प्रदेश के वैश्य प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता के नेतृत्व में हुए इस सम्मेलन में कानपुर महानगर से विनोद गुप्ता को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया। कायर्क्रम के दौरान कानपुर की वैश्य समाज की बेटी निशी गुप्ता को पीसीएस जे की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर वैश्य समाज का नाम रोशन करने पर उन्हें और उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। वैश्य समाज का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर विनोद गुप्ता ने कहा की वैश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना चाहिए समाज के लोगों को एकजुट होकर सर्वसमाज के लिये कार्य करना चाहिए। देश का सबसे बड़ा करदाता वैश्य समाज है जो कि देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। वैश्य समाज के अधिवेशन में तय किया गया कि गांधी जयंती 2 अक्टूबर, को एक विशाल पदयात्रा का आयोजन कानपुर के व्यापारी घंटाघर भारत माता प्रतिमा से प्रारंभ होकर फूलबाग गांधी प्रतिमा तक करेंगे। विशाल पद यात्रा का स्वागताध्यक्ष की जिम्मेदारी विनोद गुप्ता व यात्रा अध्यक्ष अजय गुप्ता को दिया गया।

## अवैध रूप से मजार बनाए जाने वाले प्रकरण में बिठूर पुलिस ने की छानबीन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर के ऐतिहासिक स्थल ध्रुव टीले पर अवैध रूप से मजार बनाई जाने का मामला गर्मीया हुआ है। इसी मामले में बीते दिन रविवार को डीसीपी बेस्ट विजय दुल के निर्देश के बाद बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज धन सिंह अपने साथियों के साथ विवादित स्थल की छानबीन करने पहुंचे थे। विवादित स्थल पर पहुंचकर उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। जिसके बाद बिठूर थाना प्रभारी ने पुरातत्व विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मामले की जानकारी भी ली। बिठूर थाना प्रभारी ने बताया कि जब वे विवादित स्थल पर पहुंचे तो वहां पर किसी भी प्रकार की मजार मौजूद नहीं पाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि एक मजार जो भवन के अंदर बनी हुई है वह काफी पुरानी है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि यह जानकारी मिली है कि यह मजार पीर पहलवान शाह बाबा की बताई जा रही है।पीर पहलवान शाह बाबा की मजार के अलावा एक भी अन्य मजार वहां पर बनी हुई नहीं मिली है। जिसका हाल ही में निर्माण कराया गया हो। फिलहाल बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों को आपसी सामंजस्य एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के शिविर में हुआ समस्याओं का निस्तारण



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने रविवार को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में समस्या समाधान शिविर में दिव्यांगजनो की समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर 12 व 13 सितम्बर को भी आयोजित होगा। शिविर में 66 दिव्यांग व्यक्तियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। आज बैटरी चलित ट्राई साईकिल 04, विकलांग पेन्शन 22 , रेलवे यूनिक कार्ड 17, यूडीआईडी कार्ड 23 फार्म भरे गये व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जो दिव्यांगजन सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो 12 व 13 सितम्बर को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पर्क कर सकते है। आज के शिविर में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गुड्डी दीक्षित,गौरव कुमार, वैभव दीक्षित ने सहयोग किया।

### रोनिल सरकार हत्याकांड: दो आरोपियों को चकेरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बीते वर्ष घटित हुए थाना चकेरी स्थित डॉक्टर वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर के छात्र रोनिल सरकार के हत्याकांड में शामिल दो और आरोपियों को चकेरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार घटना के संबंध में थाना चकेरी पर रोनिल सरकार की हत्या के संबंध में दर्ज मुकदमे आरोपी साहिल यादव पुत्र मोहर सिंह यादव वा ईशू यादव पुत्र स्व0 अगस्त पाल सिंह यादव को बीते दिन रविवार को मुखबिर खास की सूचना पर मलिक गेस्ट हाउस से पहले गांधी ग्राम जाने वाली सडक थाना चकेरी के पास से समय करीब 07.20 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम के अधि0/कर्म0 गण: प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, उ0नि0 राजेश कुमार यादव, हे0का0 गौरव यादव, हे0का0 विनोद कुमार सिंह, का0 धर्मेन्द्र तिवारी, का0 मो0 सुहेल, का0 दिलीप कुमार यादव, चालक सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय शामिल रहे।



### पैसे और नौकरी का लालच देकर चल रहा धर्मांतरण का खेल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के थाना स्वरूप नगर क्षेत्र के बेनाझाबर में इमानुअल पेंटिकॉस्टेल चर्च पर बीते दिन बजरंग दल के जिला संयोजक कृष्णा तिवारी कई समर्थकों के साथ पहुंचे और मतांतरण का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे इसके साथ ही स्वरूप नगर थाने की पुलिस को सूचना दी। आरोप लगाया कि चर्च में धर्मांतरण का खेल चल रहा है। लोगों को रुपए, नौकरी, शादी और उपचार समेत अन्य लालच देकर हिन्दुओं को ईसाई बनाया जा रहा है। सूचना पर कई थानों की पुलिस बल के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# पारिवारिक विवाद में नशे में धुत भाई ने भाई पर कुल्हाड़ी से कई वार कर घसीट कर गंगा में फेंका

* लाश को नाव में लादकर गंगा नदी में टुकड़े कर-कर के फेंकता गया और वापस घर आ गया

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर







बिल्हौर तहसील क्षेत्र के नानामऊ गांव में शनिवार देर शाम पारिवारिक समस्याओं को लेकर भाई भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए जिसमें छोटे भाई भूरा ने कुल्हाड़ी से वार कर बड़े भाई कल्लू 35 वर्षीय को मौत के घाट उतार कर और अंधेरे में घसीट कर गंगा में शव फेक दिया इसकी सूचना मृतक के चचेरे भाई मंगली ने बिल्हौर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कल्लू और भूरा भाई है, आपस में लड़ गए गाली गलौज के बाद मारपीट पर नंबर आया तो भूरा ने कुल्हाड़ी से कल्लू के सर पर कई बार कर दिए आशंका है रात के अंधेरे में नाव पर शव को लाद कर गंगा नदी में कुल्हाड़ी से टुकड़े-टुकड़े करके बहा दिया और आराम से अपने घर लौट आया सुबह जब किसी को किसी तरह की कोई सुगबुगाहट नहीं मिली तो मोहल्ले वालों ने पूछा कि शाम को झगड़ा हुआ था तुम्हारे भाई से कहां गया तो हत्या आरोपित ने बताया कि हमें नहीं पता कहां गया जब गांव वालों ने गंगा नदी की तरफ जाकर देखा तो खून के कतरे और घसीटने जैसे निशान मिले इस पर लोगों को शक गहरा गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की छानबीन में नशे में धुत हत्या आरोपित ने कई बातें सच और कई गलत बनाकर पुलिस को गुमराह किया मौके पर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी, एसीपी आईपी सिंह और एडीसीपी विजय ढुल ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू की वहीं हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को पुलिस ने बरामद कर हत्या आरोपित को भी हिरासत में ले लिया है। लेकिन वह इतने नशे में है कि कोई भी बात का सही जवाब नहीं दे पा रहा है पुलिस ने बताया कि कल सुबह तक स्थिति क्लियर हो जाएगी कि आखिरकार कहानी क्या थी वहीं पर ग्रामीण दबी जुबान बता रहे थे कि हत्या आरोपित दो दिन पूर्व अपनी पत्नी की विदा कराने ससुराल गया था वहां पर पत्नी ने आने से मना कर दिया पत्नी का ना आना हत्या आरोपित को लगा कि बड़े भाई ने ही किसी तरह से हमारी पत्नी को गुमराह किया है जिसके चलते मौत के घाट उतार दिया हो आगे सुबह तक उसका नशा उतारने पर पुलिस को वह कहानी बताएगा कि मौत का कारण क्या है गांव वालों ने बताया कि इस समय गंगा का जलस्तर कम होने की वजह से मछलियां खूब ऊपर आ गई हैं घर-घर मछली का शिकार कर बाजारों में और घरों में खूब बिक्री हो रही हैं जिसके चलते यह शिकारी लोग अक्सर विवाद शराब के नशे में करते रहते हैं आखिरकार इन पर कब रोक लगेगी।

**सूचना**

न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट सप्तम कानपुर नगर के आदेशानुसार मु0 सं0 978/2013 सरकार बनाम प्रदीप सहाय धारा 409 भा0द0वि0 थाना ग्वालटोली कमिश्नर कानपुर नगर संबंधित अभियुक्त प्रदीप सहाय पुत्र बी0डी0 सहाय निवासी 3/44 आजाद नगर थाना नवाबगंज कानपुर नगर के विरुद्ध युक्त निवास पर और उसके आसपास जरिए डुग्गी मुनादी नियमानुसार उद्घोषणा कराई गई।



# आयुष्मान भवः अभियान के क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने रविवार को कैंप कार्यालय में आयुष्मान भवः अभियान के शुभारंभ एवं क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के दृष्टिगत जन समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से उन्हें संतृप्त करने के उद्देश्य **आयुष्मान भवः** अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ राष्ट्रपति द्वारा 13 सितंबर को प्रातः ग्यारह बजे किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के सुचारू रूप से संचालन एवं सफल बनाने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय की अहम भूमिका है। अभियान पांच चरणों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सेवा पखवाडा, **आयुष्मान आपके द्वारा 3.0,** आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान नगरीय वार्ड हैं। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। जो स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान अंगदान शपथ,थीम पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि **आयुष्मान आपके द्वार 3.0** के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 17 सितंबर से समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत समस्त उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके प्रथम सप्ताह में गैर संचारी रोग द्वितीय सप्ताह में टीबी, कुष्ठ एवं अन्य संचारी रोगों, तृतीय सप्ताह में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण व चतुर्थ सप्ताह में राज्य, जनपद की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान सभा के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय स्थानीय निकाय के नेतृत्व में दो अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण करने के साथ ही पात्र लाभार्थियों की सूची पीएमजेएवाई के अंतर्गत जिन लाभार्थियों द्वारा लाभ प्राप्त किया जा चुका है, जिसकी सूची एवं सूचीबद्ध चिकित्सालयों की सूची प्रदर्शित की जाएगी।

आयुष्मान ग्राम के अंतर्गत आयुष्मान ग्राम पंचायत से उन ग्राम पंचायत को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की है। तथा प्रत्येक पांच साल की आयु से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा व 5 साल की आयु से अधिक पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाए जाएंगे। साथ ही क्षयरोग के संभावित मरीजों की जांच व मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार तथा सिकल सेल हेतु जांच एवं कार्ड वितरण होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 'आयुष्मान भवः' अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार की दृष्टि से साइकिल रैली, पोस्टर, पंपलेट, वॉल पेंटिंग,प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ब्लॉक स्तरीय मेला, जनपद स्तरीय प्रतियोगिता, लोकगीत, लोक नृत्य इत्यादि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, डिस्ट्रिक्ट क्वार्डिनेटर आयुष्मान भारत डॉ अनूप तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# टेंपो के पलटने से पाँच लोग हुए घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी**



मोहनगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत रायबरेली फैजाबाद मार्ग पर स्थित अलाईपुर चौराहे के निकट टेम्पो पर एक दर्जन सवारी लेकर जा रही टेम्पो का अगला पहिया साकर सहित टूट गया। जिससे पांच सवारी बुरी तरह से घायल हो गयी। जिन्हे 108 तथा पुलिस की गाड़ियों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई लाया गया। जहां इलाज जारी है।जिसमें एक बृद्व ब्यकित को काफी गम्भीर चोटे आई है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके से टेम्पो चालक फरार हो गया। बताते चलें की रविवार को दोपहर दो बजे रायबरेली जाने वाली एक दर्जन सवारी टेंपो से जा रहे थे जिसमें सुशीला पाल उम्र 40 व उनके पति राम केवल पाल उम्र 42 वर्ष निवासी बृजभाषी चक दादर थाना मिल एरिया, मैकू उम्र 65 वर्ष निवासी लहुरिया थाना मिल एरिया, व संतोष कुमारी उम्र 30 वर्ष निवासी अहिरन का पुरवा आमावा जो मोहनगंज से दवा लेकर वापस घर जा रही थी। व प्रियंका देवी कोतवाली रायबरेली के ग्राम सोथिन वापस राखी के त्योहार के बाद ससुराल ग्राम हंसवा थाना मोहनगंज से जा रही थी। इन सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई में जारी है।बाकी आधा दर्जन लोग थोड़े बहुत चुटहिल भी हुये हैं। जो किसी साधनों से निकल गये। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई इलाज हेतु भेजा गया है। खबर लिखे जाने तक कोई शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है । तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# नेहरू युवा केन्द्र ने कलश यात्रा निकाल कर हर घर से लिया चावल और मिट्टी

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




नेहरू युवा केन्द्र अमेठी के तत्वावधान में 'मेरी माटी मेरा देश', माटी को नमन, वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत ग्राम अकर्रा रसूलपुर में उपनिदेशक डॉ. आराधना राज के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिसके अंतर्गत घरों से मिट्टी एवं चावल एकत्रित किये गए। और पंच प्रण की शपथ भी ली गई। कलश यात्रा पूरे उत्साह से देशभक्ति गीत एवं भारत माता की जय, वंदे मातरम और गाजे बाजे, ढपली और मिट्टी एंथम बजाते हुए निकली गई। तीस सिंतबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत घरों से मिट्टी या चावल एकत्रित कर अमृत कलश में संग्रहित कर पंच प्रण शपथ, अमृत वाटिका स्थल पर ले जाकर एवं विद्यालयों में स्थापित सिलाफल्लकम पर सेल्फी लेना और युवा पोर्टल पर अप लोड किया गया।उपनिदेशक ने सभी लोगों से इस अभियान से जुड़कर अपने अंदर राष्ट्रप्रेम और कृतज्ञता का भाव लाने का अनुरोध किया। कलश यात्रा में नेहरू युवा मंडल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रत्येक विकास खंड के विभिन्न युवा मंडल सदस्यों, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

## कच्चा मकान गिरने से बुजुर्ग की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** पिछले दो दिनों से रूक रूक कर हो रही भारी बारिश के चलते कच्चा मकान गिरने से बुजुर्ग की दबकर मौत हो गई। जनपद के जामो थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव में कच्चे मकान में रह रहे एक परिवार के मुखिया बुजुर्ग के कच्चा मकान गिरने से मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद उसकी दोनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। सूत्रों से पता चला है कि पीएम आवास मिलने के बावजूद भी जमीन को लेकर चल रहे विवाद के चलते मृतक का पीएम आवास नहीं बन पाया था। जिसमें तहसील प्रशासन और कोतवाली पुलिस की लापरवाही भी कारण बनी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।और विधिक कार्यवाही कर रही है।

# सांसद खेलकूद प्रतियोगिता पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के पंजीकरण को लेकर युवाओं के उत्साह को देखते हुए केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति इरानी के निर्देश 10 सितंबर को समाप्त हो रही पंजीकरण प्रक्रिया को 12 सितंबर तक बढ़ाया दिया गया है।बताते चलें कि खेलेगा युवा जीतेगी अमेठी के संकल्प के साथ स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन करवा रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को होगा और यह प्रतियोगिता आठ अक्टूबर तक चलेगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति ने अधिकांश पंजीकरण केंद्रों पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की चाहत रखने वाले अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं की भीड़ को देखते हुए इसे दो दिन बढ़ा दिया है। दस सितंबर तक होने वाला पंजीकरण अब बारह सितंबर तक होगा। दीदी अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उत्थान सेवा संस्थान के माध्यम से सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही हैं। जिसमें बालीबाल, कबड्डी क्रिकेट, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। वहीं विद्यालय स्तर पर रंगोली, शतरंज, भाषण, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार के साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे।

## देशभक्ति के जुनून के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं वीर अब्दुल हमीद: वरुण मिश्र

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** देश के सपूत परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का बलिदान दिवस जिला कांग्रेस कमेटी पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस के अध्यक्ष वरुण मिश्रा ने कहा कि देशभक्ति के जुनून के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रत्येक नौजवान को यह सूचना चाहिए कि देश प्रेम से बड़ा और देश सेवा से बड़ा कुछ भी नहीं है जिस समय पाकिस्तान अपने पैटन टैंकों पर इतराते हुआ भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था इस समय भारत के माटी के लाल वीर अब्दुल हमीद ने उसके घमंड को चकनाचूर करने का काम किया था। जिला प्रवक्ता नफीस फारूकी ने कहा कि देशभक्ति में जान कुर्बान करने का जज्बा वीर अब्दुल हमीद से सीखना चाहिए। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि शहीद वीर अब्दुल हमीद इस देश के युवाओं के हमेशा आइकॉन रहेंगे आने वाली पीढियां को उनकी बहादुरी के किस्से सुनकर भारत देश के वासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेंगे। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आवेश अहमद जिला सचिव इमरान अहमद विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मदन तिवारी, शाहबाज खान आशुतोष मिश्रा विजयपाल, राजेश श्रीवास्तव समेत दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जीनतुल अज़ा ने निकाला 72 ताबूत का जुलूस, उमड़ी भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

अंजुमन जीनतुल अजा रजिस्टर्ड अलीगढ अमहट की तरफ से शनिवार को रात में हुसैनिया बख्शी खॉ में रात में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले पेश ख्वानी फखरी मेरठी 'चन्दन फैजाबादी' सागर बनारसी व संचालन सैयद नजर अब्बास देहलवी ने की और मजलिस मौलाना सैयद सिब्तैन अब्बास रिजवी हौजये इल्मिया कुम ईरान ने पढ़ी।

उन्होंने कहा करबला के मैदान में यजीद जैसे आत?कवादी शासक से इस्लाम और इन्सानियत को बचाने के लिए हुसैन ने अपने 72साथियों की कुरबानी पेश करके रहती दुनिया तक के लिए इन्सानियत को बचा लिया, उन्हीं करबला के शहीदों की याद में हर साल यह जुलूस निकाला जाता है। मजलिस के बाद रातभर शब्बेदारी हुई जिसमें मुकामी अंजुमनों के अलावा बाहरी अंजुमन, अंजुमन नकविया उॅचाहार, अंजुमन सिपाहे हुसैनी भनौली सादात, अंजुमन अजाऐ हुसैन बनारस, अंजुमन हैदरी शेखपुर जगदीशपुर ने नौहा मातम किया।

रविवार को सुबह शहीदाने करबला का 72ताबूत व अलम उठाया गया। जुलूस हुसैनिया बख्शी खॉ से उठकर अपने पुराने रवायात के साथ अमहट चौराहे से रायबरेली रोड होकर करबला अमहट पर समाप्त हुआ। दौराने जुलूस मौलाना कैसर जौनपुरी, मौलाना शब्बीर अली वारसी कलकत्ता, मौलाना मोहम्मद आबिद जैदी नौगावॉ, मौलाना मोहम्मद इमरान खान, शारिब अब्बास अकबरपुरी ने तकरीर की। महफूज सुलतानपुरी ने नौहा पेश किया।

## सेवा कार्य के लिए सम्मानित हुए युवा अभिषेक

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** रविवार को राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में महिला पुलिस सम्मान कार्यक्रम में सेवा क्षेत्र में कार्य हेतु जनपद के अभिषेक सिंह को सम्मानित किया गया। जनपद के उत्साही युवा अभिषेक सिंह को उनके द्वारा किये जा रहे समाजिक कार्यो हेतु राजधानी लखनऊ में माँ गायत्री संस्थान एवं नीशू वेलफेयर द्वारा आयोजित महिला पुलिस सम्मान कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की उपस्थिति में एमएलसी विधान परिषद पवन, अपर्णा यादव एवं पूर्वमहापौर सयुंक्ता भाटिया ने अपने कर कमलों से यह सम्मान प्रदान किया। अभिषेक सिंह द्वारा विगत कई वर्षों से जनपद में सेवा कार्य किया जा रहा है। स्वयं 34 बार रक्तदान के साथ अनेको लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले अभिषेक लगातार लावरिश असहाय लोगो की देखभाल एवं भोजन का प्रबंध कर रहे है।

# शिवशंकर अध्यक्ष व रमन निर्विरोध मंत्री निर्वाचित

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**




राजकीय वाहन चालक महासंघ की जिला इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन विकास भवन के प्रेरणा सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिव शंकर दूबे व मंत्री रमन सिंह समेत अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नव नियुक्त पदाधिकारियों का साथियों नें फूल मालाओं से स्वागत किया। रविवार को संघ के क्षेत्रीय मंत्री अयोध्या मण्डल दिनेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता व मंत्री मो.वसीम सहायक निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में द्विवार्षिक चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसमें शिवशंकर दूबे अध्यक्ष, हनुमंत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष,लाल साहब पाण्डेय उपाध्यक्ष, रमन कुमार सिंह मंत्री, देवशरण तिवारी उपमंत्री, मो.अख्तर संगठन मंत्री,जगराम संयुक्त मंत्री, विजय कुमार शुक्ला प्रचार मंत्री, भुलेश्वर यादव कोषाध्यक्ष, रामराज आडीटर व राम बहादुर यादव को निर्विरोध संरक्षक चुना गया। इसी तरह दिनेश कुमार राणा,जहीर खान,संतराम पाण्डेय, फतेह बहादुर सिंह, श्रीकांत मिश्र, लालजी तिवारी व प्रभाकर सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को साथियों नें फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

# शहीद परिवार हुए आर्थिक सुदृढ़ सेना को युवाओं की जरूरत

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान अमेरिका के पैटर्न टैंक तोड़ने वाले परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के 58वें शहादत दिवस पर डीआईजी सीआरपीएफ ने युवाओं से सेना की तरफ बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से शहीद के परिवार आर्थिक तंगी से बाहर हो गए हैं। उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है। किसी के आगे इन परिवार के लोगों को हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। शहर के पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में वीर अब्दुल हमीद संगठन की तरफ से परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत-पाक युद्ध के दौरान परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के चालक रहे मोहम्मद नसीम को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, समाज सेवी करतार केशव यादव, डॉक्टर ए.के सिंह, एएसपी विपुल श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राघवेंद्र चतुर्वेदी, साहित्यकार कमलनयन पांडेय, सपा नेता शकील अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता मदन सिंह,व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी,आयोजक मकबूल अहमद नूरी, सरफराज अहमद ने छात्र-छात्राओं को उत्साहित किया। इस अवसर पर देशभक्ति के गीत रंगमंच के जरिए प्रस्तुत किए गए।

छात्र-छात्राओं ने भी मंचन कल के जरिए लोगों को देशभक्त की भावना से और ओत प्रोत किया।डीआईजी सीआरपीएफ राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि शहीद के न रहने के बाद केंद्र सरकार आर्थिक रूप से इन परिवारों को काफी रूप से मजबूती दे रही है।जिससे इन्हें आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है।

समाज का हर व्यक्ति बढ़-चढ़कर शहीद के परिवारों के सहयोग में आगे आता है और उनकी मदद करने के लिए खड़ा रहता है। यदि कोई सेना में जाता है और यह देखते हुए कि वहां रिस्क फैक्टर ज्यादा है। देश के लिए बलिदान होने की प्रेरणा से, यह बहुत बड़ी बात है। युवा पीढ़ी से हम आवाहन करते हैं कि देश की सुरक्षा के लिए सेवा की नौकरी में शामिल होने के लिए आगे आएं। परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के चालक मोहम्मद नसीम ने कहा कि वह दृश्य आज भी रोमांच करने वाले हैं।

# सीनाजनी व गमगीन माहौल में मनाया गया इमाम हुसैन का चेहल्लुम

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

मुहाफिजे कुरआन-ओ-काबा परवर दिगार आदमीयत मरकज़े दायरे शहादत मुहाफिज़े नमाज़ व इन्सानियत इमाम हुसैन और आप के आवानो अन्सार का चेहेल्लुम शहर रायबरेली में विगत 101 वर्षो से मनाया जा रहा है जो इस साल भी हस्बे दस्तूरे क़दीम अन्जुमन सज्जादिया रजि0 के ज़ेरे एहतेमाम मुनअक्क़िद हुआ जिसमें सबसे पहले खिन्नी तला स्थित इमाम बारगाह स्व0 जव्वाद हुसैन में मजलिसे अज़ा बरपा हुई जिसे सोज़ ख्वानी यादगार काज़मी, सिकन्दर ज़ैदी और शावेज़ अ़ली ने की, मौलाना शाहिद अ़ली नक़वी ने ख़िताब फरमाया मौलाना ने मसाएब (ज़ुल्म) को बयान करते हुए कहा कि आज सारी दुनिया जानती है कि यज़ीद नाम के दहशतगर्द ने कैसे-कैसे ज़ुल्म किए हुसैन के 6 माह के बच्चे को पानी मांगने पर तीर से शहीद कर दिया शायद यही वजह है कि किसी भी मज़हब का इन्सान हो और औलाद वाला हो, वो इमाम हुसैन की तरफ्दारी करता है। दुनिया के हर मुल्क में हुसैन का परचम है और यही इमाम हुसैन की और सब्र की जीत है। मौलाना ने कहा हम सोचें कि हम कौन मुसलमान के साथ हैं, क्या हम उनके साथ है जिन्होंने हुसैन की 4 साल की बेटी सकीना के तमाचे मारे, कानों से बुन्दे नोचे और लाशों को बेकफ़न पड़ा रहने दिया। हुसैन के घर की नामूसों (औरतों) के सरों से चादर खींची, नन्हे बच्चों को ऊँटों की नंगी पीठ पर रस्सियों से बांध कर घुमाया।

दरमियान मजलिस महिला, पुरुष अज़ादार ज़ारोकतार गिरिया करते रहे कोई सर पीट रहा था तो कोई सीना। बाद मजलिस अलम, ताज़िया, ताबूत के साथ मातमी जुलूस निकला। अ़ली मियाँ चैराहे पर अंजुमन सज्जादिया सिरपुड़ा सम्भल ने नौहा ख्वानी करते हुए पढ़ा कि ''हर मसलेहत को दिल के तकाज़ों पे वार के, आओ दरे हुसैन पे दामन पसार के'', उन्नाव की अंजुमन अज़ाए हुसैन ने '' दो-दो इबादतों को मज़ा चाहिए अगर, फर्शे अज़ा पर अपना मुसल्ला बिछाइये'' और ''मुनाफ़िक़ के लिए जो अश्क ख़ंजर बनते जाते हैं, इन्हें छेढ़ किसी ने तो ये लश्कर बनते जाते हैं'' पढ़कर अक़ीदतमन्दों से खूब वाहवाही हासिल की। जुलूस में शामिल अंजुमन नासिरुल अज़ा कोलारी प्रयागराज, अंजुमन अज़ाए हुसैन बनारस, अंजुमन रौनक़े अज़ा, बाराबंकी दस्ता-ए-ज़ैनुल एबा क़दीम, दस्ता-ए-ज़ैनुल एबा रजि0 की अंजुमनों ने दिल को छू लेने वाले नोहे पढ़े। यह जुलूस गुलाब रोड़, टाउन हाल, किला बाज़ार, क़ज़ियाना होता हुआ कर्बला पहुंचा जहाँ अंजुमने सज्जादिया के सेक्रेटरी अज़ा सै0 वसी अज़हर नक़वी, ''औन'' ने जुलूस में सहयोग के लिए जिला प्रशासन व नगर पालिका को धन्यवाद ज्ञापित किया। जुलूस के रास्ते में जगह-जगह सबील, भोजन, शरबत, पानी आदि की व्यवस्था निजी रुप तथा अंजुमन की तरफ से थी।

## जे0सी0आई0 द्वारा वाटर प्यूरीफायर इंस्टालेशन कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** ष्जेसी सप्ताहष् जैथरा 2023 के अंतर्गत जेसीआई रायबरेली द्वारा दूसरे दिन वाटर प्यूरीफायर इंस्टालेशन कार्यक्रम का आयोजन लाल ऋषि कन्या इंटर कॉलेज में किया गया। वाटर प्यूरीफायर का उद्घाटन जेसीआई अध्यक्ष जेसी रजत गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष जेसी पवन गुप्ता, मण्डल निदेशक जेसी शालिनी श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबन्धक व पूर्व अध्यक्ष जेसी संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम वर्मा सहित आदि लोगो ने फीता काटकर किया। इस कार्य को करवाने के लिए स्कूल प्रशासन ने जेसीआई रायबरेली का धन्यवाद दिया और साथ ही कहा कि इस कार्य से विद्यालय के बच्चों एवम् स्टाफ् को शुद्ध व ठंडा जल प्राप्त हो सकेगा। यह कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी जेसी नितिन प्रजापति की देखरेख में कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# गर्व से कहता हूं कि मैं हिन्दू हूँ: शिव प्रताप शुक्ला

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

**शिवाजी की वीरता पर व्याख्यान करते हुए कहा कि हम लोगों को जरूर देखना चाहिए हिन्दू कुल के गौरव का नाटक, हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर लखनऊ में 26 से 31 अक्टूबर के बीच महानाट्य 'जाणता राजा' का होगा मंचन**



हिन्दू कुल के गौरव महाराज शिवाजी की तरफ से स्थापित हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर व्याख्यान कार्यक्रम शहर के फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में किया गया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन की अवध अंचल शाखा की तरफ से आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला रहे। मुख्य वक्ता बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला व विशेष प्रवेश दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम रहे। विश्व के सबसे महानाटक 'जाणता राजा' के संदर्भ में आयोजित व्याख्यान का विषय ÷छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व एवं कृतित्व वर्तमान परिस्थिति में÷ रखा गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के मुख्य अतिथि शिवप्रताप शुक्ला ने कहा कि सनातनी होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं हिंदू हूँ। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य की देवभूमि को मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। शिवाजी के बारे में कहा उनके इतिहास को सभी को याद करते हुए कंठस्थ करना चाहिए और इसका काम महानाटक से बेहतर और कौन हो सकता है। 26 से 31 अक्टूबर के बीच में हिंदुत्व की शान बढ़ाने के लिए होने जा रहे महानाट्य ÷जाणता राजा÷ को भी लोग जरूर देखने जाएं। उन्होंने कहा कि इससे हम लोग हिन्दवी स्वराज को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम लोग विवेकानंद को देख नहीं सकते हैं लेकिन उनके जैसा ही काम करने वाले दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम के मिशन को जरूर आगे बढ़ा सकते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने छत्रपति शिवाजी के बारे में विस्तृत रूप से व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी ने जाति और धर्म हो मिटाकर अपनी सेना में सबको शामिल किया था। जब अफजल खान ने धोखे से शिवाजी को मारने की रणनीति बनाई थी, उस समय उनके दलित रक्षक जीवा ने ही उनकी जान बचाई थी।

उन्होंने कहा कि जिस अफजल खान की समाधि शिवाजी ने गद्दारों की पहचान के रूप में कराई थी, उसी का मजार सौंदर्यकर्ण शिवसेना ने वर्ष 2021 में कराया है। जबकि पूरी शिव सेना का गठन ही शिवाजी के चरित्र को लेकर हुआ है। महानाटक 'जाणताराजा' के बारे में उन्होंने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा महानाट्य भारत के गौरवशाली अतीत का मंचन भगवान लक्ष्मण की नगरी लखनऊ में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन में ही इतनी ताकत है कि आज पूरा विश्व भारत का गुणगान कर रहा है। आज जब भारत में जी-20 का सम्मेलन हो रहा है तो दुनिया हमें सबसे बड़ी ताकत के रूप में देख रही है। इस दौरान महानाटक 'जाणता राजा' की एक झलक दिखाई गई। कार्यक्रम संयोजक दिनेश सिंह राठौर ने मंच का संचालन किया। इस मौके राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विधायक अशोक कोरी, अदिति सिंह, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त वीरेंद्र तिवारी, बीजेपी अध्यक्ष रामदेव पाल, महिला विंग की अध्यक्ष श्रद्धा सिंह, अवध अंचल के सहसंयोजक रणविजय सिंह, हर्षवर्धन सिंह, विजय रस्तोगी, अखंड प्रताप सिंह, आरबी वैश्य, नरेंद्र प्रधान, बबलू प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# घोसी चुनाव परिणामः अलर्ट मोड पर आई बसपा, अब जोर काडर को मजबूत करने पर, फोकस सभी जातियों पर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

घोसी उप चुनाव का परिणाम देखकर बसपा ने अपनी पूरी ताकत काडर कैंपों पर लगा दी है। बसपा थिंक टैंक मान रहा है कि घोसी उपचुनाव में बसपा की अपील का असर आया है। ऐसे में बसपा यदि अपने काडर को मजबूत करे तो लोकसभा चुनाव में इसका लाभ मिल सकता है। यही कारण है कि बसपा ने सभी बूथ, सेक्टरों में काडर कैंप शुरू कर दिए हैं। सर्वसमाज पर फोकस करते हुए उसी के हिसाब से बैठकों का लक्ष्य तय किया गया है। घोसी उप चुनाव में बसपा ने चुनावी रण में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। साथ ही अपील की थी कि बसपाई वोट न करें या फिर नोटा दबाएं। हैरत की बात यह रही कि बसपा की यहां स्थिति काफी अच्छी है और पिछले



चुनावों में बसपा के उम्मीदवार को 50,000 के आसपास वोट मिलते रहे हैं। ऐसे में बसपा के इस निर्णय से घोसी के सियासी रण में खलबली मच गई थी। माना जा रहा है कि इसका लाभ सपा को मिला और दलित वोटर उधर शिफ्ट हो गया। चाहे किसी का लाभ हुआ हो या किसी का नुकसान पर बसपा थिंक टैंक का मानना है कि बसपा की अपील ने घोसी के चुनाव परिणाम पर तगड़ा असर डाला। ऐसे में बसपा को उम्मीद है कि यदि काडर आधारित काम तेज किया जाए तो बसपा की स्थिति में सुधार हो सकता है। ऐसे में सभी बूथ और सेक्टर पर काडर कैंपों को तेज कर दिया गया है। बसपा ने गांव चलो अभियान शुरू किया है। सेक्टर कमेटियों को लक्ष्य दिया गया है कि वे अपने सेक्टर के विधानसभा क्षेत्रों में कैंप करें। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिन में कम से कम एक कैंप जरूर होना चाहिए।

### बैलेंस ऑफ पावर बनने की मशक्कत

बसपा बैलेंस ऑफ पावर बनने की कोशिश में जुट गई है। बसपा अन्य राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर जहां यही कोशिश कर रही हैं तो यही फार्मूला लोकसभा चुनाव में भी अपनाने की कोशिश है। बसपा प्रमुख ने साफ कहा है कि लोकसभा चुनाव में बसपा को इतनी ताकत देना है कि जो भी सरकार बने, वह मजबूत नहीं बल्कि बसपा के सामने मजबूर हो।

### सर्व समाज पर फोकस

वैसे तो बसपा का जोर दलित मुस्लिम समीकरण पर रहा है लेकिन काडर कैंपों में सर्वसमाज पर फोकस है। यानी मुस्लिम, दलित के अलावा पिछड़े व सवर्णों के लिए भी कैंप किए जाएंगे। हाल ही में बसपा ने आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को अपने एजेंडे में शामिल किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती अपने बयानों में उनका भी जिक्र कर रही हैं। कोशिश यह है कि वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव 2024 में भी बसपा अपना ग्राफ बढ़ाए। ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव जीते।

# बोले ओम प्रकाश राजभर: दिल थाम कर बैठें, मैं और दारा सिंह बनेंगे मंत्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

घोसी विधानसभा उप चुनाव में एनडीए में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को भले ही करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उनको मंत्री बनाए जाने को लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें राजभर दमदारी से यह कह रहे हैं, लोग दिल थाम कर बैठें, चुनाव हारने के बाद भी दारा और मैं मंत्री जरूर बनेंगे। दरअसल घोसी उप चुनाव परिणाम के बाद राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाए जाने को लेकर फिर चर्चाएं तेज हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर ओमप्रकाश राजभर सवाल पूछने वाले मीडिया कर्मी से कह रहे हैं कि जो लोग ऐसा सोच रहे हैं कि अब हम दोनों मंत्री नहीं



### दारा को राजभर जाति का मिला सबसे अधिक वोट

घोसी उप चुनाव में दारा सिंह को राजभर समेत अन्य पिछड़ी जातियों का कम वोट मिलने के आरोपों को खारिज करते हुए सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि यह कहना गलत है। एक निजी सर्वे एजेंसी के सर्वे की रिपोर्ट के हवाले से राजभर कहते हैं कि उनकी बिरादरी का 83 से 90 प्रतिशत वोट दारा सिंह को मिले हैं। चौहान को सबसे कम वोट ब्राम्हण और क्षत्रियों का मिला है।

बनेंगे तो उनसे कहिए कि हम लोग एनडीए के हिस्सा हैं और एनडीए के मालिक प्रधानमंत्री, अमित शाह और जेपी नड्डा हैं, कोई और मालिक नहीं है। वीडियो में राजभर यह कहते हुए दिख रहे हैं कि जो लोग हमें और दारा सिंह को मंत्री बनाए जाने को लेकर परेशान हैं, कहीं उन लोगों का कलेजा न फट जाए और हार्ट अटैक न हो जाए। उन लोगों को धैर्य से दिल थामकर बैठना चाहिए। उन्होंने कहना है कि हम लोग 100 प्रतिशत मंत्री बनेंगे।

# जनरथ बस की छत से टपकने लगा बारिश का पानी, महिला यात्री ने छाता खोलकर पूरी की यात्रा, वायरल हुआ वीडियो



### सिलकॉन की मात्रा कम होने से टपक रहा पानी

चारबाग डिपो की एसी जनरथ बस की बदहाली के पीछे मेंटीनेंस में लापरवाही है। बस नंबर यूपी 32 एमएन 9336 से लेकर 9350 तक की बसों की छत से पानी टपकने की शिकायतें परिचालकों द्वारा की जा चुकी हैं। इसके बावजूद अव्यवस्था को सुधारने की कोशिश नहीं की जा रही है। बस के छत पर सिलिकॉन की मात्रा कम लगने की वजह से बारिश के पानी में वह उखड़ने लगा और छत से पानी नीचे आने लगा।

### कराई जाएगी मरम्मत

पिछले महीने बसों की छत की मरम्मत कराई गई थी। चारबाग डिपो की जनरथ बस के छत से पानी टपकने की जानकारी नहीं है। बस वापस लौटने पर मरम्मत कराकर रूट पर भेजी जाएगी।

–विनोद कुमार, सेवा प्रबंधक, रोडवेज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में रोडवेज बसों की दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। बदहाली का आलम यह है कि साधारण बसों के साथ-साथ लग्जरी बसों की छतें टपक रही हैं। वीडियो वायरल हो रहे हैं और अफसर किरकिरी करवा रहे हैं। ताजा मामला चारबाग डिपो की कैसरबाग से देहरादून जा रही एसी जनरथ बस का है। जिसकी छत बारिश में टपकने लगी और बारिश के पानी से बचने के लिए महिला यात्री ने छाता खोल दिया। एसी जनरथ बस संख्या यूपी 32 एमएन 9336 टू बाई टू सीटिंग क्षमता की है। बीती रात कैसरबाग से देहरादून जा रही बस में हरिद्वार पहुंचने पर भारी बारिश शुरू हो गई। इस दौरान ज्यादातर पैसेंजर सो रहे थे। छत टपकने से बारिश का पानी बस के केबिन से लेकर यात्रियों के सीटों पर आने लगा। पानी गिरने से पैसेंजर जाग गए। उधर सीटें भी भीगने लगी। देखते ही देखते पूरी बस के अंदर फर्श पर पानी भर गया। इस बीच एक महिला यात्री ने अपना छाता निकालकर तान दिया, ताकि बारिश के पानी से बचाव किया जा सके। वहीं दूसरे यात्री कंबल व पगड़ी के सहारे खुद को पानी से बचाते नजर आए। इस अव्यवस्था से पैसेंजरों में नाराजगी व्याप्त हो गई। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया, लेकिन नाराज यात्रियों को बस कंडक्टर ने जैसे-तैसे समझा बुझाकर शांत कराया। छत टपकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो रोडवेज मुख्यालय के अफसरों की किरकिरी हुई। लेकिन अव्यवस्था सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया।

# आप नेता संजय सिंह बोले, घोसी उपचुनाव में भाजपा की हार अच्छा संदेश, अडानी वाले 2024 में हारेंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश की जनता जुमला पार्टी को हटाने का मन बना चुकी है। भाजपा व उनके सभी दल घोसी में लगे थे लेकिन सपा को जीत मिली। यह अच्छा संदेश है। 2024 में भाजपा का जाना तय है। इंडिया बुरी तरह से अडानी वालो को हराएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ अडानी लिए काम कर रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए



राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि अब इंडिया का नाम बदलने की बात कही जा रही है। यह घबराहट है। देश के साथ धोखा है। क्या देश का नाम बदलेंगे? मोदी घबराए हुए हैं। नोट पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लिखा है । क्या उसे भी बदलेंगे। आखिर क्या क्या बदलेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन भी मोदी सरकार की घबराहट है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर को पिछड़ों का नेता माना जा रहा था लेकिन उन्होंने अपनी हरकतों की वजह से सम्मान खो दिया है। ओम प्रकाश राजभर को नए सिरे से विचार करना चाहिए।

# डिप्टी सीएम ने महानाट्य 'जाणता राजा' के प्रचार रथ को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के गोमती नगर विस्तार में प्रदेश कार्यालय दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के सेवा प्रकल्पों को समर्पित हिन्दवी स्वराज के 350वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा ऐतिहासिक महानाट्य ÷जाणता राजा के प्रचार रथ का शुभारम्भ कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों को संबोधित किया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन एक अध्यात्म प्रेरित स्वैच्छिक सेवा संस्थान है, जो समाज के गरीब जरूरतमंद असहाय वर्ग एवं उनके बालकों के लिए विगत 27 वर्षों से संवेदनशील लोगों के माध्यम से सेवारत है।सेवा कार्यों के सहयोगार्थ एवं समाज के नौजवानों को दिशा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े एवं ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा का आयोजन 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनेश्वर मिश्रा पार्क गोमती नगर में सेवा मिशन द्वारा किया जा रहा है जिसमें पूरे देश और प्रदेश के कार्यकर्ता, बंधु, माताये बहनें सम्मलित होगें। उपमुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की देश एवं समाज को अत्यन्त आवश्यकता है।

# जिम्मेदारी का संदेश देती है 'जवान'

**अखिलेश बोले, ऐसी फिल्में आगे भी बनती रहनी चाहिए, शाहरुख समेत फिल्म की पूरी टीम के काम की सराहना**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

साउथ थीम पर 'जवान' फिल्म कमाई में जहां रिकॉर्ड बना रही है। तो वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल के सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शाहरुख खान और पूरी टीम को बधाई दी है। अखिलेश ने लिखा मनोरंजन के साथ जिम्मेदारी भरा संदेश देती फिल्म जवान सही मायनों में है। देश की जनता में जागरूकता लाना एक आह्वान। अखिलेश यादव ने फिल्म के सभी कलाकारों, लेखक, निर्देशक, निर्माता और फिल्म से जुड़े सभी लोगों को दिली



मुबारकबाद के साथ शुभकामनाएं दी हैं। ऐसे ही सार्थक फिल्में बनाते रहे। अखिलेश ने कहा 'जो जिंदा हो तो फिर जिंदा नजर आना जरूरी है!

### अखिलेश बोले, मनोरंजन के साथ जिम्मेदारी भरा संदेश देती है फिल्म जवान

मनोरंजन के साथ ज़म्मिेदारी भरा संदेश देती फ़िल्म 'जवान', सही मायनों में है देश की जनता में जागरूकता लाने का एक आह्वान। सिनेमा समय-समय पर किस तरह अपना सामाजिक दायित्व निभा कर अपनी उपयोगिता सिद्ध करके, देश को आगे ले जा सकता है, 'जवान' उसका एक उदाहरण है और दर्शकों के बीच इसकी दिन-प्रति-दिन बढ़ती और सारे रिकार्ड ब्रेक करती हुई लोकप्रियता दर्शा रही है कि देश की सोच कितनी प्रगतिशील है और सकारात्मक भी। फ़िल्म के सभी कलाकारों, लेखक-निर्देशक, निर्माता और फ़िल्म से जुड़े सभी लोगों को दिली मुबारकबाद के साथ शुभकामनाएँ ऐसी सार्थक फ़िल्में बनाते रहें। जो ज़िंदा हो तो फिर ज़िंदा नज़र आना ज़रूरी है!

### पंत जी का पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित रहा: अखिलेश

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतरत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की 136वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने किसानों, नौजवानों और समाज के कमजोर वर्गों के हित और विकास के लिए कई योजनाएं लागू की। अखिलेश यादव ने कहा कि पंत जी का पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित रहा। वे प्रखर वक्ता, प्रभावशाली राजनेता तथा कुशल प्रशासक थे। उन्होंने केन्द्र सरकार में गृहमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उन्होंने अपनी दृढ़ता से समस्याओं का समाधान किया था। देश सेवा के लिए उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया।

# जटायु क्रूज में किया गया बड़ा नुकसान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक दिन पहले पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा उद्घाटित किए गए जटायु क्रूज में अज्ञात लोगों ने घुसकर बड़ा नुकसान कर दिया। इंजन का डीजल पाइप और इंजन ऑयल का पाइप काटा।पायलट केबिन में रखा टैब कैलकुलेटर कंपास और पायलट के 2000 रूपये गायब हुए हैं। जटायु क्रूज बोर्ड के सदस्य मोहित कालरा ने नया घाट चौकी पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग की है। जटायु क्रूज के कर्मचारियों के साथ भी लोगों ने धक्का मुक्की की। सीसीटीवी से लैस है सरयु का घाट, नया घाट क्षेत्र। इस घटना से नयाघाट चौकी प्रभारी के गस्त की पोल खुल गई है। अयोध्या कोतवाली के नया घाट चौकी क्षेत्र के सरयू तट का मामला है।

# क्रय केन्द्र प्रभारियों को धान गुणवत्ता को लेकर एफसीआई से मिले ट्रेनिंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद आलोक कुमार ने एजेन्सियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित संख्या के अनुसार क्रय केन्द्र अनुमोदित कराये जायें तथा क्रय केन्द्रों पर स्टाफ की तैनाती, खरीद सम्बन्धी उपकरणों की व्यवस्था, लैपटॉप कम्प्यूटर तथा धनराशि व बोरों की व्यवस्था व हैण्डलिंग परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति की कार्यवाही समय से पूरी करा ली जाये। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, टॉयलेट, वाहन पार्किंग इत्यादि सुविधाए सुनिश्चित कराई जाये। क्वालिटी कॉउन्सिल

**✻ मानक के नाम पर अनावश्यक किसानों के धान का रिजेक्शन न किया जाये: आलोक**

ऑफ इण्डिया द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आगामी धान खरीद में क्रय केन्द्रों पर सुगमता, सहुलियत व सुविधा के तहत आवश्यक उपकरणों व्यवस्थाओं को पूरा कराये जाये तथा इसके आधार पर क्रय केन्द्रों की ग्रेडिंग करायी जाये।यह निर्देश प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार ने आगामी खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत धान खरीद व मोटे अनाजों ,श्री अन्न केअन्तर्गत मक्का, ज्वार, बाजरा तथा कोदों की खरीद के संबंध में की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में दिये।प्रमुख सचिव ने कहा कि क्रय केन्द्र प्रभारियों को धान गुणवत्ता मानक के संबंध में भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कराया जाये तथा धान की गुणवत्ता परीक्षण हेतु समस्त केन्द्रों पर मण्डी परिषद द्वाराएनॉलिसेस किट की व्यवस्था करायी जाये। खरीद केन्द्रों पर किसानों का समयसे धान की तौल करायी जाये एवं मानक के नाम पर अनावश्यक किसानों का धान कारिजेक्शन न किया जाये तथा धान के मूल्य का भुगतान समय से उनके बैंक खातेमें प्रेषित कराया जाये तथा क्रय केन्द्रों पर किसानों को अपनी उपज बिक्री करने में कोई कठिनाई न होने पाये।

# उप मुख्यमंत्री ने 47 संकुल संघो की दीदियों को सौपा 10 करोड़ का चेक



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आज रविवार को राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित 47 संकुल संघो की दीदियों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 10 करोड़ 38 लाख 40 हज़ार की धनराशि का चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत 04 लाभार्थियों को आवास की चाभी तथा 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने ग्राम पंचायत पुरैना भवानी बक्श निवासी राकेश व मुशीर को स्वीकृति पत्र तथा खुशीराम व गौरी शंकर को आवास की चाभी, हाड़ा बसहरी निवासी राजू व नान्हू को आवास की चाभी, गुरघुट्टा निवासी मायाराम को स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

### आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार संकल्पित: केशव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के सर्वांगीण विकास हेतु अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के सभी ज़रूरतमन्द लोगों तक भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाये। श्री मौर्य ने कहा कि सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए गांव, गरीब, किसान, महिलाओं व ज़रूरतमन्द लोगों को तरजीह दी जाय। इस बात का प्रयास किया जाय कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाये। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े कृषि प्रधान जनपद बहराइच में करने के लिए बहुत कुछ है। जिले में तैनात अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों व किसानों की बेहतरी के लिए कार्य करें। श्री मौर्य ने कहा कि जनपद स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान इस प्रकार से कराया जाय कि किसी फरियादी को लखनऊ आने की ज़रूरत न पड़े। अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लाक, थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर समस्याओं का इस प्रकार से समाधान किया जाय कि फरियादी को उससे उच्च स्तर पर जाने की आवश्यकता न महसूस हो। जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरू बनने की दिशा में अग्रसर है ,वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश देश का आदर्श प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है।

# धुनकर आयोग का किया जाय गठन: इकबाल मंसूरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ 10 सितंबर। मुस्लिम समाज की आबादी में सबसे बड़ी आबादी मंसूरी समाज के लोगो की है,लेकिन आज भी समाजिक रूप से मंसूरी समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा है।मंसूरी समाज के आर्थिक रूप से पिछड़ने का मुख्य कारण मंसूरी समाज के पुस्तैनी रुई धुनने के कारोबार ,उद्योग को वह सुविधाएं नही मिली जो दूसरे कारोबार, उद्योग को मिली,सरकारी उपेक्षा के कारण मंसूरी समाज के पुस्तैनी कारोबार पर पूंजीपतियो का कब्जा होता जा रहा है सरकार धुनकर समाज को वह सुविधाएं नही दे रही है जो दूसरे समाज के लोगो को उनका पुस्तैनी कारोबार बचाने के लिए दे रही है इस लिए सरकार धुनकर समाज की समस्याओं ,उनके पिछेड़ेपन को दूर




करने के लिए धुनकर आयोग का गठन कर इस समाज के समस्याओं से अवगत हो और धुनकर समाज को कारोबारध्उद्योग करने के लिए रूई धुनने की आधुनिक मशीनों खरिदने के लिए सब्सिडी लोन,बिजली सब्सिडी समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए ताकि धुनकर समाज भी तरक्की की मुख्य धारा में जुड़ सके। यह बात आज लखनऊ में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व यू पी एग्रो के चेयरमैन पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कही। उन्होंने कहा कि मंसूरी समाज पूरे देश अलग अलग नामो से जाना जाता है,इसीलिए जमीअतुल मंसूर ने सारे देश मे मंसूरी समाज जागरूकता अभियान चला रखा है,मंसूरी समाज के लोग सारे देश मे है इस समाज के लोगो का मुख्य पेशा रुई धुनना रहा है।जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में मंसूरी समाज का यह पेशा पूंजीपतियों के हाथ मे चला गया है । सरकार जिस तरह बुनकरों को अपना उद्योग लगाने के लिए बिजली में सब्सिडी व अन्य सुविधाएं देती है उसी तरह धुनकर समाज को भी वो सारी सुविधाएं उपलब्ध कराये जो बुनकरों को उपलब्ध है,इसके लिए सरकार जल्द ही किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में धुनकर आयोग का गठन कर धुनकर और मंसूरी समाज समस्याओं का अध्यन करा लें। जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री हाजी आर ए उस्मानी के कहा कि धुनकर आयोग के गठन की मांग को सारे देश मे मजबूती से उठाने के लिए जमीअतुल मंसूर के प्रदेश अध्यक्षो की एक मीटिंग हुई जिसमें 8 प्रदेशो के अध्यक्ष शामिल हुए।इस बैठक के तय हुआ है कि आगामी 2 अक्टूबर से सारे प्रदेशों में धुनकर आयोग बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बहस का कोई मतलब नहीं

**दिसम्बर 2015 में संसद की स्थायी समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में 1999 की बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले ला कमीशन की 170 वीं रिपोर्ट के आधार पर दो चरणों में चुनाव करवाने की सिफारिश की थी? वर्ष 2017 में नीति आयोग ने भी एक साथ चुनाव का विश्लेषण क्या, क्यों और कैसे नाम से वर्किंग पेपर में किया था। वर्ष 2018 में जस्टिस बीएस चौहान की अध्यक्षता में गठित विधि आयोग ने भी संबंध में एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श के साथ पांच संवैधानिक संशोधन करने की जरूरत बतलाई थी। सरकार ने कमेटी की घोषणा जिस समय की है, टाइमिंग को लेकर जरूर विपक्ष को बोलने का मौका दे दिया है।**

*एक राष्ट्र-एक चुनाव फिलहाल शिगूफा से कम नहीं। प्रश्न क्या एक राष्ट्र एक चुनाव नीति को लागू करना जरूरी है, उससे पहले यह यक्ष प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर है? यदि वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, सरकार उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाए गए हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किए गए थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किए बिना बुलाए इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लाएगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाए, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय निश्चित नहीं किया गया है। दूसरा संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आएगी। फिर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी विशेष सत्र में ही चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा खड़ा करना उचित नहीं है। वैसे भी यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर सरकार ने विस्तृत जनचर्चा कराई व मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह कोड संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है। हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं, इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिए गए बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो इंडिया को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की वन नेशन वन इलेक्शन संघवाद पर चोट है न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह उनकी समझ पर भी प्रश्न वाचक चिह्न लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं की यह संघवाद पर आघात है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकार ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आएंगे क्या खिलाओगे के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा। यह कोई नई नीति नहीं, पूर्व प्रचलित प्रणाली ही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि वन नेशन वन इलेक्शन कोई नया सिद्धांत नीति या प्रणाली नहीं है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**अगर बात जी-20 से हटकर करें तो मलेशिया में भी भारतीयों की हालत बहुत ही खराब है। मलेशिया में करीब 25 लाख भारतीय बसे हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, भारत से बाहर सर्वाधिक भारतीय खाड़ी के देशों में मलेशिया और साउथ अफ्रीका में बसे हैं। मलेशिया के भारतवंशी भी खासी तादाद में हैं। इनके अलावा हाल के वर्षों में भारत से गए श्रमिक भी कम नहीं हैं। इन दोनों की हालत खराब है। वहां पर उनके साथ दूसरे दर्जे के नागरिक के रूप में व्यवहार किया जा रहा है। खाड़ी के प्रमुख देश कतर गए भारतीय मजदूरों की बदहाली की खबरें लगातार आती रहती हैं। भारत सरकार को अपने विदेशों में रहने वाले नागरिकों और भारत वंशियों के हितों के लिए काम करना होगा।**


# जी 20 : सम्मलेन में मित्र देशों को भी भारत ने दिया सम्मान



आर.के. सिन्हा

**यूपीए सरकार ने खाड़ी में काम करने वाले मजदूरों की बहुत बेकदी की थी। तब विदेश राज्य मंत्री ई.अहमद से खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय श्रमिकों के शोषण के संबंध में संसद में एक बार सवाल पूछा गया था। तब अहमद साहब ने कहा था, अनुमान है कि लगभग 6 मिलियन भारतीय खाड़ी क्षेत्र में रहते हैं एवं वहां पर कार्य करते हैं।**

भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने करीबी मित्र देशों जैसे बांग्लादेश, मारीशस,संयुक्त अरब अमीरत वगैरह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके मित्र धर्म का निर्वाह किया। भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, हालांकि कभी-कभी सीमा विवाद तो होते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के बीच मधुर संबंधों के चलते दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। ये दोनो देश सार्क, बिम्सटेक, हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ और राष्ट्रकुल के सदस्य भी हैं। विशेष रूप से, बांग्लादेश और पूर्व भारतीय राज्य जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा बंगाली भाषा बोलने वाले प्रांत हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शुरु हुआ और भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की ओर से दिसंबर 1971 में हस्तक्षेप किया। फलस्वरूप बांग्लादेश राज्य के रूप में पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत ने मदद की। शेख हसीना का भारत के प्रति बहुत कृतज्ञता का भी भाव है। उन्हें भारत ने 1975-1981 के दरम्यान शरण दी थी। वे तब राजधानी में अपने पति और दोनों बच्चों के साथ निर्वासित जीवन बिता रही थीं। उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान,मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह हत्याकांड के दौर में शेख हसीना अपने पति एम.ए.वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। इतनी बड़ी त्रासदी ने शेख हसीना को बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत सरकार ने उन्हें उनके परिवार के साथ भारत में शरण दी थी। उस वक्त उनका बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। तब शेख हसीना सपरिवार भारत आ गईं। उन छह बरसों के दौरान शेख कमोबेश गैर-राजनीतिक थीं द्ध बावजूद इसके कि वे शेख मुजीब जैसे धाकड़ नेता की पुत्री थीं। वे जब भारत में आईं तब भारत में इमरजेंसी लग चुकी थी। इस बीच, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भी आपसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा की। मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्त्वाकांक्षी नीति सागर की शुरुआत की। यह पिछले कई दशकों में भारत द्वारा हिंद महासागर में किया गया एक महत्त्वपूर्ण प्रयास था।भारत के लिये मारीशस में सामरिक दृष्टिकोण से अपार संभावनाएँ निहित हैं तथा दोनों देशों की साझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएँ तथा तकनीकी नवाचारों से कहीं आगे जा सकती है। मारीशस भी भारत को लेकर बहुत आदर और स्नेह का भाव रखता है। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ का भारत से एक पारिवारिक संबंध भी है। उनकी बहन शालिनी जगन्नाथ का विवाह राजधानी दिल्ली के ही एक मल्होत्रा परिवार के डॉ. कृष्ण मल्होत्रा से हुआ है। दरअसल शालिनी जगन्नाथ और डॉ. कृष्ण कुमार मल्होत्रा के बीच लंदन में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान मैत्री हो गई थी। यह 1980 के दशक के शुरूआती वर्षों की बातें हैं। उसके बाद दोनों ने विवाह करने का फैसला किया था। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के समय व्यस्त होने के बावजूद संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बेशक, दोनों करीबी देश तो हैं पर इनके बीच इनके बीच कई मसले भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के नेताओं में बातचीत से वहां पर काम करने वाले लाखों कुशल-अकुशल भारतीय श्रमिकों की जिंदगी में सुधार आएगा। आप दुबई या अबूधाबी एयरपोर्ट पर जैसे ही उतरते हैं तो आपको समझ आ जाता है कि इस देश में कितनी अधिक तादाद में हैं भारतीय। ये चप्पे-चप्पे पर काम कर रहे होते हैं। इनके सामने कई मसले भी हैं। वहां पर न्यूनतम वेतन और दूसरी सुविधाओं के मसले हैं। वहां पर काम करने गए हमारे मेहनतकशों को खराब मौसम, पोषणयुक्त आहार की कमी, रहने के लिए पर्याप्त जगह के अभाव वगैरह के चलते बहुत कठिनाइयों को झेलना पड़ता है। इनके पासपोर्ट कई बार ठेकेदार कंपनियां अपने पास रख लेती हैं। जिसके चलते इन्हें बंधुआ मजदूर के रूप में ही काम करना होता है। यूपीए सरकार ने खाड़ी में काम करने वाले मजदूरों की बहुत बेकदी की थी। तब विदेश राज्य मंत्री ई.अहमद से खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय श्रमिकों के शोषण के संबंध में संसद में एक बार सवाल पूछा गया था। तब अहमद साहब ने कहा था, अनुमान है कि लगभग 6 मिलियन भारतीय खाड़ी क्षेत्र में रहते हैं एवं वहां पर कार्य करते हैं।




**प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के नेताओं में बातचीत से वहां पर काम करने वाले लाखों कुशल-अकुशल भारतीय श्रमिकों की जिंदगी में सुधार आएगा। आप दुबई या अबूधाबी एयरपोर्ट पर जैसे ही उतरते हैं तो आपको समझ आ जाता है कि इस देश में कितनी अधिक तादाद में हैं भारतीय। ये चप्पे-चप्पे पर काम कर रहे होते हैं। इनके सामने कई मसले भी हैं।**

## एक्सप्रेस कविता

*आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ ,*
*उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।*
*पैगाम हैं, तेरे नाम न जाने कितने ,*
*प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ,।*
*हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,*
*मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ,।*

*आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,*
*गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ।*
*मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,*
*आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।*
*इश्क तेरे नाम से शुरू, वहीं से खत्म ।*
*तू ही बता संजीव इसे क्या अंजाम दूं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हर नई शुरुआत थोड़ा डराती है पर हमेशा याद रखें सफलता मुश्किलों के पार ही नज़र आती है।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वादशी 23:52 तक |
| नक्षत्र: | पुष्य 19:57 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | परिघा, 24:05 |
| सूर्योदय: | 06:07 |
| सूर्यास्त: | 18:27 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 07:40-09:12 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:52-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### आया अब बयान !


*घूम लिए हैं ठाट से ।*
*आया अब बयान ।।*
*निकली बड़ी बातें ।*
*होगा देना ध्यान ।।*
*है मिला आनंद ।*
*कर रहे वो सैर ।।*
*दूर देश से आए ।*
*हैं नहीं पर ग़ैर ।।*
*बिना लाग लपेट के ।*
*बोल रहे स्पष्ट ।।*
*हैं निजी विचार ।*
*नहीं है होना कष्ट ।।*
*है होना विष्लेषण ।*
*आज नहीं तो कल ।।*
*उनके साथ पूरा ।*
*है उनका दल बल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# भारत में हर 10 में से 6 टीनएज लड़कियों को है एनीमिया



एनीमिया एक गंभीर समस्या है, जिसमें शरीर में खून की कमी होने लगती है। ऐसे में शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन होना कम हो जाता है। इस स्थिति में हर समय थकान और कमजोरी बनी रहती है। हाल ही में बनारस हिंदु विश्व विद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा की गई एक रिसर्च के मुताबिक कम उम्र में मां बनने वाली लड़कियां एनीमिया का शिकार ज्यादा होती हैं।

**10 में से 6 टीनएज लड़कियों को है एनीमिया:** एनीमिया एक सामान्य, लेकिन गंभीर समस्या है, जो महिलाओं में ज्यादा होती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हर 10 में से 6 टीनएज लड़कियां एनीमिया की समस्या से पीड़ित हैं। दरअसल, लड़कियों को मासिक धर्म के कारण ब्लीडिंग होती है, जिससे कई बार शरीर में खून की कमी होने लगती है। इसे टीनएज लड़कियों में एनीमिया के पीछे का अहम कारण माना जाता है। स्टडी के मुताबिक कम उम्र में मां बनने वाली 15 से 19 साल की लड़कियों में खराब-खान-पान, पोषक तत्वों की कमी या फिर सही जानकारी थी, जिससे वे एनीमिया की समस्या का शिकार हुईं।

### एनीमिया के लक्षण

- एनीमिया होने पर शरीर में बहुत से लक्षण दिख सकते हैं। इन्हें आसानी से पहचाना जा सकता है।
- ऐसे में शरीर में कमजोरी और हर समय थकान जैसी स्थिति बनी रह सकती है।
- एनीमिया होने पर चक्कर आना, जी मचलाना या फिर सिर में दर्द हो सकता है।
- इस समस्या में आंखों के साथ ही त्वचा में भी पीलापन दिखने लगता है।
- ऐसे में कई बार भूख कम लगने के साथ हाथ-पैर भी ठंडे पड़ सकते हैं।

### एनीमिया से बचने के तरीके

- एनीमिया से बचने के लिए महिलाओं को डाइट का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में आयरन से भरपूर फूड्स के साथ ही हरी सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकली, मेथी आदि का सेवन करें।
- ऐसे में अनार, संतरे या फिर चुकंदर आदि का जूस पिएं। इससे शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है।
- इसके लिए आप फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 से फरपूर आहार ले सकती हैं।
- ऐसे में शरीर में पानी और अन्य लिक्विड की कमी न होने दें।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्वाधीनता संग्राम का बीज मंत्र 'भारत' माता की जय, तब बहस क्यों



हृदयनारायण दीक्षित

**भारत नाम वैसा ही है। भारत का एक भूगोल है, रूप है। इस रूप में पवित्र नदियों का प्रवाह है। आकाश छूने को व्याकुल पहाड़ हैं। दिव्य और भव्य मंदिर हैं। हजारों वर्षों में फैला इतिहास है। अद्वैत दर्शन का जन्म यहीं हुआ। पूर्व मीमांसा, न्याय व वैशेषिकदर्शन का विकास यहीं हुआ।**

**देश** के नाम को लेकर अच्छी खासी बहस चल पड़ी है। भारत अति प्राचीन नाम है। इस नामकरण के पीछे अनेक कथाएं भी चलती हैं। संविधान सभा में 18 सितंबर, 1949 के दिन बहस हुई थी। हरिविष्णु कामथ ने भारत, हिन्दुस्तान, हिन्द भरत भूमि और भारतवर्ष आदि नाम का सुझाव देते हुए दुष्यंत पुत्र भरत की कथा से भारत का उल्लेख किया। मद्रास के केएस सुब्बाराव ने भारत को प्राचीन नाम बताया और कहा कि, भारत नाम ऋग्वेद में भी है। कमलापति त्रिपाठी ने भी भारत के पक्ष में वैदिक और पौराणिक तर्क दिए। स्वाधीनता संग्राम के समय भारत माता की जय पूरे देश का बीज मंत्र बना था। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया में चीनी यात्री ईतिसिंग द्वारा देश को भारत कहे जाने का उल्लेख किया है। भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। राजनैतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र राज्य है। लेकिन सांस्कृतिक अनुभूति में यह भारत माता है। भारत एक सांस्कृतिक प्रवाह है। एक सतत प्रवाहमान कविता। विश्व कल्याण में तत्पर एक संपूर्ण जीवन दृष्टि। भारत एक विशेष प्रकार की एकात्म प्रकृति है। हजारों वर्ष पुराने इतिहास में भारत ने कभी भी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। भारत का अर्थ ही प्रकाश सलंग्नता है। भा का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ सलंग्नता। भारत परम व्योम से धरती में प्रवाहित एक गुनगुनाने योग्य कविता- ऋचा है। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित ऋषि विश्वामित्र गायत्री मंत्र के नाम से चर्चित तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात के दृष्टा रचयिता हैं। ऋग्वेद में उनके बारे में कहा गया है, विश्वामित्र के देखे रचे मंत्र सूक्त भारत के जनों की रक्षा करते हैं- विश्वामित्रस्य रक्षति ब्रह्मदं भारतं जनं। ऋग्वेद वाले विश्वामित्र मंत्र दृष्टा हैं। राम कथा वाले विश्वामित्र राक्षसों का वध कराने वाले हैं। शकुंतला विश्वामित्र की पुत्री थीं। शकुंतला और दुष्यंत के प्रेम से इतिहास प्रसिद्ध भरत का जन्म हुआ। महाभारत (शान्ति पर्व 2.96) के अनुसार इन्हीं भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, अत्र ते वर्णयिष्यामि वर्षं भारत भारतम्- आपको भारतवर्ष का वर्णन सुनाता हूं। आगे बताया गया कि यह देश इन्द्र, वैवस्वतमनु, ययाति, अम्ब्रीश, मुचकुन्द, शिवि आदि सबको प्रिय रहा है। (भीष्म पर्व नवां अध्याय) ऋग्वेद के रचनाकाल में आर्य जनों और गणों में विभाजित थे। ऋग्वेद में भरत जन हैं। भरतों की विशिष्ट इतिहास परम्परा है। यज्ञ की अग्नि से उनका संपर्क था। भारत कहने से अग्नि का ध्यान होता था। भारत अग्नि का विशेषण बन गया था - त्वं नो असि भारता अग्ने। (2.7.5) भरत और भारत ऋग्वेद में हैं। वैदिक मंत्रों की रचना और गायन के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। मंत्रों का गायन सरस्वती के तट पर होता था। अग्नि की स्थापना इन्हीं ऋषियों ने की थी। एक मंत्र (3.28) के रचनाकार देवश्रवा और देववात भारत हैं। कहते हैं कि, भरत के पुत्र देवश्रवा और देववात भारत ने अग्नि को मंथन द्वारा उत्पन्न किया है। इस मंत्र में ऋषि नाम के साथ भारत जुड़ा हुआ है। वैदिक इंडेक्स में मैकडनल और कीथ ने ऋग्वेद के उद्धरण देकर भरतों का उल्लेख किया है। संभवतः दुष्यंत पुत्र भरत के कारण ही देश का नाम भारत हुआ। भरतजनों का सजग इतिहासबोध भी भारत नाम पड़ने का कारक हो सकता है। ऋषभ देव की परम्परा में भी भरत हैं। कुछ विद्वान उन्हें भी भारत के नामकरण से जोड़ते हैं। जो भी हो भारत अतिप्राचीन संज्ञा है, इस देश का नाम है। पुराणों में भी भारत नाम की प्रतिष्ठा है। विष्णु पुराण के ऋषि कहते हैं कि, समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो देश है उसे भारत कहते हैं तथा उसकी संतानों (नागरिकों) को भारती कहते हैं- उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः। गीता में अनेक प्रसंगों में श्रीकृष्ण अर्जुन को भारत कहते हैं। भारतवासी होना सौभाग्य का विषय है। दुनिया की सभी प्राचीन सभ्यताओं में देवता हैं। उन्हें दिव्य जाना गया है। उनकी उपासना होती है। वे भारत भूमि में जन्म लेने की इच्छा व्यक्त करते हैं। एक सुन्दर श्लोक में कहा गया है, देवतागण भारत देश के उत्कर्ष का गान करते हुए यहां पर स्वयं जन्म लेने की इच्छा प्रकट करते हैं - गायन्ति देवाः किल गीतिकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे। स्वर्गापव र्गास्पदहेतुभूत भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात। भारत निवासी घर परिवार के सभी अनुष्ठानों में संकल्प मंत्र का पाठ करते हैं। संकल्प मंत्र में जम्बूद्वीपे भारतखण्डे शब्द का प्रयोग हुआ है। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम भारत भक्ति का ही गीत है। इसी तरह राष्ट्रगान भी। कुछ विद्वान नाम को महत्वपूर्ण नहीं मानते। अपनी बात के समर्थन में शेक्सपियर का उल्लेख करते हैं कि नाम में क्या रखा है?

**नाटक की नायिका जूलिएट ने प्रेमी रोमियो से कहा था कि, तुम अपना कुल नाम लिखते हो। यह निरर्थक है। तुम रोमियो हो। मैं तुमसे प्रेम करती हूं। गुलाब को गुलाब कहा जाए या किसी और नाम से पुकारा जाए। नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन यह बात सही नहीं है। तुलसीदास ने नाम की महिमा बताई है। रामचरितमानस बालकाण्ड में तुलसीदास ने श्रीराम सहित सभी देवताओं को नमस्कार किया है।**

# विहिप और बजरंग दल ने फूंका पुतला

## तमिलनाडु सरकार ने मंत्री उदय निधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर की गई थी टिप्पणी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



तमिलनाडु सरकार ने मंत्री उदय निधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ की गई अशोभनीय एवं अभद्र को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल में उबाल आ गया पदाधिकारी जुलूस की शक्ल में सदर चौराहा पहुंचे स्टालिन का पुतला फूंका।

अभी कुछ दिन पहले तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदय निधि स्टालिन द्वारा एक सभा के दौरान सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसमे सनातन धर्म के उन्मूलन से लेकर के सनातन धर्म की डेंगू मलेरिया और मच्छर से तुलना की और साथ ही सनातन धर्म को जड़ से नष्ट और खत्म करने की बात कही गई। जिससे आहत होकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की स्थानीय इकाई ने सयुक्त रूप से अचल श्रीवास्तव और डॉ पीयूष शुक्ला के नेतृत्व में सकड़ो स्वयं सेवकों ने शहर के सदर चौराहे पहुंच स्टालिन की टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए विरोध प्रकट किया और स्टालिन के विरोध में नारे लगाते हुए उसका पुतला फुखा।इस मौके पर रूप से पुष्पेंद्र सिंह कनौजिया, संजीव मिश्र, विहिप के शहर मंत्री सुभाष मिश्र, अतुल सक्सेना जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद, राजीव शर्मा सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, प्रिंस,सनी गुप्ता,मनोज गुप्ता समेत विहिप और बजरंगदल के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# गुलरिया चीनी मिल क्षेत्र के किसानों से जल्द से जल्द गन्ना बंधवाने की अपील

जन एक्सप्रेस । मनोज मिश्रा



**बिजुआ खीरी।** बरसात के मौसम में जहां तेज हवाओं से खेतों में खड़ा गन्ना गिरने की संभावना बनी हुई है जैसा कि मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है,वहीं खेतों में पानी भरने से फसल को नुकसान पहुंच सकता है। इन स्थितियों से फसल को बचाने के लिए गन्ना किसानों को कैसे तैयार रहना चाहिए। यह बात गुलरिया चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी व्हॉट्सएप ग्रुपो व गाँव- गाँव जाकर अपने क्षेत्र के किसानों को बता रहे हैं, एवं ग्रुप के माध्यम से कृषको से अपील कर रहे हैं। बलरामपुर चीनी मिल समूह की यूनिट गुलरिया चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार अपने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि किसान भाई अपने आर्थिक नुकसान से बचने के लिए गन्ना फसल की बंधाई हर हाल में कर दे।अगर किसानों भाईयो को मजदूर नही मिल पा रहे है गन्ना बांधने के लिए तो वह अपने क्षेत्र के फील्ड सुपरवाइजर से संपर्क करे वह गन्ना बधाई लेवरो की व्यवस्था करवाने में आपका सहयोग करेंगे जिसका खर्च किसान भाइयों को स्वयं वहन करना होगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 11 सितम्बर को भारी बारिश होने की सम्भावना

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। बारिश के मौसम में बदलाव होगा व गर्मी से राहत भी मिलेगी। कई इलाको में अभी भी गर्मी का प्रकोप है। ऐसे में बारिश होने के बाद राहत मिलने की सम्भावना है, जिससे अधिकतम तापमान 30 सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 25 सेन्टीग्रट तक हो सकता है। दिनाक 09, 10 व 11 सितम्बर11 सितम्बर को कुछ स्थानो पर भारी बारिश होने की सम्भावना को कुछ स्थानो पर भारी बारिश होने की सम्भावना है तथा जिले में अगले चौबीस घन्टे में 30 से 40 किमी प्रति घन्टे हवा चलने की भी सम्भावना है। तेज हवा चलने के कारण गन्ना गिरने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। अतः ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए अपने लेबर का इन्तजाम पहले से ही करके रखें ऐसा होने पर तुरन्त अपना गन्ना उठवायें व होने वाले आर्थिक नुकसान से बचें। अभी हाल ही में हुई बरसात व तेज हवा चलने से कुछ स्थानों पर गन्ना गिर गया है. उसे तत्काल प्रभाव से उठाये व सम्भावित पैदावार में होने वाली हानि से बचें।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र एक अधेड़ सड़क दुर्घटना गंभीर घायल हो गया है। जिसे सीएचसी लाया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सुहेला निवासी रामलडैते (55) पुत्र लालाराम गोला आए थे।दोपहर वह गोला से गांव जा रहे थे। मोहम्मदी रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गये। सूचना पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

### विषैले पदार्थ के सेवन से महिला की हालत बिगड़ी, रेफर

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में एक महिला ने विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। महिला को सीएचसी लाया गया है। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी अंकुल कुमार यादव की पत्नी स्वाती यादव (23)ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पद्दार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर अंकुल ने उपचार के लिए सीएचसी लाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मोबाइल की दुकान से लाखों की चोरी

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। निगोही थाना क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी सतीश की मोबाइल की दुकान के ताले तोड़कर चोर नकदी व नए-पुराने मोबाइल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है। सतीश की आंबेडकर पार्क के पास मोबाइल की दुकान है। शनिवार की शाम करीब सात बजे वह दुकान बंद कर चले गए। रात में चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और नकदी व मोबाइल चोरी कर भाग गए। सुबह शटर उठा देखकर लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई।

### टायल्स कारोबारी से लूट का खुलासा नहीं

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। सदर थाने से चंद कदम की दूरी पर चौक कोतवाली के मोहल्ला घूरनतलैया निवासी टायल्स कारोबारी मृदुल कपूर के साथ लूटपाट की घटना का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हुई है। एसपी सिटी ने खुद कमान संभाल रखी है पर पुलिस के हाथ खाली हैं। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के करीबी कपूर परिवार के मृदुल कपूर के साथ छह सितंबर को सदर थाने से चंद कदम की दूरी पर बाइक सवार लुटेरों ने तमंचा सटाकर चेन व मोबाइल लूट लिए थे। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने खुद मौका-मुआयना कर घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। सत्ताधारी दल से मामला जुड़ा होने के कारण पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी को लगाया गया।

# अनु चौधरी पलिया सपा महिला सभा अध्यक्ष मनोनीत

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कला खीरी।** समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने महिला सभा ज़िलाध्यक्ष प्रख्याति खरे की संस्तुति पर अनु चौधरी को पलिया विधान सभा क्षेत्र महिला सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है।अपने मनोनयन के बाद अनु चौधरी ने कहा। कि मैं पलिया के तमाम सामाजिक संगठनों में विभिन्न पदों पर रहकर कार्य करती रही हूं।इसी बीच मेरी मुलाकात सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना से हुई। उन्होंने मुझे समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही। मुझे भी समाजवादी पार्टी की नीतियों पसंद आई। मुझे पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने से लेकर महिला सभा का विधानसभा अध्यक्ष बनाने तक का पूरा प्रयास सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना का रहा। मैं सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना की हमेशा आभारी रहूंगी।और मैं पार्टी सहित संजीव कुमार मुन्ना को विश्वास दिलाती हूं। कि मैं सपा सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ क्षेत्र में महिला संगठन को मजबूत करने का काम करूंगी।जल्द ही पलिया क्षेत्र में महिला सभा का एक बड़ा संगठन तैयार करके समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करूंगी। जल्दी पलिया नगर व ब्लाक कमेटिया गठित कर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करूंगी।अनु चौधरी के मनोनयन पर वरिष्ठ सपा नेता गुरप्रीत सिंह जॉर्जी,फुरकान अंसारी, इंद्रजीत सिद्धू ज़फरअहमद,राजा खान जावेद अख्तर मुकेश शाक्य,नितेश शुक्ला बराती लाल चौहान दिलीप ओझा अताउर्रहमान,सुरजपाल आज़म खान ललित पाल शिवम रस्तोगी सहित तमाम लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनु चौधरी को बधाई दी।



# गमगीन माहौल में क़र्बला को रवाना हुए चेहल्लुम के ताजिए

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

पलिया कस्बे में बड़ी अक़ीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम का पर्व । इस पर्व पर अक़ीदतमंदो ने इमाम हुसैन की याद में फातिहा व जगह-जगह लंगर लगाने के साथ बड़ी संख्या में छोटे बड़े ताजिए रखे और दर्जनों गांव के ताजिया नगला कर्बला लाए गए चेहल्लुम के पर्व के अवसर पर नगर व पड़ोसी गावों में काफी दूर दराज से आए मेहमानों के साथ कस्बे व गांवों में बड़ी रौनक़ का माहौल रहा।अंतिम दिन अक़ीदतमंदो ने बरसात में अपने अपने ताजिए चबूतरे से उठाकर क़र्बला को लेकर रवाना हो गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह,तहसीलदा 'आरती यादव,पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम,पलिया कोतवाली प्रभारी पी.के मिश्रा सहित कई थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

# पुलिस के संरक्षण में टैक्सी माफियाओं की बॉर्डर पर चलती है तानाशाही

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य मे सक्रिय माफियाओं के खिलाफ मुहिम चलाने का फरमान जारी कर दिया हो किंतु गौरी फंटा बॉर्डर पर पुलिस का सरंक्षण प्राप्त टैक्सी माफियाओं की हुकूमत कायम है जिसके चलते सुबह की भोर होते ही सीमा के प्रवेशद्वार टैक्सी माफियाओं का जमावड़ा लग जाता है और बिना सवारी परमिट के मानव तस्करी के अंजाम देना शुरू कर देते है।उल्लेखनीय हैं कि इंडो नेपाल की अति संवेदन शील सीमा पर करोना काल से टिकट माफिया, टैक्सी माफियाओं एवम ट्रांसपोर्ट माफियाओं की हुकूमत कायम है जिसे तोड़ने में सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश भी गौरी फंटा पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि इन त्रिकोणीय माफियाओं द्वारा स्थानीय पुलिस को हर माह भारी भरकम नजराना के साथ देशी विदेशी बेशकीमती उपहार दिया जाता है जिसके चलते हौशले बुलंद टैक्सी, टिकट एवम ट्रांसपोर्ट माफिया यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ओवर लोडिंग,मानव तस्करी एवम प्रतिबंधित सामानो की तस्करी को अंजाम देते हैं जिसके फलस्वरूप गत वर्षो से धंधे की वर्चस्व की जंग को लेकर कई घटनाएं हो चुकी है किंतु निजी स्वार्थ में डूबी स्थानीय पुलिस सबक लेने के बजाय सीमा पर सक्रीय माफियाओं को सरंक्षण देकर हौसला अफजाई करती है। बिडंबना हैं कि जब जिले एवम सूबे के उच्चाधिकारी सीमा पर निरीक्षण करने आते हैं तो स्थानीय पुलिस सीमा पर सक्रीय माफियाओं को भूमिगत कर राम राज्य की स्थापना कर देती है। और अधिकारियों को खुश करने के लिए आम जनमानस कार्यवाही कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है।

# पीएम विश्वकर्मा योजन: 18 व्यवसायों के कारीगर होंगे लाभांवित

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 व्यवसायों के कारीगरों को प्रशिक्षण देकर लाभांवित किया जाएगा। जिसमें कारपेंटर, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, दर्जी, नाव बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले राज मिस्त्री भी शामिल हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक की ओर से केंद्र सरकार की ओर से संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें पार्षदों का सहयोग लेकर नगर क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभार्थियों को चिह्नित कर पंजीकरण कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना में कुल 18 चिह्नित व्यवसायों से संबंधित कारीगरों को शामिल किया गया है।

# 'पराली जलाना सामाजिक अपराध'

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

गन्ना शोध परिषद के सभागार में उत्तर प्रदेश मिलेट्स एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इनसीटू मैनेजमेंट क्राप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत पराली प्रबंधन के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि विनीत मिश्रा ने कहा कि पराली जलाना कानूनन अपराध होने के साथ ही सामाजिक अपराध भी है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने मिलेट्स की खेती के बारे में भी बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। पराली प्रबंधन के लिए किसान सुशील कुमार सिंह, दृगपाल एवं ग्राम पंचायत मदनापुर को ट्रैक्टर एवं यंत्रों के अनुदान पर वितरण किया गया। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने किसानों को मिलेट्स के उत्पादों की गुणवत्ता से अवगत कराया। पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं पराली प्रबंधन के उपायों के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को उत्साहित किया। गन्ना शोध परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने गो-आधारित प्राकृतिक खेती पद्धति को समझाया।

# अदालत ने तीन साल पुराने मामले में नौ अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दिए आदेश

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



खीरी जनपद की फूलबेहड़ कोतवाली क्षेत्र में तीन साल पहले एक किशोरी के अपहरण व रेप केस के मामले में पुलिस की क्लीन चिट को खारिज करते हुए पॉक्सो अदालत ने नौ अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आदेश दिए है।वहीं अदालत के आदेश के बावजूद फूलबेहड़ पुलिस अभी तक किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं कर पाई हैं।जानकारी के मुताबिक फूलबेहड़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक किशोरी को बीती 20 जुलाई 2020 को स्कूल जाते समय पड़ोस के गांव पूजागांव निवासी रमेश द्विवेदी द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया गया था। अपहरण करके किशोरी को सिधौली के एक होटल में रखा गया।अभियुक्त रमेश ने अपने अन्य साथियों मुनीष,राममिलन, पंकज, इलू, कपिल, मुलायम, प्रदीप, नीरज तथा छोटे भैया आदि को फोन कर बुला लिया। जहां रमेश द्विवेदी समेत साथियों ने किशोरी के साथ बारी बारी बलात्कार किया। घटना के तीन दिन बाद अभियुक्तों ने किशोरी को सुन्दरवल पुलिस चौकी के पास छोड़ दिया। पीड़ित किशोरी के परिजनों के तमाम प्रयास के बाद बड़ी मुश्किल से फूलबेहड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन पीड़िता किशोरी के बयान करते हुए फूलबेहड़ पुलिस ने मुख्य अभियुक्त रमेश दिवेदी को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए उसके साथियों को क्लीन चिट दे दिया था, लेकिन अदालत में सुनवाई शुरू हुई तो असलियत छिप न सकी जिसके चलते पीड़िता किशोरी को इंसाफ दिलाते हुए पॉक्सो अदालत ने रमेश के साथियों को भी दोषी पाते हुए सभी नौ अभियुक्तों को अदालत में पेश होने के आदेश दिए थे, लेकिन किसी भी अभियुक्त के पेश न होने पर अदालत ने फूलबेहड़ पुलिस को सभी नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए हैं। लेकिन फूलबेहड़ पुलिस अभी तक किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# कलेक्ट्रेट में गौरव दिवस के रूप में मनी भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रविवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की। एडीएम संजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी पंत जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया गया।

डीएम ने कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। पंत जी महान देश भक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता, तर्क-वितर्क के धनी तथा लेखनी से सशक्त थे। वे प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे तथा बाद में देश के गृहमंत्री के दायित्व का भी निर्वहन किया। वर्ष 1957 में महान देशभक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता एवं उदार मन पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी को भारत की सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न से विभूषित किया गया।एडीएम संजय कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में पंत जी की भूमिका को याद करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डाला।पंत जी की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। पंत ने जीवन भर गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए काम किया।कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी मो. सलीम, खुशाल सिंह, सुरेश कुमार, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्मिक मौजूद रहे।

# दहेज में 7 सीटर कार और 15 लाख की नगदी की हो रही थी मांग

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर निवासी एक महिला सिपाही ने अपने सिपाही पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट छेड़छाड़, लूट,दूसरी शादी करने समेत गई आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।नगर के मोश्र पूर्वी दीक्षिताना निवासी नीलम रस्तोगी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी जिला बिजनौर के थाना चांदपुर के ग्राम संसारपुर निवासी अंकुल कुमार पुत्र मेवालाल के साथ हुई थी। नीलम का आरोप है कि जब वह विदा होकर अपने ससुराल गई तो वहां दहेज कम होने का ताना देकर उसे प्रताड़ित किया गया। अतिरिक्त दहेज में 7 सीटर कर और 15 लाख रुपए नगदी की मांग की जा रही थी। उसका कहना है कि उसका पति अंकुल रामपुर जिले के थाना स्वार में तैनात है। उसका कहना है कि वह एक दिन घर पर अकेली थी तभी उसका जेठ अंकित घर में घुस गया और उसे बुरी नजर से पकड़ कर दुराचार करने की कोशिश की। वह किसी तरह बचपाई। नीलम का कहना है कि इसी बीच का गर्भवती हो गई। उसका गर्भपात करने के लिए जहर दे दिया गया। वह किसी तरह इलाज करा कर वमुश्किल बची। उसकी एक तीन साल की बच्ची भी है।उसका कहना है कि वह एक दिन घर पर नहीं थी तभी उसका पति अंकुल और ससुरालिजन अपने दोस्तों के साथ आए घर में रखकर 50 हजार रुपए नगद, सोने के गहने उठा ले गए। उसके पति ने दूसरा विवाह भी कर लिया है। नीलम का कहना है कि उसके पति के किसी अन्य महिला से अनैतिक संबंध है इसलिए वह उसे तलाक देने की धमकी देता रहा। नीलम रस्तोगी की तहरीर पर पति अंकुल कुमार पुत्र मेवा लाल सिंह, सास लोकेश देवी,जेठ अंकित कुमार,जेठानी स्मिता,तहेरे जेठ अरुण,तहेरी जेठानी अरुण की पत्नी,मौसा जसविंदर सिंह और जितेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस/हरदोई। अतरौली थाना क्षेत्र के बानपुर गांव के पास ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, साथी घायल हो गया। थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी संदीप (28) अपने साथी केशनपाल (27) के साथ संडीला गए थे। देर रात दोनों बाइक से घर आ रहे थे। थाना क्षेत्र के बानपुर गांव के पास पीछे से ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों साथी सड़क पर गिर गए। बाइक चला रहा संदीप सड़क पर गिर गया। इससे ट्रक ने उसे कुचल दिया और मौके पर ही मौत हो गई। साथी किशनपाल सड़क की दूसरी साइड में गिरा। इससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस दी गई। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

# कस्बा सहित 200 गांवों की बत्ती गुल, पानी के लिए परेशान रहे लोग

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कस्बा के विद्युत उपकेंद्र की इनकमिंग मशीन में शनिवार की सुबह खराबी आ गई। इससे कस्बा सहित 200 गांव की बिजली गुल हो गई, जो छह घंटे बाद बहाल हो सकी। इससे लोग पेयजल के लिए परेशान हुए। इनकमिंग मशीन फुंकने के कारण चारों फीडर बंद हो गए और कस्बा सहित 200 गावों की आपूर्ति ठप हो गई। बिजली बाधित होने से पानी सप्लाई भी बंद रही। जिसके कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों को लेकर काफी दिक्कतें हुई। करीब छह घंटा बाद दोपहर दो बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। आपूर्ति शुरू होने के आधा घंटा के बाद फिर फाल्ट हो गया, उसके बाद डेढ़ घंटे की रोस्टिंग हो गई। इससे करीब पांच बजे आपूर्ति चालू हुई।

# गोआश्रय स्थल में गाय मरी, शव को नोंच ले गए जानवर

**ग्रामीणों के अनुसार यहां दस दिन में दूसरी गाय मरी है**

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

देखरेख के अभाव में गोआश्रय स्थलों का बुरा हाल है। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूपापुर के चकरैना में बने गोआश्रय स्थल का आया है, जहां दो दिन पहले मरे गोवंश को दफनाया नहीं गया। ऐसे में उसके शव का काफी हिस्सा सियार और कुत्ते नोंच ले गए। ग्रामीणों के अनुसार यहां दस दिन में दूसरी गाय मरी है। बीते साल इस गोआश्रय स्थल में मृत गाय के शव को कुत्ते के नोंचे लेजाने की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान लिया था। तब कुछ समय व्यवस्था दुरुस्त रहीं, लेकिन अब एक बार फिर यहां स्थिति खराब हो गई है। मौजूदा समय में यहां कुल 42 गोवंश हैं। जिन्हें खिलाने के लिए हरा चारा भी नहीं है। यहां सूखा भूसा खाने से गाय कमजोर होकर बीमार हो गईं हैं और देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहीं हैं। गोपालक फकीरे ने बताया कि 10 दिन पहले जो गाय मरी वह बीमार थी। सुबह उसे दफना दिया गया, लेकिन बाद में दूसरी गाय की मौत होने पर उसके शव को नहीं दफनाया गया। ऐसे में उसके शव का काफी हिस्सा कुत्ते और सियार नोंच ले गए।

**गोआश्रय स्थल का किया जा रहा विस्तार**

गोआश्रय स्थल की क्षमता बढ़ाकर यहां और जानवरों को रखने के लिए पिछले हिस्से में एक और टिन शेड डलवाया जा रहा है। साथ ही भूसा रखने के लिए भी पक्का निर्माण कराया जा रहा है। यहां 42 जानवरों की देखरेख के लिए केवल दो लोग है, जिनमें फकीरे और उसकी पत्नी सुशीला देवी शामिल हैं। जबकि जानवरों की संख्या चार दर्जन है। फकीरे ने बताया कि पिछले तीन महीनों से मानदेय नहीं मिला है। प्रधान और सचिव कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

### एक एकड़ जमीन पर चारे के लिए नहीं बोई जाती फसल

गोआश्रय स्थल के परिसर में एक एकड़ से ज्यादा जमीन है। यह जमीन जानवरों के हरे चारे की व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराई गई है। लेकिन फसल नहीं बोई जाती। मौजूदा समय में जमीन पर जंगली घास खड़ी है। यदि हरे चारे को बोने की व्यवस्था कराई जाए।

# पुरातत्व विभाग में संरक्षित चंदेल कालीन मठ मंदिर तथा जलाशय अतिक्रमण की चपेट में

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

**महोबा।** केन्द्र सरकार द्वारा पुरातत्व विभाग का गठन शायद इस मंशा से किया होगा कि पुरातत्व सम्पदा को नष्ट होने से बचाने और जीर्णोद्धार अवस्था में पड़े मठ मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर उन्हे पूर्व के वैभव से सुशोभित किया जा सके। पुरातत्व महत्व के स्मारकों, मठ, मंदिरों और जलाशयों को जमीदोज होने से बचाने की मंशा से 2010 में भारत की संसद में स्मारक एंव पुरातत्व स्थल को संरक्षित करने बावत शासनादेश जारी किया था जिसमें कि 100 मीटर की परिधी में किसी प्रकार निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा। शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य भले ही लोक परियोजना ही क्यों न हो शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि प्राचीन स्मारक की सीमा से चतुर्दिक न्यूनतम 100 मीटर तक के क्षेत्र को प्रतिनिषिद्ध सम्मलित करते हुए सरकार के प्रति दृढ निश्चित को प्रदर्शित किया था। अधिसूचना संख्या 13 द्वारा जारी किया गया अधिनियम प्राचीन स्मारक एंव पुरातत्व स्थल एंव अवशेष अधिनियम 1958 का हवाला भी दिया गया था। प्रतिनिषिद्ध क्षेत्र के पूरे चतुर्दिक न्यूनतम 200 मीटर के क्षेत्र को विनियमित क्षेत्र माना गया है। किसी भी स्मारक अथवा संरक्षित स्थल के वर्गीकरण के परिप्रेक्ष्य में और बढ़ाया जा सकता है। शासनादेश में कहा है कि केन्द्रीय संरक्षित स्मारक के प्रतिनिषिद्ध के भीतर लोक परियोजना सहित किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं होगी तथा विनियमित क्षेत्र मे निर्माण एंव पुनःनिर्माण गतिविधियों की अनुमति विरासत उपविधियो वायलय के आधीन नियंत्रित होगी। यहॉ एक दशक से प्राचीन स्मारकों मठ, मंदिरों तथा जलाशयों के भूतलों तट सरोबरों के तट बंधो में आलीशान भवनों के निर्माण कार्य की होड़ मची हुई है। पुरातत्व विभाग में संरक्षित रामकुण्ड कीरत सागर, मदन सागर और कल्याण सागर तथा बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, आल्हा की गिल्ली, ढेवा की बैठक आदि शहर के प्राचीन स्मारकों के आस पास अतिक्रमण कारियों ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियो की निष्क्रियता पूर्ण कार्य प्रणाली के चलते आलीशान भवनो का निर्माण करा लिया है। मदन सागर के लगभग 2 किलो मीटर के लम्बे तटबंध पर आलीशान भवनों का निर्माणकर अपने शौचालयों के पाईप सरोवर में डाल दिए है। जिससे मदन सागर का पानी विशाख्त हो रहा है। कीरत सागर तथा कल्याण सागर के भूतल में भी अनेकों आलीशान हवेलियां खड़ी हो गयी हैं। प्राचीन स्मारकों को जीवन्त प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन को शीघ्र अति शीघ्र कदम उठाना होगा। अन्यथा की स्थिति में मिली प्राचीन धरोहरों को हम गवां बैठेंगे। इतिहास के पन्नों में धार्मिक स्थलों और जलाशयों को पढ़ेगें परंतु धरा पर उन प्राचीन स्मारकों को खोजते रहे जायेगें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महिला सुरक्षा विशेष दल ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरुक



**जन एक्सप्रेस/उरई।** एसपी के निर्देशन में महिला सुरक्षा विशेष दल टीम ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर महिलाओं व छात्रों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में विभिन्न थानों में मौजूद महिला सुरक्षा विशेष दल ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाली जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला सुरक्षा विशेष दल टीम द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसमें छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया कि शोहदों या किसी अनजान व्यक्ति के परेशान किए जाने पर तुरंत 1090, 1076, 181, 112 नंबर डायल करके पुलिस को जानकारी दें। इससे तुरंत पुलिस सहायता के लिए पहुंचेगी। किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध व्यकित पर संदेह होने पर उन्हें जानकारी दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान टीम ने शहर के स्टेशन रोड, घंटाघर, कोचिंग सेंटरों के आसपास बिना कारण घूम रहे युवकों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी देते हुए नाम व पता नोट किए और हिदायत देकर छोड़ दिया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** रामपुरा थाना क्षेत्र में सिंध नदी के किनारे स्थित सुंदरपुरा रिढौरा में देर शाम महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र में सिंध नदी के किनारे स्थित सुंदरपुरा रिढौरा निवासी पूजा 28 वर्ष पत्नी सतेन्द्र दोहरे ने शनिवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी पर लटक रहे महिला के शव को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिसमें एक बच्ची 5 वर्ष व एक बच्चा 3 वर्ष एवं एक बच्चे की उम्र लगभग एक साल हैं। महिला का मायका असवार मध्य प्रदेश में बताया जा रहा है। वही थाना पुलिस द्वारा मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार को दी गई। इतना ही नहीं बल्कि सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जायजा भी लिया।

### डेढ़ वर्ष पहले चोरी हुई बाइक पुलिस ने की बरामद, स्वामी हुआ खुश

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के चौरासी गुंबद के बाहर खड़ी बाइक डेढ़ वर्ष पहले चोरी हो गई थी। झांसी जनपद के एक थाने में बाइक बरामद की खबर मिल रही है। पीड़ित वाहन स्वामी गोविंद सिंह पुत्र देवी सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले वह अपनी बाइक को चौरासी गुंबद के बाहर खड़ी कर अंदर ऐतिहासिक स्थल को घूमने गया था। जब वह वापस लौटा तो वहां से उसकी बाइक गायब थी। इस घटना की रिपोर्ट कालपी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। बताया कि पीड़ित ने कोतवाली में पहुंचकर बताया कि झांसी जनपद की ककरबई थाने से फोन आया है कि तुम्हारी बाइक थाना क्षेत्र में लावारिस अवस्था में बरामद कर ली गई है। इस खबर पर बाइक स्वामी व कोतवाली पुलिस के द्वारा थाने से बाइक वापस लाने के लिए कार्रवाई शुरू की जा रही है।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के अमीटा गांव निवासी गोविंद सिंह 50 वर्ष पिछले दस वर्ष से शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव में रह रहे थे। बताया गया है कि बीती एक सितंबर को वह बाइक से अपने गांव अमीटा जा रहे थे। तभी पुल के पास उनकी बाइक में एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद राहगीरों ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया था। जहां शनिवार की रात उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास में युवक ने घर के कमरे में फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली के ग्राम गुढा खास निवासी लल्लू राम 29 वर्ष पुत्र कुंजीलाल परिजनों के साथ अपने निजी घर में रहता था। तभी उसने किन्हीं कारणों के चलते देर रात अपने घर के कमरे की छत में लगे कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे पुत्र के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर पड़ोसियों के अलावा ग्रामीण भी मौके पर आ गए, और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए कमरे में लटक रहे शव को दरवाजा तुड़वाकर बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक चार भाई थे। मृतक की शादी नहीं हुई थी। वह नशे का आदी हो चुका था, और वह तनाव में रहता था। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** काशीराम आवासीय कॉलोनी के समीप रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर में स्थित कांशीराम कॉलोनी के समीप से निकली रेलवे लाइन पर रविवार को युवक की अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे लाइन पर क्षत-विक्षत पड़ा शव को देखकर लाइन पर कम कर रहे रेलवे कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर, टरननगंज चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेल घटना स्थल पर पहुंच गए। जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद मृतक की पहचान कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना हाल निवास काशीराम कॉलोनी ब्लॉक नंबर 6 कमरा नंबर तीन निवासी राघवेंद्र सिंह 42 वर्ष पुत्र परमाल सिंह के रूप में की गई। इस दौरान बताया गया कि मृतक सामान लेकर घर जा रहा था। तभी लाइन पार करते समय ट्रेन से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने घटना की जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## एकादशी पर श्रद्धालुओं के लिए खुले भोज भण्डारे

जन एक्सप्रेस। महोबा



संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति महोबा ने रविवार को भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी की पवित्र तिथि पर कबरई चुंगी के राजस्थान मार्बल के पास पंडाल लगाकर कामदगिरि परिक्रमा करने जा रहे श्रद्धालुओं को प्रातः 9 बजे से तीन बजे तक भोजन प्रसाद कराया। भोजन प्रसाद दान पुण्य करने से सभी मनोरथपूर्ण होते है। इस तिथि को ही राजा हरिश्चन्द्र का राजपाट वापस मिला था। इसलिए चित्रकूट कामदगिरी की परिक्रमा करने जा रहे श्रद्धालुओं को रोककर प्रेम, पूर्वक भोजन कराया। श्रद्धालुओं को भोजन कराने से पहले क्वॉरी कन्याओं को भी भोजन कराया गया। इस पावन कार्य मे संत कबीर अमृतवाणी के सचिव डॉ0 एल.सी. अनुरागी, प्रबंधक जगदीश चन्द्र व अन्य सदस्य विनोद अनुरागी ठेकेदार, हरप्रसाद अनुरागी, दयाराम बाबा, बैजनाथ मुनीम, गौरीशंकर कोष्ठा, कल्लू कक्का आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भोजन प्रसाद संध्या तक चलता रहेगा।

## लम्बित मामलों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को दिलाएं सजा : एएसपी

जन एक्सप्रेस। महोबा



अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभागार, में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम मे जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, अभियोजन अधिकारी न्यायालय व कोर्ट मुहर्रिर, पैरोकारों सहित सम्बन्धित शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर अभियान को सफल बनाने हेतु समीक्षा की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत महिला सम्बन्धी अपराध एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपराधों को चिन्हित करते हुये प्रचलित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर सजा कराने और न्यायिक कार्यों को समयबद्ध एवं विधि अनुसार सम्पन्न कराने सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र, अभियोजन अधिकारी श्रीकृष्ण पाल सिंह सहित जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### युवक ने दो बच्चों के साथ किया अप्राकृतिक दुष्कर्म : मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

**जन एक्सप्रेस/भटनी/देवरिया।** भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो बहनें नवासा पर मायके में ही रहती हैं। दोनों के बेटे दरवाजे पर खेल रहे थे। इसमें एक की मां बाजार गई थी। जबकि दूसरे बच्चे की मां छत पर अपने पति से मोबाइल से बात कर रही थी। इसी बीच पड़ोस का एक युवक घर पहुंचा तथा बच्चों को टॉफी दिलाने के बहाने दुकान पर ले गया और टॉफी दिलाकर सुनसान स्थान पर ले गया।युवक ने दोनों बच्चों के साथ बारी- बारी से कुकर्म किया। इस दौरान बच्चों को को खून से लथपथ देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। रोते बिलखते बच्चे अपने घर पहुंचे जहां मां से अपनी आपबीती बताई। परिजनों ने बच्चों का प्राइवेट क्लीनिक में इलाज कराया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर डा. महेंद्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है। आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चोरों ने किया दवा की दुकान से लाखों नकदी समेत हजारों की समान चोरी

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी/देवरिया।** शनिवार की रात को भाटपार रानी के बीआरडी रोड में चोरों ने एक दवा की दुकान से डेढ़ लाख नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया है। जनकारी के अनुसार शत्रुधन साहनी की बीआरडी रोड में लक्ष्मी फार्मा के नाम से मेडिकल स्टोर है। वह होलसेल का काम करते हैं। शत्रुधन शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए। रविवार की सुबह दुकान खोलने पहुचे तो दुकान के ऊपर का कटरेन शेड टूटा पड़ा था। यह देख दुकानदार के होश उड़ गए। चोर दुकान का कटरेन सेड तोड़ कर अंदर घुस गए थे। सीसी टीवी कैमरे का तार तोड़ कर दुकान में रखा 1.49 लाख नकदी के अलावा क्रीम, पाउडर और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। दुकानदार ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## एकता का संदेश दे रहा 'मेरी माटी मेरा देश' : गिरीश चन्द्र

जन एक्सप्रेस। देवरिया




मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत भाटपाररानी विधानसभा के टीकमपार गांव में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने घरों से मिट्टी और अक्षत एकत्र किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा की मेरी माटी मेरा देश अभियान से जुड़ना सौभाग्य की बात है, हम सभी का सौभाग्य है कि देश के अमर शहीदों की स्मृति में दिल्ली में स्थापित हो रहे अमृत वन में हमारे घरों की मिट्टी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता का संदेश दे रहा है मेरी माटी मेरा देश अभियान, इस अभियान में हम सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विरासत को समृद्ध किया है। हम सभी को अपने देश की विरासतों पर गर्व करना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने टीकमपार के अमर शहीद प्रेमसागर की धर्म पत्नी को अंगवस्त्र देकर उपस्थित लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाया। उपस्थित लोगों ने प्रेमसागर के चित्र पर पुष्पांजलि करके उनको नमन किया।इस अवसर पर मुख्य रूप शहीद प्रेमसागर की पत्नी गुलाबी देवी पुत्र ईश्वर चन्द्र, राजेन्द्र जायसवाल, सुशील शाही, रामायण कुशवाहा, संजय सिंह सैथवार, संजय पटेल, राघवेंद्र सिंह, सुमन्त चतुर्वेदी, शुभंजय, विक्की उपस्थित रहे।

## मां शारदा टूर एंड ट्रेवल्स का विधायक ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। बरहज/देवरिया




मां शारदा टूर एंड ट्रेवल्स व मां शारदा कंप्यूटर का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ द्य क्षेत्रीय विधायक दीपक मिश्रा शाका ने वैदिक मंत्र उपचार के बीच रुद्रपुर रोड टैक्सी स्टैंड स्थित चौधरी कटरा में उक्त प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया द्य इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुल जाने से लोगों को एयर टिकट, रेल टिकट, बस, होटल व गाड़ियों की बुकिंग सहित अन्य कंप्यूटर से जुड़ी सुविधाओं का लाभ आसानी से सस्ते दर पर मिल सकेगा द्य इस दौरान संचालक माखन लाल गुप्ता, अजीत जायसवाल, मुरारी अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, जितेंद्र भारत, शिवशंकर जायसवाल, सुरजीत जायसवाल, चिंतामणि साहनी, घनश्याम कुशवाहा, अजय जायसवाल, राजन यादव, हरेंद्र यादव, मनोज सिंह, माया शंकर सिंह, दो विश्वामित्र, पवन विश्वकर्मा, रामअधीन विश्वकर्मा, रामकेश्वर गुप्ता, गजानंद मौर्य, रिंकू सिंह, गौरव जायसवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### प्रेमिका के बुलाने पर गया प्रेमी घर वालो ने पेड़ से बांधकर पीटा

**जन एक्सप्रेस/लार/देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात में प्रेमिका के बुलाने पर पहुंचे प्रेमी को किशोरी के घर के लोगों ने पकड़ लिया। काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने पेड़ में बांध कर उसकी जमकर पिटाई की। इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक के साथ लड़की के पिता और मां को थाने लेकर चली आई। रविवार को दोनों पक्षों से थाने में पंचायत किया जा रहा था।आरोपी ने पुलिस से पूछताछ में कहा कि लड़की से उसका दो वर्ष से संबंध है। हम उसी के बुलावे पर उसके घर गए थे। उसके घर वालों ने पकड़ कर पिटना शुरू किया। इस घटना में मेरा हाथ टूट गया। उधर पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी गलत नीयत से घर में घुसा था। जब हम लोग जागे तो वह भागने लगा। बरसात की वजह से जमीन फिसल कर गिर गया। उसी घटना में उसका हाथ टूटा है।थाना प्रभारी कपिल देव चौधरी ने कहा कि सूचना पर पुलिस गांव में गई थी। दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया है।

## मृत गाय को दफनाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस/बघौचघाट/देवरिया।** थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में रविवार की सुबह ग्राम समाज की जमीन पर मृत गाय को दफनाने को लेकर दो पक्षों में धक्का मुक्की, मारपीट हो गई। इस दौरान एक बुजुर्ग की अचानक मौत हो गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।सुबह थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी काशीनाथ यादव की मृत गाय को लेकर उनके भाई चंद्रदेव व कुछ लोग गांव के दक्षिण ग्राम सभा की जमीन पर ले गए। जहा गाय को दफना था। वहीं, गांव के ही नरेश यादव का घर है। नरेश गाय को दफनाने से मना करने लगे। कुछ ही समय में दोनों तरफ से धक्का मुक्की शुरू हो गई।इसी दौरान नरेश ने चंद्रदेव उम्र 60 वर्ष को धक्का दे दिए, जिससे वह गिर गए। आनन फानन में चंद्रदेव को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पकाहां ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बात की सूचना लोगों ने पुलिस को दिया मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

### कच्ची शराब सहित दो महिलाएं बंदी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** थाना श्रीनगर पुलिस ने अनुसूचित जनजाति की दो महिलाओ को 25 लीटर देशी मदिरा सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना श्रीनगर पुलिस ने बताया कि श्रीनगर तथा बिलरही मार्ग पर स्थित किशोरगंज स्थित मुखबिर की सूचना पर अनुसूचित जनजाति के डेरो पर छापामार कार्यवाही के दौरान प्लास्टिक की 2 पिपियो मे देशी मदिरा सहित श्रीमति पायल पत्नी आयुष कबूतरा तथा श्रीमति परी पत्नी शंकर कबूतरा को बंदी बनाकर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि छापामारी के दौरान महिलाओ के पति भागने मे सफल हो गये थे। वही दूसरी ओर महिलाओ का कहना है कि उनके पति शराब का सेवन करते है और उन्होने निजी प्रयोग के लिए शराब बनाकर रखी थी जिसे पुलिस खरीद फरोख्त करने का आरोप लगा रही है और हम गरीब महिलाओ को पुलिस द्वारा सताया जा रहा है।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। माधौगढ़

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मजीठ में रविवार की दोपहर हुई मूसलाधार बारिश के चलते आकाशीय बिजली महिला पर गिर गई। जिससे झुलसकर उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने मामले की जांच पड़ताल कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मजीठ निवासी पप्पी 35 वर्ष पत्नी रामवीर रविवार की दोपहर रोज की तरह बकरियों को चराने के लिए खेत पर गई हुई थी। इस दौरान मौसम ने करवट बदली और मूसलाधार बारिश होने लगी। जैसे ही महिला बकरियों को लेकर वापस आ रही थी। तभी जोरों से हुई कड़कड़ाहट के बीच अचानक आकाशीय बिजली महिला पर गिर गई। जिसकी चपेट में आने से महिला झुलस गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना को देख आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गये और उन्होंने जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजनों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण, माधौगढ़ क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही राजस्व अधिकारियो ने देवी आपदा राहत कोष के तहत शासन को इसकी रिपोर्ट भेज दी है।

## सदर विधायक ने अमृत कलश में एकत्र की अक्षत मिट्टी

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन



÷मेरी माटी, मेरा देश÷ अभियान के तहत सदर विधायक गौरीशंकर बर्मा ने पहाड़गांव में मिट्टी अक्षत अमृत कलश में एकत्रित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वीर सपूतों के सम्मान में ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान की घोषणा की थी। इसको लेकर सदर विधायक ने बताया कि %मेरी माटी मेरा देश% अभियान के तहत प्रत्येक घर से माटी और अक्षत इकठ्ठा किए जा रहे हैं। अमृत कलश यात्रा के माध्यम से देश के हर कोने से 7,500 कलशों में मिट्टी लेकर देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा अपने साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर दिल्ली जाएगी। 7,500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' बनाई जाएगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का भव्य प्रतीक बनेगा। इसी के तहत नगर जालौन के वार्ड नंबर 19 में मिट्टी अक्षत अमृत कलश में एकत्रित की गई। इस मौके पर प्रशांत द्विवेदी, मनोज बादल, शिवम गुप्ता, अदित्य मिश्रा, राजीव मिश्रा, वीरेंद्र सोनी आदि मौजूद रहे।

# रौजागांव ओवर ब्रिज पर एलपीजी टैंकर में गैस रिसाव से लगी आग, फोम टेंडर से पाया काबू

**✻ लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर घंटों बाधित रहा ट्रैफिक**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

लखनऊ हाईवे पर रौजागांव ओवर ब्रिज पर एक गैस टैंकर में रिसाव के चलते रविवार की भोर लगभग साढ़े चार बजे आग लग गई। मौके की नजाकत को देखते हुए हाईवे पर वाहनों का आवागमन रोकना पड़ा और फायर टेंडर को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया वहीं मुख्यालय से फोम टेंडर भेज आग पर काबू पाया गया है हालांकि गैस का रिसाव अभी जारी है मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचना इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अधिकारियों को दी गई है।

बताया गया कि मथुरा गैस प्लांट से एक एलपीजी गैस टैंकर कैप्सूल अयोध्या होते हुए नेपाल जा रहा था हाईवे पर गैस टैंकर कैप्सूल एमएच 46 एच 5057 में गैस का रिसाव होने लगा बरसात के बावजूद जैसे ही गैस टैंकर कैप्सूल रौजागांव के ओवरब्रिज पर चढ़ा कि उसमें आग लग गई वाहन का चालक राम हरिद्वार पुत्र कन्हैयालाल मौके से भागकर किनारे हुआ और मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी जिसके बाद अग्निशमन विभाग को



सूचित किया गया और पुलिस के अधिकारी व जवान मौके पर पहुंच आवागमन को नियंत्रित करने में जुट गए। वहीं ओवरब्रिज से आवागमन को रोक दिया गया और रुदौली के फायर टेंडर ने आग पर काबू पाने की कवायद शुरू की। अपेक्षित सफलता न मिलने पर फायर सेंटर बाराबंकी के रामसनेही घाट, सोहावल और मुख्यालय सूचना दी गई तो आसपास के फायर टेंडर भी मौके पर पहुंच गए। साथ ही मुख्यालय से फोम टेंडर समेत तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचा और सभी ने चारों तरफ से घेर कड़ी मशक्कत के बाद फोम टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया।

सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है सूचना आईओसी के अधिकारियों को दी गई है।

रौजागांव ओवरब्रिज पर एलपीजी गैस टैंकर कैप्सूल में गैस रिसाव के चलते लगी आग के मामले में अग्निशमन और पुलिस के अधिकारी कैप्सूल में धमाके की आशंका को लेकर हलकान रहे। जिसके चलते हाईवे के दोनों लेन पर वाहनों को दूरी पर ही रोक दिया गया फायर टेंडर की ओर से पानी की बौछार के बावजूद आग पर काबू न होने के चलते फोम टेंडर की मदद ली गई, तब जाकर आग काबू में आई हालांकि कैप्सूल से गैस का रिसाव अभी जारी है वहीं रूट डायवर्ट कर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है अग्निशमन विभाग के प्रदीप पांडेय का कहना है कि फोम टेंडर ने आग पर काबू पा लिया है।

## अमृत महोत्सव समारोह के समापन पर सभासदों को भेंट किया अमृत कलश व तिरंगा



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने रविवार को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के समापन पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत समस्त सभासदों एवं संयोजकों को अमृत कलश तथा तिरंगा भेंट किया।

जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को आजादी के का अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह में प्रदेश में **मेरी माटी मेरा देश** कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श नगर पालिका परिषद मीटिंग हॉल कक्ष में सभी वार्डो के सभासदो एवं संयोजको को अमृत कलश एवं तिरंगा भेट किया गया। अध्यक्ष धीरू सिंह ने वार्ड 10 टेढ़ी बाजार एवम वार्ड 25 पुरानी बाजार में अमृत कलश ले कर घर घर संपर्क कर अक्षत कलश में संग्रह किया। अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश को एकात्मता के सूत्र में पिरोने की यह पावन यात्रा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव के साथ 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का काम करेगा। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल गुप्ता नगर अध्यक्ष, डी पी सिंह, विक्की शर्मा, वरुण सिंह महामंत्री, झूमा सिंह, स्वर्णलता सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता सहित अन्य सम्मानित बंधु उपस्थित रहे।

## गुजराती मंदिर के युवा महन्थ बने नन्दनन्दन शरण, सभी महंतों ने दिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



प्रमोद वन स्थित विजय राघवकुंज गुजराती मंदिर के नए युवा महन्थ नन्दनन्दन शरण महराज महंत बलराम शरण बापू के साकेतवास होने पर रिक्त पड़ी गद्दी पर अयोध्या के महंतों ने गद्दी पर बैठाकर कंठी चादर देकर आशीर्वाद दिया। जिसमे प्रमुख रूप से बड़े स्थान के महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज कमल नयन दास महाराज रासिक पीठाधीश्वर महन्थ जनमेजय शरण महाराज जगदुरु दिनेशाचार्य श्रृंगार कुंज के महंत हरि भजन दास संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास हेमन्त दास महामंडलेश्वर गिरीश दास महराज रामबल्लभाकुंज के अधिकारी राज कुमार दास हरिहर आश्रम अभय दाता आश्रम के महंत संजय दास सास्त्री महाराज नागा राम लखन दास महराज महन्थ दामोदर दास महन्थ रत्नेश शरण महन्थ घनश्याम दास मंदिर प्रबंधक बाबा अमरनाथ पांडेय प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार दुर्गा प्रसाद आफत विपिन सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने भी कंठी चादर दिया तथा वृहद फलाहारी भंडारा हुआ, सोमवार को बड़ा भण्डारा होगा जिसमें सन्त महन्थ के साथ-साथ गृहस्थ भी शामिल होगें।

## सैकड़ो वर्ष पुराना पाकड़ का पेड़ अतिक्रमण की चपेट में

**✻ 400 वर्ष पुराना पाकड़ का पेड़ चौपाल का गवाह**

जन एक्सप्रेस। बीकापुर-अयोध्या

विकासखंड क्षेत्र के तहसील क्षेत्र के काजी सराय बाजार में जलालपुर माफी शाहगंज मार्ग के किनारे स्थित सैकड़ो वर्ष पुराना पाकड़ का पेड़ और यहां पूर्व में स्थित रहा कुआं अपने अतीत में पुरानी यादों को समेटे हुए हैं। लेकिन अतिक्रमण के चलते या अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। तमसा के तट पर बसा रियासत काल का काजी सराय कस्बा किसी जमाने में फरियादियों की पनाहगाह हुआ करता था। बताते हैं कि यहां पर स्थित करीब 400 वर्ष पुराना पाकड़ का पेड़ चौपाल का गवाह है। ग्रामीणों की यहां भीड़ लगती थी तथा धूप और उमस से राहत मिलती थी। यहां के निवासी बुजुर्ग गरीबू, रामधारी विश्वकर्मा सभी को



आज भी वह दिन याद है जब यहां पर चौपाल लगती थी और बगल में कुएं का ठंडा और मीठा पानी राहगीरों की थकान तथा प्यास मिटता था। लेकिन अब यह गुजरे जमाने की बात हो गई है। काजी सराय बाजार अब अतिक्रमणकारियों की गुलामी का दंश झेल रही है। यहां तक की तमसा नदी का करीब आधा हिस्सा लोगों के अवैध निर्माण के चलते अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। और यहां तमसा नदी काफी सकरी हो गई है। तंग गलियों में घनी बस्ती के रूप में तब्दील हो चुकी काजी सराय और उसकी शान सैकड़ो वर्ष पुराना पकड़ का पेड़ अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष करता दिखाई पड़ रहा है। पकड़ के पेड़ के पास स्थित प्राचीन कुआं अब लुप्त हो चुका है। काजी सराय निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शकील एवं यहां के कुछ जागरूक लोगों ने बताया कि लोगों के निर्माण और अतिक्रमण के चलते पुराना पाकड़ के पेड़ का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन सटीक पहल नहीं हुई। पिछले कुछ समय से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का चौड़ीकरण और सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई है।

## अब बोर्ड की बैठकों में नहीं शामिल होंगे माननीयों के प्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर सहित पूरे प्रदेश की नगर पंचायतो तथा नगर पालिकाओं में अब सभासदों के प्रतिनिधि को बैठकों में शामिल होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा शासनादेश जारी करके निर्देश दिया गया है कि नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतो के बोर्ड की बैठक में केवल चुने हुए अथवा नामित सभासद ही भाग ले सकेंगे। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में सभासद की जगह पर कई सभासदों के प्रतिनिधि ने भाग लिया था, जिसकी शिकायत शासन में हो गई है। संभवतः शिकायत के बाद अब शासन ने शासनादेश जारी करते हुए सभी अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि बोर्ड की बैठक में केवल सभासद ही आएंगे उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि नहीं आ सकते हैं। शासनादेश पर नगर आदर्श पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि शासन द्वारा जारी नियमो का पालन किया जाएगा। इस संबंध में जल्दी नोटिस जारी करके सभी सभासदों को अवगत कराया जाएगा।

## एसपी कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 04 विवादों का निस्तारण




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तुत किए गए पत्रावलियों में से चार पारिवारिक विवाद के मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर काउंसलरो के प्रयास से निस्तारण कराया गया।

जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद की पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। बैठक में 04 पत्रावलियों का सफल निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर संभव हुआ। परामर्शन में मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, तनवीर जहां, वन्दना मिश्रा, देवता दीन दुबे, महिला कांसटेबल ज्योति व महिला थानाध्यक्ष श्री अजय कुमार मौर्या का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में जिन पत्रावलियों का निस्तारण किया गया उनमें अमित वर्मा बनाम रीता वर्मा थाना को0 देहात, आफरीन बनाम अली अहमद थाना गैड़ास बुजुर्ग, गुड़िया चौहान बनाम सुनील थाना विशेश्वर गंज बहराइच तथा आनार कली बनाम अंगद थाना को0 देहात बलरामपुर शामिल थे।

## विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की पताका पूरे विश्व में फहराया : सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार - अयोध्या



नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने हमें आजादी दिलाने में महती भूमिका अदा किया वहीं दूसरी तरफ स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति कि पताका पूरे विश्व में फहराया जिससे हमारी संस्कृति का लोहा पूरा विश्व मानता है, उक्त उदगार प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत रसूलाबाद के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं राष्ट्रपुंज स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण एवं सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हो पर चलकर देश की एकता एवं भारत के गौरव को पूरे विश्व में पहचान दिलाते हुए देश को विश्व गुरु बनाना होगा सांसद लल्लू सिंह ने स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को सराहा। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस व स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा का अनावरण किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज राणा बलराम दुबे सुधाकर दुबे अमरदीप गौड़ डॉ अरुण तिवारी हरिशंकर तिवारी व संजय तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चंद्रभाल तिवारी व संचालन लोकेश तिवारी ने किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के संयोजन में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महानगर के सौ शिक्षकों को अंगवस्त्र व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथ जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार आर्य, विशिष्टि अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय प्रताप सिंह व मुख्यवक्ता अभाविप अवध प्रांत के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवानंद तिवारी, महानगर अध्यक्ष डा.आलोक कुमार सिंह व महानगर मंत्री सत्यम दुबे माँ सरस्वती स्वामी विवेकानंद और भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वन और पुष्पार्चन कर किया। मुख्यवक्ता देवानंद तिवारी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के लिए संस्कारवान युवा तैयार करें जो राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा सकें। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार आर्य ने कहा कि परिषद एक अनूठा छात्र संगठन है, जो व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को साकार कर रहा है।

कहा कि एबीवीपी का आंदोलन भी रचनात्मकता के लिए होता है, कार्यक्रम का संचालन अभाविप अयोध्या महानगर के उपाध्यक्ष डॉ अंकित मिश्रा ने किया। इस मौके पर महानगर के उपाध्यक्ष डॉ लोकेंद्र उमराव, डॉ अनुराधा गर्ग, डॉ अवधेश शुक्ला, मनीष सिंह, महानगर सह मंत्री अंश जायसवाल पणनिता राय सौम्या पांडेय, अनुराग मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला शेखर तिवारी अनादि पांडेय प्रियांशु महेश साकेत महाविद्यालय विस्तारक आकाश जी विश्वविद्यालय विस्तारक अश्वनी मौर्या विपिन, मनीष यादव, आशुतोष राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकम के समापन पर सामूहिक वन्देमातरम किया गया। अंत मे महानगर कार्यक्रम के संयोजक शिवम मिश्रा जी व संगठन मंत्री अंकित भारतीय ने सभी शिक्षकों का अभिनन्दन कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## साल में 80 लाख रुपए की आमदनी कर रहा सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

जन एक्सप्रेस। बहराइच



सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बहराइच द्वारा ग्राम पंचायत सिसई हैदर में स्थापित किये गये मशरूम उत्पादन यूनिट का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तदोपरान्त डीएम ने मशरूम उत्पादन कक्ष में कोकोपिट डालकर मशरूम की बिजाई की तथा तैयार फसल की कटाई भी की। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, उप-संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक प्रदीप कुमार, कम्पनी की निदेशक निदेशक हेमादेवी, जानकीदेवी, सौम्या चौधरी, मुन्नालाल वर्मा, संतोष सिंह एवं कंचन सिंह तथा बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने समस्त एफपीओ निदेशकों/सदस्यों का आहवान किया कि कृषि के क्षेत्र में नवाचार को अपनाकर स्वयं की आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ आकांक्षात्मक जिले में दूसरों के लिए भी रोज़गार के अवसर पैदा करें। डीएम ने सुझाव दिया कि जरबेरा का व्यावसायिक स्तर पर पालीहाउस के अन्दर उत्पादन करें क्योकि जरबेरा उत्पादन से जिले के निर्यात में बढ़ोत्तरी होगी। डीएम ने कहा कि हल्दी और केले की व्यवसायिक स्तर पर गुणवत्तापरक खेती से किसान भाईयों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी। डीएम ने कहा कि जिले के 06 एफपीओ द्वारा सन19फार्मर्स कम्पनी के साथ एम.ओ.यू. साईन किया गया है। जिससे एफपीओ द्वारा उत्पादित केला कम्पनी को सीधे बिक्री कर अधिक से अधिक मूल्य प्राप्त करेंगे। डीएम ने कहा कि बाबा रामदेव की कम्पनी से हल्दी उत्पादन की स उन्होंने बाबा रामदेव की कंपनी से हल्दी उत्पादन की प्रोसेसिंग व बिक्री के सम्बन्ध में चर्चा की जिससे जनपद में उत्पादित हल्दी का उनकी कंपनी से एम.ओ.यू. कराकर हल्दी उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि जिले में 61 एफपीओ का गठन कराया गया है। श्री शाही ने कहा कि जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में कई एफपीओ द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। श्री शाही ने बताया कि श्रीमती कंचन सिंह के नेतृत्व में सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा व्यवसायिक दृष्टिकोण से मशरुम का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर लोगों को रोजगार प्रदान करते हुए वर्ष में लगभग 80 लाख की आमदनी की जा रही है। सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.ई.) अंतर्गत मशरुम यूनिट की स्थापना कराई गयी है। जिस पर योजनान्तर्गत भारत सरकार 03 प्रतिशत ए.आई.एफ. योजना से उद्यान विभाग द्वारा भी मशरुम यूनिट लगाने पर अपने विभाग से 35 प्रतिशत अनुदान दिया गया है। उप निदेशक द्वारा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में संतोष सिंह, श्रीमती कंचन सिंह एवं मुन्नालाल वर्मा द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।

एफपीओ निदेशक श्रीमती कंचन सिंह द्वारा डीएम मोनिका रानी को बताया गया कि हमारे एफपीओ द्वारा मशरुम की खेती करके तथा उसकी ब्रांडिंग करके बहराइच, बलरामपुर, लखनऊ आदि मण्डियों में भेजा जा रहा है, जिससे 40 महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है तथा एफपीओ को भी मशरुम सप्लाई से प्रतिदिन लगभग 50 हजार तथा वार्षिक लगभग 80 लाख की आमदनी हो रही है। इससे पूर्व मशरूम उत्पादन यूनिट पहुंचने पर एफपीओ के निदेशकों द्वारा जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को शहद भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने एफपीओ के 11 नए शेयरहोल्डर्स को शेयर सर्टिफिकेट प्रदान कर उनको एफपीओ से साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यूनिट के उद्घाटन के पश्चात डीएम ने मशरूम उत्पादन यूनिट का निरीक्षण किया तथा परिसर में चन्दन का पौध रोपित कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

## कसहरी खुर्द कांड का आरोपी गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

जन एक्सप्रेस। बहराइच

थाना कैसरगंज क्षेत्र के कसेहरी खुर्द गांव में बीती रात बदमाशों की ओर से गृहस्वामी को पीटने, उसे बेटे समेत बंधक बनाने तथा जेवरात व नगदी लूटने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने दी।

श्री सिंह ने बताया कि ग्राम कसेहरी खुर्द में मनीष कुमार कश्यप पुत्र मुंशीलाल के घर चोरी की सूचना मिलने पर 112 नम्बर व थाना कैसरगंज की पुलिस ने मौके पर जाकर चोरों की घेराबंदी कर ली। पुलिस से घिरा हुआ जानकर चोरों ने चोरी किये गये सामान साबुन, तेल, रिफाइंड, मसाला, काजू, लेडीज पर्स, बैग में रखा नगदी तथा घटना में प्रयुक्त बजाज बाइक, एक साइकिल, ताला तोड़ने वाला सब्बल व ताला कटर, हेल्मेट, रेनकोट एवं बरसाती मौके पर छोड़कर भाग गये। इस दौरान पुलिस ने अबू तालिब पुत्र अब्दुल रहमान निवासी वैरीमहेशपुर थाना कैसरगंज को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पर पूर्व में थाना कैसरगंज में गोवध निवारण अधिनियम, यूपी गैंगेस्टर एक्ट तथा जनपद लखनऊ के थाना वजीरगंज में धारा 379 का मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, निरीक्षक अपराध नरेन्द्र सिंह, एसआई रामविलास यादव, एसआई मो. कैसर खां, एसआई रंजीत भारती, उप निरीक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी, हे.कां. मो. इस्माइल, जयप्रकाश यादव, विकास मिश्रा, कां. विष्णु प्रताप सिंह, मनीष यादव, आलोक विक्रम सिंह तथा प्रदीप चैहान शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाया गया अभियान अन्य आरोपियों की तलाश

## डिप्टी सीएम ने 47 संकुल संघो को दिए सीआईएफ के 10 करोड़ 38 लाख 40 हज़ार की धनराशि का चेक




जन एक्सप्रेस। बहराइच

जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में 47 संकुल संघो की दीदियों को सामुदायिक निवेश निधि अन्तर्गत रू. 10 करोड़ 38 लाख 40 हज़ार की धनराशि का चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत 4 लाभार्थियों को आवास की चाभी व 3 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने ग्राम पंचायत पुरैना भवानी बक्श निवासी राकेश पुत्र बुधराम व मुशीर पुत्र रफीक को स्वीकृति पत्र तथा खुशीराम पुत्र माधव व गौरी शंकर पुत्र जोखन को आवास की चाभी, हाड़ा बसहरी निवासी राजू पुत्र बाबू व नान्हू पुत्र पैरू को आवास की चाभी, गुरघुट्टा निवासी मायाराम पुत्र दुलारे को स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, एएसपी सिटी ज्ञानन्जय सिंह, ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव सिसौदिया, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राजकुमार, डीसी मनरेगा के.डी. गोस्वामी, डीसी एनआरएलएम रमेन्द्र कुशवाहा व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के प्रतिनिधि कुंवर करणवीर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद



पीलीभीत। रविवार को नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत इस्लामनगर में नगर पंचायत पकड़िया नौगवां कार्यालय के पास हो रहे नाला निर्माण का अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोख सिंह संधू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माणाधीन नाले की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई जिसके कारण अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोख सिंह संधू ने पूरे नले को ठेकेदार के ही द्वारा तुड़वा दिया और ठेकेदार से कहा की पूरी गुणवत्ता के साथ अगर आप काम करेंगे तभी इस नाले का निर्माण कराया जाएगा अन्यथा किसी भी तरह की धांधले बाजी काम में हम बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अपनी नगर पंचायत में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे हर काम हमें ईमानदारी के साथ करना है और करवाना है अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष सिंह संधू के द्वारा हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस के सह जिला प्रभारी डॉ इसरार अहमद को जानकारी देते हुए बताया कि हम नगर पंचायत में विकास को लेकर बहुत कुछ करने की योजना बना रहे हैं। जिसमें हम एक स्वास्थ्य केंद्र भी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में लाने की कोशिश में लगे हुए हैं। साथ ही इसके एक इंटर कॉलेज बनवाने की कोशिश में भी लगे हुए हैं। जगह-जगह शौचालय भी बनवाना है और ठंडे पानी की टंकी भी लगवानी हैं। बहुत जल्द इस पर कार्य शुरू होने वाला है और बहुत सारे कार्य नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के ईओ के द्वारा पर्याप्त टाइम नगर पंचायत को न देने के कारण भी बहुत सारे काम पेंडिंग में पड़े हुए हैं और पूरी नगर पंचायत को घर-घर पानी मिल सके इसलिए बड़ी टंकी को भी चालू करवाना हैं।

> “मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत इस्लामनगर में नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत में ठेकेदार से नाला तुड़वाकर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए । इससे पूर्व में भी कई बार ठेकेदार को बताया गया की नाला निर्माण की गुणवत्ता में कोई कमी बर्दास्त नहीं की जाएगी। लेकिन निरीक्षण में पाई गई गुणवत्ता में कमी को देखते हुए पूरा नाला ठेकेदार द्वारा तुड़वाकर सही से बनवाए जाने के निर्देश दिए गए।
> –संतोख सिंह संधू, प्रतिनिधि अध्यक्ष, पकड़िया नौगवां, पीलीभीत।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महा रक्तदान शिविर में 72 लोगों ने ब्लड डोनेट किया

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। महा रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्गा सिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर नईगंज की ओर से आयोजित किया गया। जिसमें कुल 72 लोगों ने अपने ब्लड का दान किया। दुर्गा सिटी हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर की ओर से महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाघाटन ऑर्थो विशेषज्ञ डॉक्टर आलोक कुमार यादव ने किया। जिसमें विकास परिषद जौनपुर व आईएमए ब्लड लेने की प्रक्रिया पूरी की। इसमें कुल 72 लोगों ने ब्लड डोनेट दान किया। जिसमें अस्पताल के ऑर्थो विशेषण डॉक्टर आलोक कुमार ने ब्लड डोनेट किया और कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है यहा लोगों द्वारा दिए जाने वाला ब्लड डोनेट निश्चित ही किसी न किसी जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन संरक्षण का काम करेगा। और लोगों को भी बढ़ चढ कर ब्लड डोनेट करना चाहिए। अस्पताल के कर्मचारियों ने रक्तदान किया और इस दौरान लोगों को ब्लड डोनेट के लिए जागरूक किया गया। विकास परिषद के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, महिला संयोजिका श्वेता अग्रहरि, सचिव पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष शरद साहू, प्रकल्प प्रमुख सुजीत गुप्ता मौजूद रहे।

### भगवान कृष्ण की दधकांधो शोभा यात्रा पर बरसे फूल

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। भगवान कृष्ण की दधकांधो शोभायात्रा मनमोहक सिंहासनों व बैंड बाजे के साथ नगर में धूमधाम से निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। नगर के बड़ा स्थल मंदिर से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की दधकांधो शोभायात्रा धूमधाम से अपराह्न तीन बजे लगभग प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में बड़ा स्थल मंदिर, छुटनी मंदिर के भगवान कृष्ण के सजे हुए सिंहासन आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। शोभा यात्रा में आगे भारी संख्या में, पुरुष, बुजुर्ग तथा बच्चे यात्रा के साथ पैदल चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह भगवान कृष्ण के सिंहासनों को रोककर आरती उतार कर पूजा-अर्चना की तथा पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण की जय जयकार की और शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान मार्ग पर निकलने वाले श्रद्धालु को लगातार प्रसाद वितरण किया जा रहा था तथा श्रद्धालु दही को छिड़कते हुए कृष्ण कन्हैया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मोहल्ला दुवे में दुबे तालाब पर जाकर संपन्न हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस फोर्स यात्रा के साथ चल रहा था।



### मोटर का तार सही करते समय अधेड़ को लगा करंट

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। गांव चंदपुरा में मोटर का तार ठीक करते समय अचानक अधेड़ के बिजली का करंट लग गया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। बेहोशी की हालत में अधेड़ को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी जफरुद्दीन अपने घर में लगे पानी वाले मोटर के तार सही कर रहा था। अचानक बिजली आने से उसके करंट लग गया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों में चीख पुकार मच गयी। चीख पुकार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। ग्रामीणों की मदद से अधेड़ को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



### आगरा राष्ट्रीय लोकदल युवा सम्मलेन

जन एक्सप्रेस/आगरा। दयालबाग में रविवार को राष्ट्रीय लोकदल का युवा सम्मेलन आयोजित किया गया । जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। घोसी उपचुनाव में भाजपा की हार और समाजवादी पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि लोकदल युवा विंग क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं और किसानों की अनदेखी कर रही है। जिसका परिणाम घमंडी भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हार के रूप में मिलेगा। रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश चौहान ने कहा इंडिया गठबंधन ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के अहंकार को तोड़ दिया है। अब जनता जागरूक हो गई है। राष्ट्रीय लोकदल इंडिया गठबंधन के साथ भाजपा के अहंकारी ताबूत में अंतिम कील ठोकने का कार्य करेगा। युवा जिला अध्यक्ष अमित चौधरी ने युवाओं से राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह की नीतियो का गांव गांव प्रचार-प्रसार कर जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश जाटव, महानगर अध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला, जितेन्द्र चौधरी ,मुकेश चौधरी,तरूण चौधरी, गौरव चौधरी,सोनू ठाकुर, अमित गुर्जर, राहुल भदौरिया,हेमन्त गन्धार, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन की पीलीभीत में आयोजित की गई पहली बैठक

* जिले को भाजपा मुक्त करने के लिए चलेगा अभियान
* सात अक्तूबर को पीलीभीत में आयोजित होगा लोकतंत्र बचाओं देश बचाओं कन्वेंशन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



रविवार को जनपद के रमा पैलेस में इंडिया गठबंधन के दलों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।
बैठक के बाद सभी दलों की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि घोसी उपचुनाव के नतीजों ने एलान कर कर दिया है कि भाजपा सरकार की विदाई का देश की जनता ने मन मना लिया है। इंडिया गठबंधन देश की जनता की इसी भावना का प्रतीक है। सभी दलों के नेताओं ने कहाकि पीलीभीत में हम इंडयन गठबंधन के लोगों की एकता पीलभीत को भाजपा मुक्त बनायेगी। देश में लोकतंत्र संविधान सभी पर खतरा है। महिलाओं को नंगा घुमाया जा रहा है। विपक्ष की आवाज दबाने और लोकतंत्र को सीमित करने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन का नारा देकर भ्रमित किया जा रहा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले में जनजागरण अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन आगामी सात अक्तूबर को पीलीभीत के केजीएन कॉलोनी सभागार में लोकत्र बचाओं देश बचाओं विशाल कन्वेंशन आयोजित करेगा। पीलीभीत की आज की बैठक में इंडिया गठबंधन से जुडे नौ दलों के नेताओं ने भाग लिया।
इनमें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, आमा आदमी पार्टी केजिलाध्यक्ष अमित मिश्र, तृणमूल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अकील अहमद इदरीसी, भाकपा माले के लोकसभा प्रभारी अफरोज आलम, जिला सचिव देवाशीष राय, भाकपा के जिला संयोजक राधेश्याम, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरिफ हजरत खां, शिवसेना के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष प्रमोद पटेल, सपा के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव संजय कुमार, कांग्रेस मोहम्मद ताहिर, आप के रामचंद्र प्रजापति , भाकपा माले के किशन लाल, मनोहर लाल, भाकपा के टेकचंद्र वर्मा, रालोद के शावेज खान,पलजिंद सिंह, मलकीत सिंह, मुनेंद्र भारती, युसूफ मलिक उपस्थित रहे।

> “आज की बैठक सफल रही है। आगामी सात अक्तूबर के कार्यक्रम की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता तथा गठबंधन के नेता जागरूकता कर प्रोग्राम को सफल बनाएंगे श्री जग्गा ने कहा कि जनता जाग चुकीं हैं। जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया।
> –जगदेव सिंह जग्गा
> समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष



## वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी रोपित पौधे तोड़ रहे हैं दम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**ट्रांस क्षेत्र में दम तोड़ रहे हैं पौधे**
हजारा थाना परिसर बॉब शाखा कबीरगंज,सिद्ध नगर डीसीबी शाखा कबीरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों परिसरो में लगाये गये पौधे देखरेख के अभाव में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

हजारा(पूरनपुर)। हरियाली और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए हर वर्ष सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर पूरे प्रदेश व देश में वृक्षारोपण के तहत हर जगह पौधरोपण कराती है मगर देखरेख के अभाव में लगाये गये पौध दम तोड़ रहे हैं।सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए सरकार को पौधरोपण के साथ साथ लगाये गये पौध के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी कड़े कदम उठाना पड़ेगा। सरकार के द्वारा हरियाली और पर्यावरण बनाये रखने और वन संपदा को बढ़ाने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर जुलाई माह में बड़े पैमाने पर सरकारी कार्यालयों,स्कूल,कालेज,अस्पताल, थाना,बैंक, आंगनबाड़ी परिसर वाली भूमि पर पौधरोपण के अलावा हर गांव में एवं खाली पड़े भूमि पर औषधीय,फलदार,छायादार व इमारती वृक्षों के करोड़ों पौध सरकार लगवाती है। इस कार्यक्रम के तहत पौधरोपण के समय पौध रोपण करते हुए फोटो खिंचवा कर इतिश्री कर लिया जाता है और सरकार और सरकार के जिम्मेदार नुमाइंदे पौधरोपण कर लगाये गये पौधों को भूल जाते हैं।आखिर सरकार हर वर्ष पौधरोपण के नाम पर करोड़ों रुपए केवल फोटो खिंचवाने के लिए खर्च कर रही है।करोड़ों रुपए खर्च कर इतने बड़े पैमाने पर लगायें जा रहे पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन और देखरेख के लिए कड़े नियम बनाने होंगे तभी सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार किया जा सकता है।

## मलेरिया के आठ नए रोगी मिले, स्वास्थ्य टीमें मुस्तैद

* कैंप लगाकर दवाइयां को किया गया वितरण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद में इस बार मलेरिया ने पांव पसार लिए हैं। रोजाना मलेरिया के आधा दर्जन से अधिक केस सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को मलेरिया के छह केस मिलने के बाद शनिवार को मलेरिया के आठ नए केस सामने आए, इसमें तीन केस बिलसंडा के हैं। इसके अलावा बीसलपुर, बरखेड़ा व जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी मलेरिया रोगी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उपचार उपलब्ध कराया। मलेरिया विभाग की टीम द्वारा छिड़काव कराकर फॉगिंग कराई गई है। बिलसंडा के ग्राम राठ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मलेरिया के 67 और डेंगू संदिग्ध 12 रोगियों की जांच की गई। गांव में 79 रोगियों को लक्षण के अनुसार उपचार दिया गया। ग्राम राठ के अलावा शहर के मुहल्ला एकता नगर, अशोक कालोनी, सुनगढ़ी, साहूकारा, भूरे खां में लार्वानाशक दवा का छिड़काव एवं सोर्स रिडक्शन कराया गया। सीएमओ डा.आलोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। स्थिति नियंत्रण में हैं। मलेरिया या डेंगू रोगी का पता चलते ही टीमें दरवाजे तक पहुंच रही हैं। लोगों से अपील है कि बुखार को छिपाएं नहीं। हमारी टीमों से संपर्क करें। अस्पताल पहुंचकर इलाज कराएं। जांच व इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी स्थिति में झोलाछाप या मेडिकल स्टोर से दवा लेकर सेवन न करें। विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श के बाद ही दवाओं का सेवन करें। अपने मन मुताबिक एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग बिल्कुल भी न करें, यह शरीर के अंगों के लिए हानिकारक हो सकता है।

### रंजिशन: दबंगो का आतंक कार में की तोडफोड

जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा। जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गाव कुरैया ता0 फूट कुआ के निवासी प्रेम पाल ने बरखेड़ा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की 6 सितंबर की शाम को 9 बजे गाव के ही सर्वेश, खेमकरन, निरंजन ने एक राय होकर आए और पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए वैगन-आर कार मे जमकर तोडफोड की तथा गाड़ी मे आग लगाने का प्रयास किया बामुश्किल पड़ोसियो ने उक्त दबंगो को रोका और दबंग लोग पुरानी रंजिश मानते है।

## प्रवक्ता शिवम के प्रयास से वर्चुअल फिजिक्स लैब हुई शुरू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बरखेड़ा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर जगत में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता शिवम मिश्रा के प्रयासों से वर्चुअल फिजिक्स लैब का अनावरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेश पांडेय ने प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को वर्चुअल लैब के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो सिद्धांत कक्षा में पढ़ते हैं, उन्ही का अनुप्रयोग प्रयोगशाला मे किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा मॉडल भी तैयार किए गए जिसमें वॉटर लेवल इंडिकेटर कक्षा दस के छात्र अमित, होम मेड वाटर पियूरिफिकेशन कक्षा नौ के छात्र अंकित पाल व ट्रैफिक प्रबंधन कक्षा नौ के छात्र आकाश द्वारा बनाया गया। प्रवक्ता शिवम मिश्रा ने बताया कि वह काफी समय से वर्चुअल लैब के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य के कुशल निर्देशन व कार्यरत स्टाफ के प्रयासों से वर्चुअल लैब स्थापित करने में सफलता मिली है। इस अवसर पर शिक्षक विकास अवस्थी, संजय कुमार, कुशल पाल, दिलीप कुमार, पुष्पराज मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## ‘उन्नतशील नेपियर चारा उत्पादन कर पशुपालकों को होगा अधिक लाभ’

* जौनपुर में लगाई गई नेपियर की बीएनएच-10 वैरायटी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



जौनपुर। गर्मी के मौसम में अक्सर देखा गया है की किसानो के पास पशुओं के लिए गुणवत्ता युक्त हरे चारे का अभाव हो जाता है जिससे पशुओं का उत्पादन घट जाता है और स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। आपको बता दें कि इसके निवारण के मद्देनज़र कृषि विज्ञान केंद्र , अमिहित, जौनपुर द्वितीय के प्रक्षेत्र पर नेपियर की बहुत ही उन्नतशील वैरायटी बीएनएच10 को लगाया गया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ आर के सिंह ने केंद्र पर इस उन्नतशील वैरायटी की रोपाई की शुरुवात कर यह संदेश दिया कि यह बहुवर्षीय चारे की फ़सल है जिसे किसान भाई अपने खेतों में और मेड़ों पर लगाकर गुणवत्तायुक्त चारा पशुओं के लिए ग्रीष्म काल में भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इसे बढ़ाकर किसानो के लिए प्रदर्शित किया जाएगा और इसपर किसानो को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसी क्रम में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि नेपियर चारे की यह बीएनएच 10 वैराइटी की लंबाई अन्य नेपियर की वैरायटीयों से अधिक होती है और साथ ही साथ यह पशुओं के लिए स्वादिष्ट और सुपाच्य होती है और इसमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है। अन्य वैरिएटियों की तुलना में इसकी पत्तियाँ अधिक चौड़ी होती हैं। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ संदीप कुमार ने बताया कि यह फसल लगाते समय बहुत अधिक गहराई पर रोपाई न करें और रोपाई के बाद अत्यधिक पानी न दें जिससे जड़ों के गलने का ख़तरा बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि आवश्यक मात्रा में नियमित रूप से पानी देने से इस चारे की वृद्धि बेहतर होती है। इस अवसर पर केंद्र के मृदा वैज्ञानिक श्री दिनेश कुमार मौजूद रहे और केंद्र के कर्मचारी श्री प्रदीप, सचिन, धीरज, विश्वजीत एवं तिलक राज ने सहयोग किया।

## कड़कती धूप में छात्र को घंटों खड़े रखा, तबीयत बिगड़ी और हो गई मौत, प्रिंसिपल पर केस दर्ज

* कार्रवाई की मांग को लेकर राज्य मार्ग को आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम किया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



छात्र को प्रिंसिपल ने धूप में खड़े रहने की सजा सुना दी। छात्र काफी देर तक धूप में खड़ा रहा। इस दौरान छात्र की तबीयत बिगड़ गई। जब छात्र स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर के लिए निकला तो उसकी रास्ते में तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब देख छात्र को रास्ते में ही किसी ने अपने घर पर बेड पर लिटा दिया। परिजनों को जब खबर लगी तो वह पहुंचे और छात्र को हॉस्पिटल ले गए। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने छात्र की मौत की पुष्टि की है। परिजनों ने प्रिंसिपल और स्कूल प्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है मीरगंज थाना क्षेत्र का है, जहां सेमरहू गांव का निवासी आयुष सरोज (16) बंधवा बाजार स्थित कंजन बालिका इंटर कालेज में दसवीं का छात्र है। छात्र शनिवार को भी हर रोज की तरह साइकिल से स्कूल गया था। बताया जा रहा है कि कॉलेज में किसी बात को लेकर प्रिंसिपल ने आयुष को धूप में एक घंटे खड़े रहने की सजा दे दी। आयुष धूप में काफी देर तक खड़ा रहा जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। छुट्टी होने पर वह साईकिल से घर के लिए निकला। रास्ते में हालत खराब होते ही आयुष रोड के किनारे स्थित एक व्यक्ति के घर पर लेट गया।

**हॉस्पिटल ले जाते हुए मौत**
परिजनों को जब इसकी जानकरी लगी तो आनन-फानन में आयुष को लेकर मछलीशहर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बंधवा बाजार में शव रखकर रोड जाम कर दिया। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उनकी गिरफ़्तारी की मांग पर परिजन घंटों पर अड़े रहे। हालांकि पुलिस अधिकारियों के समझाने पर किसी तरह परिजन शांत हुए।

**प्रिंसिपल और प्रबंधक पर केस दर्ज**
मृतक छात्र के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने कंचन बालिका इंटर कालेज के प्रिंसिपल और प्रबंधक के खिलाफ सुसंगत धाराओ में केस दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्र की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मेरा माटी मेरा देश के तहत देशभक्ति का जज्बा जगाने को ब्लाक प्रमुख के द्वारा परिक्रमा की गई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



देशभक्ति का जज्बा जगाने के आकलिए उन वीरों के घर पर पहुंच रही है. जिनके घर का सदस्य अपने प्राणों की आहुति दे गया. बीजेपी का मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत खुटहन के काई गावों में ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने शिला फलकम पर माल्यार्पण कर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अभियान के शुभारंभ किया गया। ग्राम प्रधान नरेन्द्र यादव व पिलकिछा व कैराडीह के प्रधान श्याम बहुदार यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के आवाह्न पर भाजपा ने देश के अंदर सभी लोगों ने ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान की शुरुआत की है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हर घर से मिट्टी और चावल एकत्रित करना है। यह 31 अक्टूबर तक देश में अभियान चलेगा.कर्तव्य पथ पर देश के 75,000 ऐसे कलश वहां पहुंचेंगे- शहीद स्मारक पर कलश पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। इस प्रकार पूरे देश के अंदर भाजपा के कार्यकर्ता और आम नागरिक हर घर जाकर साथ ही अपने संगठन को भी आवाहन किया है, घर-घर जाकर इस प्रकार से कलश में एक मुट्ठी मिट्टी और चावल लेकर हम लगातार लोगो से जुड़ेंगे और इस अभियान की आज शुरुआत कर रहे हैं. क्रांतिकारी शहीदों ने अपना जीवन बलिदान करके भारत माता के लिए अपने आप को न्योछावर किया है. ऐसे सभी लोगों के लिए प्रधानमंत्री का जो आवाहन है, हम उस काम में आज से यहां पर जुटे हुए हैं। इस मौके पर सुबास यादव पंधारी निषाद सतीश कुमार दीपू यादव नीरज कुमार सुरेश गीता देवी सरिता रेखा आगनवाड़ी की मौजूद रहें। कार्यकर्ता- भाजपा जितेन्द्र सिंह सुबाष यादव पन्धारी निषाद रोजगार सेवक मन्जू पाठक आँगड़वाड़ी संगीता किरन यादव आशा शशिकला ममता विनीत दुबे घर जल वरुण दुबे सुरेश बिन्द।

# घर में घुस कर प्रेमी ने महिला पर बरसाई कुल्हाड़ी, मौत

- सफीपुर कोतवाली के बाकरगंज मोहल्ला में रविवार सुबह हुई घटना
- हत्या के उसी घर में कमरे में छिपा आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





सफीपुर कोतवाली के बाकरगंज मोहल्ला में प्रेमी ने घर में घुस अपनी विवाहित प्रेमिका पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी के वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बचाने के प्रयास में मृतका का बच्चा भी घायल हो गया। पति के पहुंचने पर आरोपी दूसरे कमरे में छिप गया। हत्या की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गयी। घर के बाहर मोहल्ले वासियों की भीड़ जमा हो गयी जिससे आरोपी भाग नहीं सका। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को आला ए कत्ल कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सफीपुर कस्बे के मोहल्ला बाकरगंज निवासी रिंकी (40) पत्नी राम सिंह तीन वर्ष पूर्व पड़ोसी अनिल पुत्र बाबू के साथ चली गई थी। दोनों उन्नाव शहर में किराये का कमरा लेकर साथ रह रहे थे। रिंकी को अपने तीन बच्चों की याद सताने लगी, तो वह एक माह पूर्व पति के घर वापस आ गई। प्रेमी अनिल भी वापस, आ गया लेकिन वह रिंकी पर मिलते रहने का दबाव बनाता रहा। रिंकी इस पर राजी नहीं हुई तो आरोपी ने प्रेमिका के घर के ठीक सामने चंडीगढ़ में रहने वाले सुरजन के घर के बाहर के कमरे की चाबी ले ली और शनिवार की रात उसी कमरे में आकर लेट गया। रात भर घात लगाए रहने के बाद सुबह रिंकी का पति घर के बाहर बने शौचालय में गया। इसी बीच अनिल मौका पाकर रिंकी के घर मे घुस गया और कुल्हाड़ी से प्रेमिका की गर्दन पर कुल्हाड़ी के ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतका का बेटा आयुष भी घर में ही था उसने मां पर हुए हमले के बाद चीख पुकार मचाई जिसे सुन कर पति राम सिंह घर की ओर भागा। जिससे आरोपी घर के ही एक कमरे घुसा और उसे अंदर से बंद कर लिया। महिला की नृशंस हत्या की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अनिल को आला ए कत्ल कुल्हाड़ी के साथ दबोच लिया। कोतवाल श्याम नरायन सिंह ने बताया कि मृतका आरोपी के साथ तीन वर्ष रहकर एक माह पूर्व वापस आई थी। आरोपी साथ रहने का दबाव बना रहा था लेकिन महिला राजी नहीं थी। पति की तहरीर पर प्रेमी के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, पति राम सिंह ने बताया कि पत्नी रिंकी और पड़ोसी अनिल के बीच प्रेम प्रसंग था। इस पर दोनों तीन वर्ष पूर्व होली के दिन भाग गए थे। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एक माह पूर्व स्वयं पत्नी वापस आई, तो बच्चो की खातिर सब कुछ भूल कर उसे साथ रख लिया। मृतका की बड़ी बेटी अंशिका का विवाह हो चुका है। बड़ा बेटा रवि मुंबई में और छोटा आयुष (11) साथ रहता है। पोस्टमार्टम में मृतका के गले पर कुल्हाड़ी के छह वार मिले है जिससे उसकी मौत हुई। इसके अलावा हाथ में भी एक वार हत्यारे ने किया है।

### बेटे ने अपनी आंखों से देखा मां की हत्या का दर्दनाक मंजर

साथ रहे मृतका के बेटे आयुष ने बताया कि जब आरोपी अनिल ने मां पर हमला किया तो वह वहीं पर था। उसने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके कंधे पर भी कुल्हाड़ी वार किया। लेकिन कुल्हाड़ी पूरी तरह से नहीं लगी। उसने बाहर भाग कर अपनी जांच बचाई और मां को बचाने के लिए शोर मचाया।

### सनकी किस्म के अनिल ने की हैं तीन शादियां

मोहल्ले वालों के मुताबिक रिंकी का हत्यारोपी अनिल सनकी किस्म का है। उसने तीन शादियां की लेकिन उसकी हरकतों के चलते एक के बाद एक कर सभी पत्नियां उसे छोड़ कर चली गयी।

## 210 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग अलग स्थानों पर छापे मारी कर महिला समेत दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। नौ स्थानों पर हुई छापेमारी में टीम ने 210 लीटर कच्ची शराब बरामद की जबकि तीन क्विंटल लहन नष्ट कराया गया। अभियोग पंजीकृत कराते हुए संबंधित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है।

जिला आबकारी अधिकारी करूणेंद्र सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पुरवा राजेश प्रताप सिंह अपनी टीम व मौरावां पुलिस के साथ लोकइया खेड़ा कस्बा व बछौरा में दबिश देते हुए 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान अनीता पत्नी कमलेश निवासी लोकइया खेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा टीमन में संदिग्ध गांवों चोटिहा, सकहन राजपूतान, परागेखेड़ा, अचलगंज, अटवाबैक, बेल्थरा में दबिश के दौरान 7 अभियोग पंजीकृत कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कुल 160 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी साथ ही मौके पर तीन क्विंटल लहन नष्ट कराया गया।





## संगठन विस्तार के लिए आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

संगठन विस्तार के तहत आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन रविवार किया गया। जिसमें पदाधिकारियों को जिले में पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए उसे मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पार्टी में शामिल नए साथियों का स्वागत भी किया गया।

शहर के शहनाई गेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता आप जिलाध्यक्ष अकमल जुनेद व यूथ विंग जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने संयुक्त रूप से की। अध्यक्षद्वय ने बैठक में जिले में पार्टी के संगठन के पर विस्तार पर गहन चर्चा करते पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पार्टी की प्रदेश सचिव व जनपद प्रभारी रश्मि पाण्डे भी मौजूद रहीं। पार्टी में सम्मिलित हुए नए साथियों का स्वागत किया करते हुए उन्हें सदस्यता दिलाई गयी। नई कार्यकारिणी में पार्टी सदस्यों को जिम्मेदारियां भी दी गयी। जिसमें रमेश चंद्र गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, अभिलाष शुक्ला जिला सचिव, अमन शुक्ला जिला सचिव, शाहनवाज अजहर को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, दीपक कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, हेमंत सिंह को जिलाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, शरीक को अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष, अंकित यादव को जिला महासचिव यूथ विंग, प्रदीप कुमार व विमल गुप्ता को संयुक्त रूप जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में अहमद, गणेश प्रसाद कश्यप, सोहेल अहमद हाशमी, नरेंद्र कुमार, आयुष यादव, सुमित बाजपेई, मानसिंह यादव, शिवपाल आजाद, शकील अहमद, बब्बू भाई आदि लोग उपस्थित रहें।

## पुल की रेलिंग तोड़ नदी में गिरा डंपर, चालक की मौत, क्लीनर घायल





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- टायर फटने से डंपर के बेकाबू होने की कही जा रही बात
- बिहार थाना क्षेत्र के बैजुआमऊ गांव के पास हुई घटना

बिहार थाना क्षेत्र के बैजुआमऊ गांव के पास रविवार की सुबह मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा डंपर टायर फटने से पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ लोन नदी में जा गिरा। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ रहा परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। क्रेन की मदद से नदी में गिरे डंपर को बाहर निकलवाया गया।

फतेहपुर जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र टिकरा गांव निवासी घसीटे (27) पुत्र स्माइल डंपर चालक था। बीती रात वह मध्य प्रदेश के रामपुर से मौरंग लाद कर लखनऊ के लिए साथी परिचालक संतोष कुमार (25) पुत्र दुर्गा प्रसाद के साथ निकला था। रविवार सुबह बिहार थाना क्षेत्र के बैजुआमऊ के पास लोन नदी के पुल पर टायर फटने से डंपर बेकाबू होकर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ नदी में जा गिरा। हादसे में घसीटे की मौके पर ही मौत हो गई। संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने नदी में डंपर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। एसओ बिहार संदीप शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक चालक के शव को बाहर निकाल मोर्चरी भिजवया। घायल संतोष को उपचार के लिए सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मोबाइल नंबर के जरिए गाड़ी मालिक के साथ ही मृतक व घायल के परिजनों को हादसे की जानकारी दी है। क्रेन की मदद से ट्रक को नदी से बाहर निकलवाया गया और आवश्यक कार्रवाई की है। मृतक तीन भाईयों में गुड्डू व अयान में बीच का था। उसकी तीन बहने भी है जिनका निकाह हो चुका है। घसीटे की मौत पर मां महरुन, पत्नी रियाना व दो बच्चे रो रोकर बेहाल है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रामलीला के मंचन को लेकर चर्चा में बनी रणनीति

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला कमेटी श्रीनगर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें आगामी 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक होने वाली रामलीला के मंचन के विषय में गहन चर्चा हुई। आगामी आने वाली 19 अक्टूबर से श्रीनगर सरकारी स्कूल के पास जहां हर वर्ष रामलीला का मंचन होता है। वहीं पर इस वर्ष भी प्रारंभ होगी। कमेटी ने बताया और इस वर्ष कई ऐसी चीज होगी जो सनातन प्रेमी को अपनी ओर रामलीला के मंचन में आकर्षित करेंगे अच्छे एवं सुयोग्य कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन ईश्वर से करवाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेश चंद्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रेम शुक्ला, नन्हकू मिश्रा, लालबाबू तिवारी, आदित्य त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, राजकुमार, जगदीश गुप्ता, अजय साहू, राकेश तिवारी, अशोक दुबे आदि मौजूद रहे।

### जन आरोग्य मेले में डॉक्टरों ने मरीजों का किया परीक्षण

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा पीएचसी के डॉक्टरों ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 56 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की कोविड जांच की गई।

### संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। विद्या भारती द्वारा आयोजित विद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों की संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का रविवार को गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगानगर में आयोजित की गई। जिसमें विद्या भारती द्वारा संचालित उन्नाव जिले के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर तारकेश्वर पांडे प्रवक्ता (माध्यमिक शिक्षा परिषद) व पर्यवेक्षक के रूप में आए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एनटीपीसी ऊंचाहार रायबरेली के प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के प्रयोग, प्रदर्श प्रश्नमंच, पत्र प्रस्तुति, मूर्ति कला व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने धर्मेंद्र सिंह, अवध नरेश, कोमल शुक्ला, मनीषा त्रिवेदी के साथ मॉडल का अवलोकन किया। जिसमें बाल वर्ग में अनन्या साहू, खुशी मिश्रा, अंशिका यादव, ख्वाहिश गुप्ता, काव्य जयसवाल, माधव पाठक, शिवांशी दीक्षित तथा किशोर वर्ग में अभय आनंद, समृद्धि मिश्रा, पीयूष पाल, देवांश, अनिकेत मिश्रा, आयुष व तरुण वर्ग में शांतनु, प्राची गौतम, कनिष्क मिश्रा, शुभावरी शर्मा आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इस मौके पर प्रधानाचार्य रमेश तिवारी के अलावा स्कूल के आचार्य मौजूद रहे।

### रोटी बैंक ने किया 200वां भोजन वितरण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। रोटी बैंक की ओर से रविवार को 200वां भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें पनीर, चावल, आलू सब्जी, रोटी, पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। जिसे देखते हुये समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला ने प्रदीप शुक्ला को सम्मानित किया। इस मौके पर आनन्द वर्मा, दिलीप मिश्रा, महेश पाण्डेय, अरूण तिवारी, विनय सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, अरविंद तिवारी, बालेश शर्मा, शिवम पाण्डेय, दीपेन्द्र अवस्थी, बृजेश मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, दीपक आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि वह लगातार निराश्रितों को भोजन कराते चले आ रहे हैं। आगे भी उनकी संस्था इसी तरह निराश्रितों को भोजन कराती रहेगी।

### अज्ञात ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, हुई मौत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार रात करीब आठ आठ बजे डाउन लाइन से ओखा गुहावटी कानपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के पास एक अज्ञात 28 वर्षीय युवक ने उसके आगे छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। यह देख ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन रोकी और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जिस पर एसएस ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को मेमो भिजवाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। मौके से एक शराब की खाली शीशी और पान मसाला भी पुलिस ने बरामद किया है। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। रविवार को उसके परिजन उन्नाव मर्च्युरी पहुंचे। जहां मृतक की गंगा नगर निवासी अंकित प्रजापति पुत्र गंगा सागर प्रजापति के रूप में पहचान की। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### नशेबाज ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, हत्या का शक

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। संदिग्ध परिस्थितियों में कोहना थाना क्षेत्र के अंतर्गत मछुआ नगर के एक नशेबाज युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अनुज उर्फ टाटू उम्र लगभग 32 वर्ष मछली का जाल बिनने का काम करता था। परिवार में केवल दो भाई है। बड़ा भाई शादीशुदा है वहीं मृतक की अभी तक शादी नहीं हुई थी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि अनुज उर्फ टाटू शराब का आदि था। सूत्रों के मुताबिक शनिवार की रात अनुज सोना रामपुर गांव से घूम कर लौटा था। सुबह क्षेत्रीय जनता ने अनुज को फांसी के फंदे पर लटका होने की सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस दी। घटना की जानकारी मिलते ही कोहना थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

## सड़क हादसों में अधेड़ महिला समेत दो की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- ट्रक की टक्कर से बाइक सवार नानी की मौत, नातिन घायल
- साइकिल को बचाने में बाइक डिवाइडर से टकराई, सवार की मौत

नवाबगंज। अलग अलग सड़क हादसों में अधेड़ महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि महिला के साथ रही उसकी नातिन घायल हुई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाएं बीघापुर व अजगैन कोतवाली क्षेत्रों की हैं।

### केस एक

कानपुर नगर के फीलखाना थाना क्षेत्र के लाठी मोहाल घुमनी बाजार निवासी अभिषेक गुप्ता (40) पुत्र ध्रुव चंद्र गुप्ता कोटक महिंद्रा फाइनेंस कंपनी रायबरेली में कार्यरत है। शनिवार शाम वह आफिस बंद कर बाइक से घर वापस आ रहा था। बीघापुर थाना क्षेत्र में ओसिया गांव के पास अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। जिसे बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को बीघापुर सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके पास से बरामद मोबाइल के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी। हादसे की सूचना से घर वालों में कोहराम मच गया। रविवार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। उसकी मौत पर पत्नी नीलम, बेटा शुभ, मां दर्शन, छोटा भाई यश समेत परिजन रो रोकर बेहाल है।

### केस दो

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव मकूर निवासी पुरुषोत्तम की दो बेटियां उमा व बबली हैं जोकि विवाहित हैं। बड़ी बेटी उमा की शादी कानपुर निवासी चंद्रप्रकाश के साथ हुई। जिनकी बेटी सुनैना बचपन से ही अपने नाना-नानी के पास रह रही थी। रविवार दोपहर सुनैना अपनी नानी शांति (50) पत्नी पुरुषोत्तम को लेकर बाइक से नवाबगंज दवा लेने जा रही थी। रास्ते में कुसुम्भी स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नानी शांति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा नातिन सुनैना चोटहिल हो गयी। वही ट्रक चालक मौके पर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनो को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे हल्का इंचार्ज उबैस अली ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में कास्मेटिक दुकानदार का शव रविवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सराय मलकादिम गांव निवासी सज्जाद अली (26) पुत्र रज्जाक अली साप्ताहिक बाजार में कास्मेटिक की दुकान लगा कर रोजी रोटी कमाता था। रविवार को गैस सिलेंडर भरवाने को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। किसी काम से पत्नी घर के बाहर गयी वापस लौटने पर जब वक कमरे में पहुंची तो पति का शव कमरें की छत के कुंडे से बंधे रस्सी के फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख पुकार सुन कर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। मृतक दो भाईयो ने छोटा था। उसकी मौत बड़ा भाई रज्जाक, मां तकदीश, पत्नी तब्सुम्म निशा, दो बच्चे ऊबेश व अरीबा समेत परिजन रो रोकर बेहाल है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन ने किसी प्रकार का कोई आरोप नही लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## साप्ताहिक बाजार में परिजनों से बिछड़ी बच्चों को पुलिस ने मिलाया



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। कस्बे के साप्ताहिक बाजार में आई महिला की चार साल की बच्ची अचानक गुम हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर मां ने चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी। चौकी पुलिस ने सकुशल बच्ची को ढूंढकर परिजन के सुपुर्द किया। मध्यप्रदेश के सतना जिले के गांव सिमरिया निवासी बारेलाल व उसकी पत्नी मीना सोहरामऊ थाना क्षेत्र में राजमार्ग स्थित एक निजी मेडिकल कालेज में काम करते हैं। रविवार दोपहर मीना नवाबगंज कस्बे की साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आयी थी। इस दौरान उसकी चार साल की बेटी रौनक अचानक गुम हो गई। आसपास खोजबीन के बाद जब बेटी नही मिली तो पीड़िता ने चौकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। चौकी पर मौजूद आरक्षी अनूप द्विवेदी व सचिन नादर ने तत्काल बच्ची की खोजबीन शुरू की। जिसके बाद कस्बे के बाईपास के पास से रौनक को ढूंढकर सकुशल माँ मीना के सुपुर्द किया।

## बिल्हौर सीएचसी अधीक्षक की लापरवाही के चलते एक्सरे मशीन उठकर बिधनू अस्पताल में चली गई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील मुख्यालय से मार्च 300 मीटर की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है जब से अधीक्षक डॉ अरविंद भूषण का तबादला हुआ है तब से जितने भी अधीक्षक हुए हैं उन्होंने समस्याएं पैदा की हैं यहां तक की मौजूदा अधीक्षक डॉ दिलीप सिंह तो सारी हदें पार कर दी है कर्मचारी और आशा बहुएं भुगतान के लिए परेशान रहते हैं लगभग 20 दिनों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक-रे मशीन रखी रही और उन्होंने उसको कमरे में फिटिंग नहीं करवाई ना ही उसकी सूचना जिला स्तर के अधिकारियों को दी। जब जिले के अधिकारियों ने पूछा एक्स-रे मिशन फिट हो गई तो उन्होंने बताया कि अभी जस की तस रखी हुई है इसकी सूचना पर अधिकारियों ने एक्स-रे मशीन को वहां से उठवाकर बिधनू अस्पताल में लगवा दिया गया है इसकी चर्चा अस्पताल से लेकर राजनीतिक और ग्रामीण गलियारे में खूब चर्चा हो रही है बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर के अथक प्रयास से स्वास्थ्य मंत्री सुब्रत पाठक ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज से एक्स-रे मशीन उठाने के लिए एक प्रार्थना पत्र के बाद उठवाकर यहां शिफ्ट करवाई थी लेकिन अधीक्षक ने उसको अगर रूम में फिट करवा दिया होता तो अधिकारी शायद उसे मशीन को नहीं उठवाते , यहां पर जनता और मरीज परेशान रहते हैं इसकी कोई चिंता अधीक्षक को नहीं है ना ही दवाइयां काउंटर पर उपलब्ध हैं ना ही डॉक्टर समय से आते हैं जिला स्तर के अधिकारी जब संपूर्ण समाधान दिवस में आते हैं तो अधीक्षक डॉ दिलीप सिंह चरण वंदन कई बार करते हैं जिसके चलते अभय दान मिलता जा रहा है।

## सड़क किनारे युवक का रक्त रंजित शव पड़ा मिलने से मची सनसनी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- मौरावां थाना क्षेत्र के द्वारिकानाथखेड़ा गांव की घटना
- परिजनों ने प्रेमिका के परिजनों पर लगाया हत्या का आरोप
- हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ, जल्द खुलासे की कही बात



मौरावां थाना क्षेत्र के द्वारिकानाथखेड़ा गांव के पास सड़क किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही सीओ पुरवा व मौरावां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। प्रेम प्रसंग में युवक के सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर गांव के बाहर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ने घटना स्थल पर पहुंच कर पूछताछ की। सुरागकशी के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

मौरावां थाना क्षेत्र के हडहरा गांव निवासी वीरेंद्र (25) पुत्र राम प्यारे पिता के साथ मुम्बई में रहकर फैक्ट्री में काम करता है। बीती 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर वह गांव आया था। बीती रात खाना खाने के बाद वह घर से निकला उसके बाद रात भर नहीं लौटा। सुबह ग्रामीणों ने द्वारिकानाथखेड़ा के पास उसका खून से लथपथ शव पड़ा देखा। इसकी जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की हत्या की सूचना मिलते ही सीओ पुरवा दीपक सिंह, एसओ मौरावां भुवन सिंह मौर्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों से घटना को लेकर पूछताछ की है। सुरागकशी के लिए फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। परिजनों व ग्रामीणों के मुताबिक द्वारिकानाथखेड़ा की एक युवती से उसका प्रेम संबंध चल रहा था। उसकी शादी हो गई थी। उसके बाद भी वीरेंद्र पाल युवती के संपर्क में था। वह देर रात वह उसी से मिलने गया था आरोप है कि युवती के परिजनों ने ही उसकी हत्या कर शव गांव के बाहर फेंक दिया। आरोप के आधार पर पुलिस युवती और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी पर एएसपी शशि शेखर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों के अलावा युवती व उसके परिजनों से भी पूछताछ की। उन्होंने जल्द ही घटना के अनावरण की बात कही है। मौरावां थाना प्रभारी भुवन सिंह ने बताया कि एक युवक के शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# इंडिया गठबंधन से सरकार चिढ़ गई इसलिए देश का नाम बदलना चाहती हैः राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूरोप दौरे के तीसरे दिन पेरिस की साइंसेज पो यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि सरकार हमारे इंडिया गठबंधन के नाम से चिढ़ गई है। इसी वजह से देश का नाम बदलना चाहती है। मैंने गीता पढ़ी है। उपनिषद पढ़े हैं और कई हिंदू किताबें भी पढ़ी हैं। इस आधार पर मैं कह सकता हूं कि बीजेपी जो करती है, उसमें कुछ भी हिंदूवादी नहीं है। राहुल आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वहां वे एक प्रवासी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।



### भारत में निचली जाति की आवाज दबाई जा रही

राहुल ने देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, बीजेपी और आरएसएस भारत की निचली जाति, पिछड़ी जाति और इसके अलावा अल्पसंख्यकों की अभिव्यक्ति को रोकने की कोशिश कर रही हैं। मैं ऐसा भारत नहीं चाहता हूं, जहां लोगों के साथ बदसलूकी किया जाए।

### भाजपा के लोग हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं

बीजेपी की विचारधारा पर राहुल ने कहा कि मैंने कभी किसी हिंदू किताब में नहीं पढ़ा और न किसी हिंदू विद्वान से सुना कि आपको उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए, जो आपसे कमजोर हैं। ये बीजेपी के लोग हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करते हैं।

### भारत में करोड़ों लोग असहज महसूस करते हैं

भारत में सिख समुदाय सहित 20 करोड़ लोग असहज महसूस कर रहे हैं। ये हमारे लिए शर्म की बात है। इसे ठीक करने की जरूरत है। ऐसे अल्पसंख्यक भी हैं, जो असहज महसूस करते हैं। ऐसी महिलाएं भी हैं, जो सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

### बेल्जियम में राहुल बोले, रूस-यूक्रेन जंग पर सरकार के साथ

शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा- हम रूस-यूक्रेन जंग पर देश के रुख का समर्थन करते हैं। रूस से हमारे अच्छे रिश्ते हैं। विपक्ष भी इस मुद्दे पर वही स्टैंड लेता जो सरकार ने लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रूस और अमेरिका दोनों देशों के साथ संबंधों से जुड़े एक सवाल पर राहुल ने कहा- भारत एक बड़ा देश है। हमारे कई देशों के साथ संबंध और पार्टनरशिप हैं। भारत का हक है कि वो जिससे चाहे उससे रिश्ते रख सकता है।

### राहुल बोले, भारत में गांधी-गोडसे विजन की लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा, भारत में इस वक्त महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। हिंसा-भेदभाव बढ़ा है। अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और निचली जातियां पर हमला किया जा रहा है। इंडिया अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है। हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश का नाम बदलना चाहते हैं। यह पूरा मुद्दा अडाणी पर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा सके।

# आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू कोर्ट में पेश किए गए



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी चीफ चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी ने रविवार को विजयवाड़ा कोर्ट में पेश किया। 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में नायडू को शनिवार सुबह 6 बजे गिरफ्तार किया गया था। उनसे कल 10 घंटे की पूछताछ भी हुई थी। चंद्रबाबू नायडू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में अपनी दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने चंद्रबाबू को राजनीतिक फायदे के लिए गलत आरोपों में फंसाया है। इस दौरान कोर्ट कॉम्पलेक्स के बाहर तेलुगु देशम पार्टी के समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे। वे राज्य के मुख्यमंत्री और जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इससे पहले शनिवार देर रात अभिनेता और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का विरोध किया। राज्य सरकार के विरोध में वे अपने समर्थकों के साथ विजयवाड़ा जा रहे थे।

### पुलिस ने कहा, चंद्रबाबू ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया

चंद्रबाबू को शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल से गिरफ्तार किया गया था। यहां से उन्हें विजयवाड़ा ले जाया गया, जहां सीआईडी ने उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें रविवार तड़के 3:40 बजे विजयवाड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां 50 मिनट तक उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। यहां से उन्हें कोर्ट ले जाना था, लेकिन सीआईडी उन्हें वापस स्टेट इन्वेस्टिगेशन टीम के दफ्तर ले गई। सीआईडी ने बताया कि चंद्रबाबू ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। उन्होंने जवाब देने की बजाय कहा कि उन्हें कई बातें याद नहीं हैं।

### राजनीतिक फायदे के लिए गलत आरोप में फंसाया गया: चंद्रबाबू

चंद्रबाबू के वकील ने कोर्ट को बताया कि राजनीतिक फायदे के लिए चंद्रबाबू पर गलत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के प्रावधानों की बारीकियों के बारे में बताते हुए दावा किया कि उनके खिलाफ कोई दमदार सबूत नहीं है। उन्होंने कोर्ट से अपील की कि ष्द्धष्ठ की तरफ से दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट को रिजेक्ट कर दिया जाए। चंद्रबाबू नायडू के वकील ने प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के सेक्शन 17 का हवाला देते हुए कहा कि कोई पब्लिक सर्वेंट अपनी आधिकारिक ड्यूटी के निवर्हन के दौरान अगर कोई सुझाव देता है, या कोई फैसला लेता है, तो इससे जुड़े किसी अपराध की इन्क्वायरी या जांच तभी हो सकती है जब इसकी अनुमति कोई ऐसा व्यक्ति दे जो उस पब्लिक सर्वेंट को पद से बर्खास्त करने का अधिकार रखता हो।

# ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए, पत्नी भी साथ थीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जी20 के व्यस्त कार्यक्रम के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार सुबह कुछ समय अपनी आस्था के लिए निकाला और दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर में भगवान के दर्शन किए। इस दौरान उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भी साथ रहीं। इससे पहले बीते दिन सुनक जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। उन्होंने अक्षता के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित रात्रिभोज में भी शिरकत की थी।



### ऋषि सुनक एक दम श्रद्धावान इंसानः दवे

यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा अक्षरधाम मंदिर में पूजा करने पर मंदिर निदेशक ज्योतिंद्र दवे ने कहा कि उनकी पूजा बहुत देर तक रही और जो उनके साथ रहे वे कह रहे थे कि हमारे पास समय कम हैं लेकिन हम उनको कैसे रोक सकते थे? उन्होंने श्रद्धा के साथ पूजा की। दवे ने बताया कि हमने उनको अक्षरधाम मंदिर दिखाया और उनको एक मॉडल भी दिया जिससे उनको मंदिर की याद रहे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं जिनको हमने उपहार भी दिए। वे एक दम श्रद्धावान इंसान हैं।

### ऋषि सुनक ने भगवान स्वामी नारायण के किए दर्शन

ऋषि सुनक पर सिर्फ मीडिया ही नहीं, बल्कि पूरे देश की निगाहें इसलिए भी रहती हैं, क्योंकि वे भारतीय मूल के हैं। उनकी पत्नी अक्षता इन्फोसिस के फाउंडर एनआर नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति की बेटी हैं। सुनक अक्सर भारत और यहां संस्कृति की तारीफ करते रहते हैं। ऐसे में भारत दौरे पर उनका मीडिया और अन्य की नजरों में होना लाजमी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रीति-रिवाज के साथ भगवान स्वामी नारायण के दर्शन किए। जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत पहुंचने पर प्रधानमंत्री सुनक ने कहा था कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। ऋषि सुनक द्वारा कहे गए 'आई एम ए प्राउड हिंदू (मुझे हिंदू होने पर गर्व है)' के सवाल पर अक्षरधाम मंदिर के निदेशक ज्योतिंद्र दवे ने कहा कि यह एक दम सच बात है। हमने जो आज देखा वह एक दम पूर्ण रूप से सच बात है। ऋषि सुनक काफी देर तक अक्षरधाम मंदिर में रुके। बारिश के बीच वे पत्नी के साथ यहां पहुंचे थे। इस दौरान वे छाते के साथ नजर आए और खुद को बारिश से बचाते हुए मंदिर के अंदर प्रवेश किया।



# जनवरी 2024 में आएंगे बाइडन

## 'क्वाड' की बैठक हुई तो एक बार फिर सजेगा भारत का वैश्विक मंच

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जी-20 में शामिल होकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बेशक वियतनाम के लिए रवाना हो गए हों, लेकिन अब भारत को उनके अगले साल दनवरी में आने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइडन को जनवरी 2024 में भारत आने का न्यौता दिया है। जो बाइडन ने सहृदयता के साथ इसे कुबूल कर लिया है। भारत की कोशिश है कि जनवरी 2024 में क्वाड के दो अन्य सदस्य देश जापान और आस्ट्रेलिया भी भारत आएं, जो बाइडन गणतंत्र दिवस के मेहमान बनें और भारत में गणतंत्र दिवस के आस-पास क्वॉड की बैठक हो। यह नई दिल्ली की एक बड़ी कूटनीतिक कोशिश है। चीन इस फोरम से को नापसंद करता आया है। वह इसे अपने विरुद्ध इन देशों की गोलबंदी मानता है। कूटनीतिक गलियारे में माना जाता है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते पर चीन की नजर रहती है। चीन इसे अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार की प्रतिद्वंदिता के रूप में देखता है। एशिया में चीन के बाद भारत के पास ही हर मोर्चे पर दूसरे नंबर की क्षमता है। हालांकि अमेरिका, चीन और भारत के रिश्ते में आपसी विश्वास का संकट भी है। विदेश मंत्रालय के कई पूर्व राजनयिक इस विश्वास के संकट की संभावना से इनकार नहीं करते। एक पूर्व विदेश सचिव कहते हैं कि इस समय अमेरिका और चीन का लक्ष्य अलग-अलग है। इसका असर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। दोनों बड़े देश अपनी-अपनी गोलबंदी में जुटे हैं। चीन की सऊदी अरब समेत कई देशों से करीबी बढ़ रही है। यह अमेरिका को पसंद नहीं आ रहा है।

# बंगाल की एक दशक से मृत मानी जा रही महिला राजस्थान में निकली जिंदा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल से एक अजीबोगरीब खबर सामने आई है। जिस महिला को एक दशक पहले सभी ने मरा हुआ मान लिया था, वह अचानक जिंदा निकल आई है। दरअसल, एमेच्योर रेडियो क्लब ने बंगाल की महिला को राजस्थान में जीवित ढूंढ निकाला है। दरअसल, रेडियो क्लब के सचिव अंबरीश नाग बिस्वास को एक पत्रकार ने बताया था कि उनके पास एक महिला का फोन आया, जो अपने पिता से बात करना चाहती है। पत्रकार ने कहा कि उसे समझ नहीं आ रहा कि क्या किया जाए, इसलिए वह क्लब की सहायता चाहता है। बिस्वास ने कहा कि जानकारी मिलते ही क्लब के सदस्यों ने महिला से फोन पर बात की और राजस्थान में उसकी लोकेशन का पता लगाया। रेडियो क्लब के सचिव ने कहा कि महिला जब कथित तौर पर खो गई थी, उस समय वह किशोरी थी। तब उसकी करीब 27 साल उम्र थी। उसका नाम नजमुनार खातून (अब रूपा मंडल) है। बिस्वास ने कहा कि महिला ने अपने पिता के नाम के साथ पत्रकार को जो गांव का विवरण दिया था।



## भूकंप के समय सुनाई दीं असहनीय चीखें, सड़कों पर सो रहे लोग

# 2000 से ज्यादा की जान गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मोरक्को में शुक्रवार देर रात आए भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 2000 के पार चला गया है। भूकंप के चलते मोरक्को में भारी नुकसान हुआ है, जिससे उबरने में मोरक्को को लंबा समय लगेगा। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, मोरक्को में 6.8 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र माराकेश से 72 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में था। मोरक्को सरकार ने बताया कि भूकंप में अभी तक 2012 लोगों की मौत हुई है और 2059 लोग घायल हैं। इनमें से 1404 लोगों की हालत गंभीर है। ऐसे में माना जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। विदेशी नेताओं ने भी मोरक्को में मारे गए लोगों के प्रति संवेदनाएं जाहिर की हैं।

### अभी तक डरे हुए हैं लोग

लोगों ने बताया कि मोरक्को के कासाब्लांका और राबत शहरों में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह लोग सो रहे थे, जब अचानक से उन्होंने दरवाजे बजने की आवाजें सुनीं। वह इससे घबरा गईं और तुरंत घर से बाहर निकल गईं। बताया जा रहा है कि बीते 120 सालों में यह उत्तर अफ्रीकी देश मोरक्को का सबसे तेज भूकंप था।

# हर 2 लोकसभा सीटों पर कॉल सेंटर बनाएगी भाजपा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उतरने का रणनीतिक खाका तैयार कर लिया है। भाजपा सितंबर अंत तक देशभर में 250 से ज्यादा कॉल सेंटर स्थापित कर लेगी। दो लोकसभा सीटों पर एक कॉल सेंटर होगा। हर सेंटर से 20 हजार कार्यकर्ता जुड़े रहेंगे, जो 24×7 लगातार लोगों तक पार्टी के संदेश पहुंचाते रहेंगे। 2019 की तरह इस बार भी मोबाइल फोन ही सबसे बड़ा टूल साबित होगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष कॉल सेंटर स्थापित करने वाले शीर्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। इन्हें प्रजेंटेशन देकर समझाया जा चुका है कि प्रचार का काम कैसे करना है। हर कॉल सेंटर पर दो टीमें रहेंगी। पहली टीम के कॉलर मोदी सरकार की योजनाओं का न सिर्फ प्रचार करेंगे, बल्कि यह भी बताएंगे कि योजनाओं का अब तक कितना लाभ मिला है। जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, मुफ्त अनाज, कोविड टीकाकरण, आयुष्मान भारत आदि। सूत्र बता रहे हैं कि हर व्यक्ति पर कितना खर्च हुआ, उसका पूरा हिसाब कॉल करके लोगों को बताया जाएगा। कॉल सेंटर की दूसरी टीम विरोधियों पर हमलावर रहेगी। हिंदुत्व, देश, जाति, सेना, क्षेत्र, भाषा, वेशभूषा आदि के विरोध में दिए गए पिछले बयानों को रिसर्च कर खोजेगी। इसके लिए रिसर्चरों की टीमें बनाई जा रही हैं।




### विरोधी दलों की सभाओं में गए लोगों को तुरंत मैसेज जाएगा

कॉल सेंटर के अलावा भाजपा राज्यवार दो इलेक्शन वाररूम बनाएगी, जहां से विरोधी दलों की सभाओं की जियो मैपिंग भी की जाएगी। उत्तर प्रदेश, बिहार, प. बंगाल, महाराष्ट्र और तमिनलाडु में तीन से चार वॉररूम बनेंगे। बाकी राज्यों में जहां सीटों की संख्या 10 या इससे अधिक है, वहां दो वाररूम बनेंगे। सूत्रों का कहना है कि जियो मैपिंग के जरिए विरोधी दलों की रैलियों-सभाओं में गए लोगों के मोबाइल फोन पर तुरंत ही विरोधी दलों के तर्कों और वादों की काट के संदेश पहुंच जाएंगे। कॉलर रियल टाइम पर सूचनाएं भेजेंगे। कॉल सेंटर के जरिए ही केंद्रीय नेतृत्व रियल ज्योग्राफिकल लोकेशन के हिसाब से इनपुट लेगा।

### मोदी कुल 127 रैलियां करेंगे

अक्टूबर के मध्य में घोषणापत्र बनाने, नैरेटिव तैयार करने, मुद्दे तलाशने पर वर्किंग शुरू होगी। पीएम नरेंद्र मोदी की 127 रैली कराने की योजना है। अक्टूबर-नवंबर में समीक्षा के बाद रैलियों की संख्या घटाई-बढ़ाई जा सकती है। मिशन की औपचारिक शुरुआत जनवरी में होगी। माना जा रहा है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही चुनावी उद्घोष हो जाएगा।

# भारत में जी20 की सफलता से तिलमिलाया चीन

## अमेरिका-पश्चिम देशों पर लगाया अपने एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले दिन ही दिल्ली डिक्लेरेशन के लिए सभी देशों को मनाकर झंडे गाड़ दिए। रूस-युक्रेन जंग के बीच पश्चिमी देशों और रूस-चीन के दो अलग-अलग धड़ों को किसी बात पर राजी कर पाना आसान नहीं था, लेकिन भारत ने यह करके दिखा दिया। वहीं, ब्रिटेन ने ग्रीन क्लाइमेट फंड को दो अरब डॉलर देने का एलान किया। इस बीच चीन के दैनिक अखबार का एक संपादकीय सामने आया है, जिससे स्पष्ट है कि भारत में जी-20 की सफलता से चीन भड़क उठा है। उसने अमेरिका-पश्चिम देशों पर अपने एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

### भारत से अलग अमेरिका की चाहत

दरअसल, चीन के एक अखबार ने अपने संपादकीय में कहा कि भारत इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आर्थिक सुधार और बहुपक्षीय कूटनीति पर चर्चा कर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। हालांकि, यह अमेरिका और पश्चिम देशों के चाहत से अलग है। संपादकीय में उम्मीद जताई कि इस साल नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन व्यवधानों को दूर करेगा और एक सफलता की कहानी बनाएगा। चीन ने अमेरिका और पश्चिम देशों पर अपने स्वयं के एजेंडे को बढ़ावा देने और वैश्विक उत्तर और दक्षिण को विभाजित करने के साथ-साथ पश्चिम और पूर्व के बीच टकराव को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

# सोच समझकर वोट देना, प्रदेश में बीजेपी सरकार आई तो सारी राहत योजनाएं बंद कर देगी: प्रियंका गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोंक

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में झिलाय से अपनी पहली चुनावी जनसभा की शुरुआत करते हुए लोगों को खौफ दिखा दिया। प्रियंका ने कहा-अगर, प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो गहलोत सरकार ने जो भी जनहित की योजनाएं दी हैं, वह सब बंद कर देगी। इसलिए आप सोच समझकर ही वोट करें। प्रियंका गांधी ने कहा कि राजस्थान में जिस तरह 5 साल कांग्रेस सरकार ने राज किया, वैसी ही सरकार आपको वापस लानी है। जो आमजनता को राहत दे। इससे पहले प्रियंका गांधी ने राजस्थानी में भाषण की शुरुआत करते हुए डिग्गी कल्याणजी और धन्ना भगत के जयकारे लगवाए। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को राहत पहुंचाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब विदेश दौरे पर जाते हैं तो उसके बाद उन देशों से उन चुनिंदा उद्योगपतियों से काम मिलते हैं। उन्होंने कहा- मोदीजी अपने आपको भूमि पुत्र कहते थे और आज वो करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और पीएम पर सियासी आरोप लगाए। प्रियंका ने कहा- लोग सत्ता में आते ही भूल जाते हैं कि उन्हें सत्ता में कौन लाया है? महंगाई से आम जनता को निजात दिलाने के लिए राजस्थान सरकार राहत कैंप लगा रही है। महिलाओं को मोबाइल भी मिल रहा है। सरकार जो दे रही है, वह उनका हक है।




### केंद्र से पूछो इतनी महंगाई क्यों?

प्रियंका गांधी ने कहा, आज महंगाई चरम पर है। गैस सिलेंडर 1000 रुपए का है, इसे गरीब आदमी कैसे खरीदेगा? केंद्र सरकार से पूछना चाहिए इतनी महंगाई क्यों है? राजस्थान सरकार जनता को जो दे रही है वह पब्लिक का हक है। आज मैं एक लड़की से मिली, जिसके हाथ में मोबाइल था। उसने कहा कि मुझे गहलोत सरकार ने ये मोबाइल दिया है। राजस्थान सरकार मोबाइल दे रही है और भी कई चीजें दे रही है, राजस्थान सरकार आपको जो दे रही है, वो आपका हक है।

### असली देशभक्त कांग्रेस के लोग हैं

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेस के लोग असली देशभक्त हैं। कांग्रेस ने देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। बीजेपी वाले पूछते हैं 70 साल में क्या हुआ ? लेकिन इनका तो आजादी के वक्त जन्म भी नहीं हुआ था। केंद्र सरकार कांग्रेस को डरा नहीं सकी है। जब हम अंगेजों से नहीं डरे। तो हम सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी से भी डरने वाले नहीं हैं। केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को कल भेजेगी, तो आज ही भेज दे, हम डरेंगे नहीं, हम लड़ेंगे।

### ग्रामीण 1000 इंदिरा रसोईयों की शुरुआत, 10 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रियंका गांधी के हाथों राजस्थान में 1000 ग्रामीण इंदिरा गांधी नई रसोइयों की शुरुआत कराई। रिमोट का बटन दबाकर प्रियंका गांधी ने इस योजना की शुरुआत की। शहरों में 8 रुपए में भोजन थाली की योजना पहले से चल रही है। गांवों में भी इंदिरा रसोई का सस्ता खाना उपलब्ध करवाने की घोषणा सीएम अशोक गहलोत ने की थी। जिसे इंदिरा रसोई योजना ग्रामीण के नाम से शुरू किया गया है। इस योजना में 10 हज़ार ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलेगा। प्रियंका गांधी ने जन सभा से महिला वोटर्स को मैसेज देने की कोशिश की है।

### गहलोत बोले, गांधी परिवार से डरे हुए हैं मोदी और शाह



सीएम अशोक गहलोत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, राजस्थान सरकार ने हर क्षेत्र में फैसले लेने में कमी नहीं छोड़ी। जो घोषणाएं बजट में की थीं, उन सबको लागू कर दिया है। इस बार माहौल ऐसा बन गया है कि लगता है सरकार रिपीट होगी। सीएम बोले- मनरेगा ने पीएम की बोलती बंद कर दी। हमने यूपीए सरकार के बनाए कानूनों की तर्ज पर अधिकार आधारित युग की शुरुआत की है। राइट टू सोशल सिक्योरिटी कानून की दिशा में काम किया है। अब केंद्र सरकार भी यह कानून बनाए और प्रियंका गांधी इसकी पैरवी करें। सीएम ने कहा मैं पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि वो गांधी परिवार से डरे क्यों रहते हैं? आपको बार-बार गांधी परिवार का नाम लेने की जरूरत क्यों पड़ती है ? गांधी परिवार ने देश लिए कुर्बानियां दी हैं। जनता अब समझ चुकी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)